CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

देहरादून, शनिवार 13 दिसम्बर 2025 देहरादून संस्करण: वर्ष 25 अंक 126 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

अधिकतम : 18°C
न्यूनतम: 08°C

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | पौष कृष्ण पक्ष 8 विक्रमी सम्वत् 2082 | 21 जमादिउल उखरा 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित




सरकार का लक्ष्य युवाओं को रोजगार देने वाला बनाना : कपिल देव अग्रवाल पेज 2



महिला पहलवान विनेश फोगाट ने संन्यास वापस लिया खेल टाइम्स



सर्दियों में बालों को खुशबूदार बनाने के लिए हेयर परफ्यूम सम्पादकीय



पाकिस्तान में सोशल मीडिया पर कसेगा शिकंजा! पेज 12

# 2027 में होगी डिजिटल जनगणना

## केंद्रीय कैबिनेट का बड़ा फैसला एक नागरिक की जनगणना पर खर्च होंगे 97 रुपये

शाह टाइम्स ब्यूरो


**केंद्र ने जनगणना 2027 के लिए 11,718 करोड़ मंजूर किए, पहली बार डिजिटली होगा सेंसस**

**केंद्र सरकार मनरेगा योजना का नाम बदलेगी, इंश्योरेंस सेक्टर में एफडीआई 100 प्रतिशत तक होगी**

**कोयले का निर्यात करने की मंजूरी, कोल सेतु नामक एक नई विंडो बनाई गई**

**नई दिल्ली।** देश में 2027 में पहली बार जनगणना डिजिटली होगी। केंद्र सरकार ने शुक्रवार को कैबिनेट मीटिंग में इसके लिए 11,718.24 करोड़ रुपये की मंजूरी दी है। इसके मुताबिक एक व्यक्ति की जनगणना पर सरकार के करीब 97 रुपये खर्च होंगे।

दरअसल 2011 की जनगणना में भारत की आबादी लगभग 121 करोड़ थी। अगर इसे आधार माना जाए, तो एक व्यक्ति की गणना करने में करीब 97 रुपये खर्चा (11,718.24 करोड़ रुपये/121 करोड़ आबादी) आएगा। अगर 150 करोड़ अनुमानित जनसंख्या मानी जाए, तो प्रति व्यक्ति 78 रुपये खर्च होगा। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि 30 लाख कर्मचारी डिजिटल जनगणना पूरी करेंगे। यह सीएएएस सॉफ्टवेयर से होगी। इसका डिजाइन डेटा सुरक्षा को ध्यान में रखकर बनाया गया है। जनगणना दो फेज में होगी। फेज-1 (अप्रैल-सितम्बर 2026) में घरों की लिस्टिंग और गिनती होगी। फेज-2 (फरवरी 2027) में आबादी की गिनती होगी। केंद्र सरकार 19 साल पुरानी योजना महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) का नाम बदलकर 'पूज्य बापू ग्रामीण रोजगार योजना' करने की तैयारी कर रही है। सरकार जल्द ही इसका ऐलान कर सकती है। केंद्र सरकार ने इंश्योरेंस सेक्टर में फॉरेन डायरेक्ट इन्वेस्टमेंट (एफडीआई) की लिमिट 100 फीसदी करने का बिल पास कर दिया है। पहले यह 74 फीसदी था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कैबिनेट ने गुरुवार को इंश्योरेंस अमेंडमेंट बिल को -शेष पृष्ठ दो पर



### 2026 सीजन के लिए नारियल के MSP में इजाफा

**नई दिल्ली।** केंद्र की आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने 2026 सीजन के लिए नारियल के दोनों प्रकारों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में इजाफा कर दिया है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी।

श्री वैष्णव ने बताया कि किसानों को लाभकारी मूल्य उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 2026 सीजन के लिए नारियल गिरी मिलिंग ग्रेड के एमएसपी में 400 रुपये की और नारियल गोला के एमएसपी में 445 रुपये की बढ़ोतरी की गई है। इस बढ़ोतरी के बाद

**मिलिंग ग्रेड में 400, तो गोला के दाम 445 रुपये प्रति कुंतल बढ़े**

नारियल गिरी मिलिंग ग्रेड का नया एमएसपी 12027 प्रति कुंतल और नारियल गोला का नया एमएसपी 12500 प्रति कुंतल हो गया है। बढ़ा हुआ एमएसपी न केवल नारियल किसानों को बेहतर लाभकारी रिटर्न सुनिश्चित करेगा बल्कि किसानों को घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर नारियल उत्पादों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए भी प्रोत्साहित करेगा।

# इंडिगो पर एक्शन, चार फ्लाइट ऑपरेशन इंस्पेक्टर सस्पेंड

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने इंडिगो संकट मामले में चार फ्लाइट ऑपरेशन्स इंस्पेक्टर (एफओआई) पर कार्रवाई करते हुए उन्हें बर्खास्त कर दिया है।

डीजीसीए के 11 दिसम्बर को जारी आदेश में कहा गया है कि ये अधिकारी तत्काल प्रभाव से डीजीसीए की सेवा से मुक्त कर दिए गए हैं और अपने मूल संगठनों में वापस चले जाएंगे। जिन अधिकारियों पर कार्रवाई की गई है। उनमें कंसल्टेंट (डिप्टी चीफ एफओआई) ऋषिराज चटर्जी, सीनियर एफओआई सीमा झमनानी, कंसल्टेंट (एफओआई) अनिल कुमार पोखरियाल और कंसल्टेंट (एफओआई) प्रियम कौशिक शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि दिसम्बर के पहले सप्ताह में हजारों की संख्या में इंडिगो की उड़ानें रद्द की गईं, जिससे लोगों को भारी परेशानी का समाना करना पड़ा है।



### इंडिगो को 58.75 करोड़ का कर नोटिस

**नई दिल्ली।** दिसम्बर के पहले सप्ताह में हजारों की संख्या में उड़ानें रद्द करके लाखों यात्रियों की परेशानी का सबब बनी विमान सेवा कंपनी इंडिगो की मुश्किलें और बढ़ गई हैं, उसे सीजीएसटी से जुड़े एक मामले में 58.75 करोड़ रुपये का जुर्माना भरने का आदेश दिया गया है। इंडिगो ने शेयर बाजार को बताया कि उसे कर विभाग के दक्षिणी दिल्ली कमीशनरेट के अतिरिक्त सीजीएसटी आयुक्त से गुरुवार 11 दिसम्बर को यह नोटिस प्राप्त हुआ है।

### इंडिगो संकट की जांच करेगी अमेरिकी कंपनी

**नई दिल्ली।** निजी विमान सेवा कंपनी इंडिगो ने पिछले सप्ताह बड़ी संख्या में उड़ानें रद्द होने और उससे पहले बड़े पैमाने पर देरी के कारणों की जांच की जिम्मेदारी एक अमेरिकी कंपनी को सौंपी है। इंडिगो ने बताया कि निदेशक मंडल ने अमेरिकी कंपनी चीफ एविएशन एडवाइजर्स को तकनीकी जांच का जिम्मा सौंपने के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान कर दी है। यह जांच विमानन संरक्षा से जुड़े दिग्गज कैप्टन जॉन इलसन के नेतृत्व में होगी।

## संक्षिप्त समाचार

### पूर्व गृह मंत्री शिवराज पाटिल का निधन

**लातूर।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता और पूर्व केंद्रीय गृह मंत्री शिवराज पाटिल का शुक्रवार को 90 की उम्र में निधन हो गया। उन्होंने लातूर में सुबह 6.30 बजे अंतिम सांस ली। शिवराज पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। लातूर में उनके घर देवघर में उनका इलाज चल रहा था। रिपोर्ट्स के मुताबिक पाटिल का अंतिम संस्कार शनिवार को किया जाएगा। शिवराज के परिवार में उनके बेटे शैलेश, बहू अर्चना और दो पोतियां हैं।

### यूपी में विशेष पर्व पर 1 घंटे ज्यादा खुलेंगी मदिरा की दुकानें

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के आबकारी विभाग ने क्रिसमस और नववर्ष के मद्देनजर प्रदेशभर की सभी आबकारी फुटकर दुकानों का खोलने का समय बढ़ाने का निर्णय लिया है। आबकारी आयुक्त कार्यालय से जारी आदेश के अनुसार 24 और 25 दिसम्बर को क्रिसमस पर्व तथा 30 और 31 दिसम्बर को नववर्ष उत्सव के दौरान दुकानों के संचालन का समय सुबह 10 बजे से रात 11 बजे तक निर्धारित किया गया है। इससे पूर्व या आम दिनों में आबकारी की फुटकर दुकानें सुबह 10 बजे से रात 10 बजे तक खुलती थी।

### दिव्यांग के लिए पसंदीदा परीक्षा केंद्रों की सुविधा शुरू

**नई दिल्ली।** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने दिसम्बर 2025 से सभी दिव्यांग उम्मीदवारों के लिए पसंदीदा परीक्षा केंद्रों की सुविधा की शुरुआत की है, जिसके तहत वे अपनी पसंद के परीक्षा केंद्र चुन सकेंगे। आयोग ने इन उम्मीदवारों की अक्सर लॉजिस्टिक चुनौतियों और खास जरूरतों को देखते हुए फैसला लिया है कि हर दिव्यांग अभ्यर्थी को वही परीक्षा केंद्र दिया जाए, जिसे उन्होंने आवेदन प्रपत्र में अपनी पसंद के तौर पर बताया है।

# करूर भगदड़ की निष्पक्ष जांच होना जरूरी: सुप्रीम कोर्ट

## सुपरवाइजरी कमेटी में तमिलनाडु का कोई व्यक्ति शामिल नहीं होगा

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को करूर भगदड़ मामले में पहले दिए गए अपने निर्देश को बदलने से इन्कार कर दिया। अदालत ने निर्देश दोहराते हुए कहा कि सीबीआई जांच की निगरानी करने वाले सुपरवाइजरी कमेटी के सदस्य तमिलनाडु के मूल निवासी नहीं होंगे।

**कहा: इस फैसले को नहीं बदलेगी अदालत**

मामले की सुनवाई जस्टिस जेके माहेश्वरी और जस्टिस विजय बिश्नोई की बेंच ने की। विजय की पार्टी टीवीके की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ लूथरा ने सीबीआई जांच के आदेश पर आपत्ति जताई थी, लेकिन कोर्ट ने कोई बदलाव नहीं किया। सुनवाई के दौरान जस्टिस माहेश्वरी ने कहा कि हम चाहते हैं कि सब कुछ निष्पक्ष हो। सुप्रीम कोर्ट ने 13 अक्टूबर के अपने फैसले को याद किया और बताया कि यह कमेटी जांच को पूरी तरह निष्पक्ष बनाने के लिए बनाई गई थी।

### भूकंप के खतरों पर दिशा निर्देश नहीं दे सकते

### बेंच ने याचिकाकर्ता से पूछा: क्या सबको चांद पर भेज दें

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को देशभर में भूकंप से जुड़े खतरों को कम करने के लिए दिशा-निर्देश जारी करने की मांग वाली याचिका को खारिज कर दिया। अदालत ने कहा कि यह मामला सरकार की नीति से जुड़ा है और कोर्ट इसमें दखल नहीं दे सकता। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने याचिका की सुनवाई की।



याचिकाकर्ता ने दावा किया था कि पहले सिर्फ दिल्ली को उच्च भूकंप का हाई-रिस्क जोन माना जाता था, लेकिन अब नए आकलन के अनुसार देश की 75 फीसदी आबादी हाई-रिस्क जोन में रहती है। इसके जवाब में जस्टिस नाथ ने कहा, तो क्या हम सबको चांद पर भेज दें? वहीं जब याचिकाकर्ता ने जापान में आए हालिया भूकंप का हवाला दिया, तो कोर्ट ने कहा कि पहले हमें भारत में ज्वालामुखी लाने होंगे, तभी जापान से तुलना हो सकती है। याचिकाकर्ता ने कहा कि सरकार को भूकंप से होने वाले नुकसान को कम करने के लिए तुरंत कदम उठाने चाहिए। अदालत ने यह बात मानने से इन्कार कर दिया और कहा कि यह सरकार का काम है, कोर्ट नहीं कर सकता।

### गोवा अग्निकांड: क्लब मालिकों को भारत लाया जा रहा

**नई दिल्ली।** गोवा के नाइट क्लब बर्च बाय रोमियो लेन आग मामले में मुख्य आरोपी सौरभ लूथरा और गौरव लूथरा को थाईलैंड से भारत लाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। थाईलैंड पुलिस ने गुरुवार (11 दिसम्बर) को फुकेट में दोनों भाइयों को हिरासत में लिया था। थाई पुलिस अब दोनों को बैंकॉक के सुवर्णभूमि एयरपोर्ट ले गई है। यहां दोनों को भारतीय एजेंसियां अपनी कस्टडी में लेंगी। इसके बाद उन्हें सुआन फू इमिग्रेशन डिटेंशन सेंटर ले जाया जाएगा। पासपोर्ट रद्द होने के कारण भारतीय दूतावास इनके लिए इमरजेंसी ट्रैवल सर्टिफिकेट जारी करेगा। चूंकि, थाईलैंड से गोवा के लिए सीधी उड़ान नहीं है, इसलिए लूथरा ब्रदर्स को बैंकॉक से पहले दिल्ली, फिर गोवा ले जाया जाएगा। इस पूरी प्रक्रिया में करीब 4 दिन लगेंगे। सोमवार तक दोनों भाइयों के दिल्ली पहुंचने की संभावना है। दिल्ली पहुंचते ही गोवा पुलिस दोनों को हिरासत में लेगी। इधर, लूथरा ब्रदर्स को लेकर एक नया खुलासा हुआ है

# संसद में सत्ता पक्ष की हमने धज्जियां उड़ा दीं: राहुल गांधी



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि संसद में वंदे मातरम और मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर हुई चर्चा के दौरान कांग्रेस तथा विपक्षी गठबंधन के सदस्यों ने जिस तरह सत्ता पक्ष की धज्जियां उड़ाई हैं और इससे भाजपा तथा उसके नेताओं की जो स्थिति थी वह देखकर उन्हें बहुत अच्छा लगा है।

श्री गांधी ने शुक्रवार को संसद भवन परिसर में पत्रकारों के सवालों पर कहा कि विपक्षी गठबंधन के सदस्यों ने इन दोनों मुद्दों पर हुई चर्चा के दौरान सत्ता पक्ष की धज्जियां उड़ाई हैं और गृह मंत्री अमित शाह इससे मानसिक रूप से बहुत परेशान थे।

### राहुल ने पार्टी के लोकसभा सदस्यों के साथ बैठक की

**नई दिल्ली।** राहुल गांधी ने संसद की कार्यवाही शुरू होने से पहले यहां पार्टी के लोकसभा सांसदों की बैठक बुलाकर सदन में कांग्रेस की रणनीति को लेकर चर्चा की। श्री गांधी ने पार्टी के लोकसभा सांसदों की यह बैठक संसद भवन एनेक्सी के ऑडिटोरियम हॉल में आयोजित की।

### जुबीन गर्ग केस: 3500 पेज की चार्जशीट दाखिल

**गुवाहाटी।** असम के सिंगर जुबीन गर्ग की मौत के मामले में स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (एसआईटी) ने शुक्रवार को गुवाहाटी के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सीजेएम) कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की। वकीलों के मुताबिक चार्जशीट में नार्थ ईस्ट इंडिया फेस्टिवल के मुख्य आयोजक श्यामकानु महंत, सिद्धार्थ शर्मा, शेखर ज्योति गोस्वामी और अमृतप्रवा महंत पर जुबीन की हत्या का आरोप लगाया गया है। वहीं जुबीन गर्ग के चचेरे भाई और सस्पेंड पुलिस अधिकारी संदीपन गर्ग पर गैर इरादतन हत्या का आरोप लगाया गया है। करीब 3,500 पेज की चार्जशीट और उससे जुड़े सबूत चार ट्रंक में भरकर कोर्ट लाए गए। नौ सदस्यीय एसआईटी छह गाड़ियों के काफिले में कोर्ट पहुंची। इस मामले में अब तक 7 लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। जुबीन गर्ग की 19 सितम्बर को सिंगापुर में समुद्र में तैरते समय रहस्यमय हालात में मौत हुई थी।

# 18.79 लाख भारतीयों ने त्यागी नागरिकता

## 2022 में सर्वाधिक 2,25,620 भारतीयों ने छोड़ी नागरिकता, 13 वर्षों में हुई रिकॉर्ड बढ़ोतरी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून/काशीपुर।** पिछले 13 वर्षों में भारतीय नागरिकता छोड़ने वाले लोगों की संख्या लगातार बढ़ती गई है और अब यह आंकड़ा 18.79 लाख तक पहुंच चुका है। वर्ष 2011 से 2023 के बीच कुल 18,79,699 भारतीयों ने स्वेच्छा से अपनी नागरिकता त्यागकर 135 देशों की नागरिकता अपनाई है।

यह खुलासा उत्तराखंड के काशीपुर निवासी सूचना अधिकार कार्यकर्ता नदीम उद्दीन (एडवोकेट) को विदेश मंत्रालय की ओर से उपलब्ध कराई गई सूचना से हुआ है। नदीम उद्दीन ने विदेश मंत्रालय से यह जानकारी मांगी थी कि वर्ष 2011 से अब तक कितने भारतीयों ने अपनी नागरिकता छोड़ी है। इसके उत्तर में विदेश मंत्रालय के जन सूचना अधिकारी/अवर सचिव तरुण कुमार ने राज्यसभा में सांसद कपिल सिब्बल और डा. जोहान बिट्स द्वारा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर का इंटरनेट लिंक उपलब्ध कराया। लिंक से दस्तावेज डाउनलोड करने पर 13 वर्षों का विस्तृत डेटा सामने आया। 2022 और 2023 में सबसे अधिक नागरिकता छोड़ने के मामले सामने आए हैं। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, 2022 और 2023 नागरिकता त्यागने के मामले में सबसे अधिक रहे। 2022 में सर्वाधिक 2,25,620 भारतीयों ने नागरिकता छोड़ी, जो 13 वर्षों में सबसे बड़ा आंकड़ा है। 2023 में 2,16,219 लोगों ने भारतीय नागरिकता त्यागी, जो 2022 के बाद दूसरा सबसे बड़ा आंकड़ा है। वहीं कोविड काल वाले साल 2020 में सबसे कम 85,256 लोगों ने भारतीय नागरिकता छोड़ी।



### वर्षवार नागरिकता छोड़ने का पूरा ब्योरा

(2011-2023) 2011-1,22,819 2012- 1,20,923 2013- 1,31,405 2014- 1,29,328 2015- 1,31,489 2016- 1,41,603 2017- 1,33,049 2018- 1,34,561 2019- 1,44,017 2020- 85,256 2021- 1,63,370 2022- 2,25,620 2023- 2,16,219

### 135 देशों की नागरिकता अपनाई

भारतीयों ने दुनिया के 135 देशों की नागरिकता ग्रहण की है। इसमें पड़ोसी देशों से लेकर विकसित और आर्थिक रूप से समृद्ध देशों तक शामिल हैं। बांग्लादेश, म्यांमार, नेपाल, पाकिस्तान, श्रीलंका, अमेरिका, ब्रिटेन रूस, चीन, फ्रांस, जर्मनी, इटली, जापान, सऊदी अरब, कतर, ओमान, तुर्की, इराक, ईरान, यमन, मलेशिया, मालदीव, केन्या, जम्बिया, कज़ाकस्तान, साउथ अफ्रीका व सूडान आदि की नागरिकता ली है।

### नागरिकता छोड़ने का बढ़ता रुझान चिंता या अवसर?

विशेषज्ञों के अनुसार, बड़ी संख्या में भारतीयों का विदेशी नागरिकता अपनाना बेहतर अवसरों, शिक्षा, जीवनशैली और आर्थिक संभावनाओं की खोज से जुड़ा हुआ है। हालांकि यह भी एक तथ्य है कि लगातार बढ़ती यह संख्या देश में 'ब्रेन ड्रेन' और प्रतिभा पलायन को लेकर चिंताएं भी बढ़ाती है।

# अवैध कफ सिरप मामले में ईडी के तीन राज्यों में 25 ठिकानों पर छापे

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को कथित अवैध कफ सिरप के निर्माता से जुड़े धन शोधन के मामले में तीन राज्यों के 25 ठिकानों पर छापे मारे। ये छापे शुक्रवार सुबह 7:30 बजे शुरू हुए और मुख्य आरोपी शुभम जायसवाल, उसके सहयोगी आलोक सिंह और अमित सिंह, तथा चार्टर्ड अकाउंटेंट विष्णु अग्रवाल से संबंधित परिसरों पर कार्रवाई की गई।

ईडी उन आरोपी कफ सिरप निर्माताओं के ठिकानों पर भी कार्रवाई कर रही है जिन पर धोखाधड़ी करके कफ सिरप की आपूर्ति की और इसके अवैध व्यापार को बढ़ावा दिया। ये छापे उत्तर प्रदेश के लखनऊ, वाराणसी, जौनपुर, सहारनपुर तथा पड़ोसी राज्य झारखंड की राजधानी रांची तथा गुजरात की राजधानी अहमदाबाद में मारे गए।

**मुख्य आरोपी शुभम व उसके सहयोगियों पर कार्रवाई**

सूत्रों के अनुसार, ईडी की टीमें इन विभिन्न स्थानों पर वित्तीय लेनदेन से संबंधित दस्तावेजों, डिजिटल रिकॉर्ड और कई अन्य महत्वपूर्ण साक्ष्यों की जांच कर रही हैं। गौरतलब है कि ईडी ने पिछले दो महीनों में उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों लखनऊ, वाराणसी, सोनभद्र, सहारनपुर और गाजियाबाद में दर्ज 30 से अधिक प्राथमिकियों के आधार पर यह मामला दर्ज किया है। ये मामले कोडीन-आधारित कफ सिरप के अवैध भंडारण, परिवहन, व्यापार और सीमा पार तस्करी से संबंधित हैं। इस काले व्यापार से करीब एक हजार करोड़ रुपये से अधिक की आय होने का अंदाजा लगाया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### विदेशी मुद्रा भंडार बढकर 687.26 अरब डॉलर पर पहुंचा

**मुंबई।** सोने का भंडार बढ़ने से देश का विदेशी मुद्रा भंडार 05 दिसम्बर को समाप्त सप्ताह में 1.033 अरब डॉलर बढ़कर 687.26 अरब डॉलर पर पहुंच गया। इससे पहले लगातार दो सप्ताह इसमें गिरावट देखी गई थी। गत 28 नवंबर को समाप्त सप्ताह में यह 1.877 अरब डॉलर घटकर 686.227 अरब डॉलर रहा था। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को बताया कि 05 दिसम्बर को समाप्त सप्ताह में स्वर्ण भंडार 1.188 अरब डॉलर बढ़कर 106.984 अरब डॉलर हो गया। यह सात सप्ताह का उच्चतम स्तर है। वहीं, विदेशी मुद्रा भंडार का सबसे बड़ा घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति आलोच्य सप्ताह में 15.1 करोड़ डॉलर घटकर 556.88 अरब डॉलर रह गई। इनमें अमेरिकी डॉलर के साथ ब्रितानी पाउंड, यूरो और जापानी येन भी शामिल हैं। इनका मूल्य डॉलर के मुकाबले इनकी संदर्भ दर के आधार पर तय होता है।

### मोदी, खड़गे-राहुल व प्रियंका ने पाटिल के निधन पर जताया शोक

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महाराष्ट्र से कांग्रेस के दिग्गज नेता एवं पूर्व केंद्रीय गृह मंत्री शिवराज पाटिल के निधन पर शोक व्यक्त किया है। मोदी ने शुक्रवार को सोशल मीडिया एक्स पर अपने शोक संदेश में लिखा, श्री शिवराज पाटिल जी के निधन से दुख हुआ। दुख की इस घड़ी में मेरी संवेदनाएं। वहीं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी तथा पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने शुक्रवार को पूर्व केंद्रीय मंत्री शिवराज पाटिल के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए शोकाकुल परि. जनों के प्रति संवेदना व्यक्त की। खड़गे ने कहा कि वे मेरे सम्मानित वरिष्ठ सहयोगी थे, जिनके साथ मेरे घनिष्ठ संबंध रहे और कई यादगार पल हैं।

# यूपी भाजपा के नए प्रदेशाध्यक्ष के निर्वाचन की आधिकारिक घोषणा

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश भारतीय जनता पार्टी में संगठनात्मक चुनाव की औपचारिक प्रक्रिया अब आधिकारिक रूप से शुरू हो गई है। परिस्थितियां बयां कर रही हैं कि 16 दिसम्बर खरमास से पहले भाजपा अपना प्रदेश अध्यक्ष चुन लेगी।

पार्टी के वरिष्ठ नेता महेंद्र नाथ पांडेय ने बताया कि 13 दिसम्बर को प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए नामांकन दाखिल किए जाएंगे। नामांकन प्रक्रिया दोपहर एक बजे से दो बजे तक भाजपा के राज्य मुख्यालय, लखनऊ में आयोजित होगी। केंद्रीय चुनाव पर्यवेक्षक विनोद तावड़े की मौजूदगी में नामांकन पत्र लिए जाएंगे। वहीं, केंद्रीय चुनाव अधिकारी पीयूष गोयल 14 दिसम्बर को निर्वाचन प्रक्रिया पूरी कराएंगे। उसी दिन प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव की औपचारिक घोषणा भी कर दी जाएगी। भाजपा के भीतर लंबे समय से चल रही अध्यक्ष चयन प्रक्रिया अब निर्णायक चरण में पहुंच गई है, और

■ 16 दिसम्बर से पहले चुन लिया जाएगा प्रदेश अध्यक्ष

पार्टी नेतृत्व 2027 विधानसभा चुनावों को दृष्टिगत रखते हुए नए अध्यक्ष के नाम को अंतिम रूप देने जा रहा है। गौरतलब है कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चुनने की संवैधानिक प्रक्रिया के तहत सबसे पहले प्रांतीय परिषद के सदस्य तय किए जाते हैं। 403 विधानसभा क्षेत्रों से एक-एक सदस्य चुना जाता है। हालांकि यह वहीं से चुने जाते हैं जहां के जिलाध्यक्ष घोषित हो चुके होते हैं। भाजपा ने 98 जिलों में प्रदेश को बांटा हुआ है। प्रदेश अध्यक्ष चुनाव के लिए केवल 50 प्रतिशत से अधिक जिलाध्यक्षों का चयन जरूरी था, जबकि वर्तमान में 86 प्रतिशत जिलाध्यक्षों का चयन हो चुका है। इसी प्रकार 1918 मंडलों में से 1600 से अधिक में चुनाव संपन्न हो चुके हैं। प्रदेश अध्यक्ष के नामांकन में प्रस्तावक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, दोनों उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक और संगठन के प्रमुख नेता शामिल हो सकते हैं।

## यूपी सरकार का लक्ष्य युवाओं को रोजगार देने वाला बनाना : कपिलदेव

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के कौशल विकास राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि प्रदेश को विकसित राज्य बनाने के लिए युवाओं को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, क्वांटम टेक्नोलॉजी, सेमीकंडक्टर, ग्रीन हाइड्रोजन, ड्रोन तथा अन्य भविष्यगत तकनीकों में प्रशिक्षित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य युवाओं को रोजगार पाने वाला ही नहीं, बल्कि रोजगार देने वाला बनाना है। इसी उद्देश्य से आईटीआई और पॉलिटेक्निक संस्थानों में बाजार की मांग के अनुसार नए कोर्स शुरू किए जा रहे हैं। शुक्रवार को योजना भवन, लखनऊ में राज्य स्तरीय विचार-मंथन सम्मेलन आयोजित किया गया। राज्य मंत्री ने कहा कि इन प्रयासों से भारत को 6 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनने में गति मिलेगी और यूपी विकसित भारत की रीढ़ बनेगा। मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी ने कहा कि विकसित भारत के विजन में उत्तर प्रदेश की भूमिका केंद्रीय है, इसलिए मानव पूंजी को मजबूत बनाने तथा उच्च स्तरीय तकनीकी प्रशिक्षण उपलब्ध कराने में बजट की कोई कमी आड़े नहीं आने दी जाएगी। जेएन सिंह ने आईटीआई पॉलिटेक्निक को विकसित उत्तर प्रदेश 2047 की नींव बताया।

# बढ़ती जनसंख्या से देश मजदूर राष्ट्र न बन जाए: राकेश टिकैत

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने देश में जनसंख्या नियंत्रण को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि भारत को तेजी से बढ़ती आबादी की चुनौती को गंभीरता से लेना होगा, वरना आने वाले दशकों में हालात मुश्किल हो सकते हैं। टिकैत का कहना है कि जनसंख्या नियंत्रण कानून बनना चाहिए और सरकार को इस पर तुरंत कदम उठाना चाहिए।

टिकैत ने कहा कि देश में जनसंख्या नियंत्रण कानून लागू किया जाना चाहिए, नहीं तो अगले 100 वर्षों में देश की क्या स्थिति होगी? क्या यह मजदूर देश बन जाएगा? सरकारों ने अपने कर्तव्यों की उपेक्षा की है। टिकैत का मानना है कि आबादी जिस तेजी से बढ़ रही है, उससे संसाधनों पर दबाव लगातार बढ़ता जा रहा है। उन्होंने कहा कि खेती-किसानी से लेकर रोजमर्रा की जरूरतों तक हर क्षेत्र में जनसंख्या का असर साफ दिख रहा है। उनकी दलील है कि अगर अभी कोई ठोस नीति नहीं बनाई गई, तो आने वाले समय में रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य और जमीन जैसे बुनियादी मुद्दे और गंभीर हो जाएंगे।

# यूपी पंचायत चुनाव बैलेट पेपर से कराने को याचिका

प्रयागराज, वार्ता

■ मजिस्ट्रेट कोर्ट में तैनात पेशकार ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की

त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों में नोटा लागू करने और बैलेट पेपर पर प्रत्याशी का नाम छापने की मांग वाली जनहित याचिका हाईकोर्ट में दाखिल हुई। इसमें ग्रामीण मतदाताओं की सुविधा का हवाला दिया गया है। याचिका में दो प्रमुख मांगें रखी गई हैं। पंचायत चुनावों में नोटा का विकल्प लागू किया जाए और बैलेट पेपर पर चुनाव चिन्ह के साथ प्रत्याशी का नाम भी अनिवार्य रूप से छापा जाए।

मजिस्ट्रेट कोर्ट में पेशकार नरेश कुमार मौर्य ने अधिवक्ताओं देवी प्रसाद त्रिपाठी और देवीशंकर पांडेय के माध्यम से हाईकोर्ट में यह जनहित याचिका दायर की है। उनका कहना है कि ग्रामीण क्षेत्र के मतदाता सिर्फ चुनाव चिन्ह देखकर उम्मीदवार चुनने को मजबूर होते हैं, जिससे कई बार सही प्रत्याशी का चयन मुश्किल हो जाता है। यह भी दावा किया गया है कि बैलेट पेपर पर सिर्फ चुनाव चिन्ह होता है, नाम नहीं। अधिवक्ताओं का कहना है कि लोकसभा और विधानसभा चुनावों में नोटा का विकल्प उपलब्ध है, लेकिन पंचायत चुनावों में यह सुविधा नहीं है। मामला न्यायमूर्ति राजन रॉय और न्यायमूर्ति इंद्रजीत शुक्ला की खंडपीठ के समक्ष सूचीबद्ध है, वहीं विस्तृत याचिका की सुनवाई चीफ जस्टिस दिवाकर प्रसाद सिंह और न्यायमूर्ति बृजेश सिंह की बेंच करेगी। चुनाव आयोग ने कहा है कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों के लिए करीब 60 करोड़ बैलेट पेपर की जरूरत पड़ेगी। आयोग का दावा है कि बैलेट पेपर पहले ही छप चुके हैं, दोबारा मतपत्र छपवाना संभव नहीं है और इससे चुनाव समय पर कराना कठिन हो जाएगा।

## कफ सिरप मामले में यूपी में 25 ठिकानों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई

# सहारनपुर समेत छह शहरों में ईडी ने मारी रेड

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ निलंबित एसटीएफ जवान आलोक प्रताप सिंह के आवास पर चलाया लंबा तलाशी अभियान

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में कोडीन आधारित कफ सिरप की अवैध तस्करी पर प्रहार करते हुए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को छह शहरों में एक साथ छापेमारी की कार्रवाई शुरू की। मनी लॉन्ड्रिंग जांच के तहत की गई इस कार्रवाई में एजेंसी ने कुल 25 ठिकानों पर तलाशी ली और कई अहम दस्तावेज जब्त किए।

सूत्रों के अनुसार, शुक्रवार तड़के ईडी की टीमें लखनऊ, वाराणसी, रांची, अहमदाबाद, जौनपुर और सहारनपुर में सक्रिय हुईं। लखनऊ में एजेंसी ने इस सिंडिकेट से जुड़े माने जा रहे निलंबित एसटीएफ कांस्टेबल आलोक प्रताप सिंह के आलीशान आवास पर लंबी तलाशी ली। सुशांत गोल्फ सिटी स्थित घर से अधिकारी कई संदिग्ध दस्तावेज, बैंक लेनदेन रिकॉर्ड, डिजिटल डिवाइस और कथित हवाला कनेक्शन से जुड़े कागजात अपने कब्जे में ले गए। आलोक प्रताप सिंह इस समय एसटीएफ की हिरासत में है। उधर, इसी मामले में एक दिन पहले पुलिस ने भगोड़े चल रहे दीपक मनवानी के दो साथियों सूरज मिश्रा और प्रीतम सिंह को गिरफ्तार किया। मनवानी को 11 अक्टूबर को ड्रग विभाग और पुलिस की संयुक्त छापेमारी में बड़ी मात्रा में कोडीन सिरप, टैबलेट, कैप्सूल और इंजेक्शन के साथ पकड़ा गया था। एसीपी कृष्णा नगर रजनीश वर्मा ने बताया कि पूछताछ में मनवानी ने स्वीकार किया था कि अवैध दवाएं वह सूरज और प्रीतम से खरीदकर नशेड़ियों को बेचता था। उसका एक अन्य सहयोगी अरुष सक्सेना अभी भी फरार है। गुरुवार को पुलिस ने सूरज को वीआईपी रोड के पास बैकुंठ धाम से और प्रीतम को बाशाहनगर से दबोचा। सूरज, सीतापुर के अटरिया सदनपुर का रहने वाला है और 'न्यू मंगलम आयुर्वेदिक' नाम की दवा एजेंसी चलाता है। प्रीतम, बहराइच के बड़ी राजा गांव का निवासी है और पुरानिया स्थित पारिवारिक रेस्तरां में काम करता है। कोडीन आधारित दवाओं की अवैध सप्लाई चेन को ध्वस्त करने के लिए अभियान लगातार तेज हो रहा है। जांच एजेंसियों का कहना है कि यह नेटवर्क राज्य में तेजी से फैल रहा था, जिसे जड़ से खत्म करने के लिए समन्वित कार्रवाई जारी रहेगी।

## 50 करोड़ की ठगी करने वाला मास्टरमाइंड गिरफ्तार

**आगरा।** उत्तर प्रदेश के आगरा में पुलिस ने क्रिप्टो करेंसी में निवेश के नाम पर 50 करोड़ की ठगी का पुलिस ने खुलासा करते हुए मास्टरमाइंड अजय को गिरफ्तार किया है। शुक्रवार थाना साइबर में जब अजय पकड़ा गया, तो कई पीड़ित पहुंच गए। पुलिस ने बताया कि अजय और उसके साथियों ने क्रिप्टो करेंसी के नाम पर फर्जी वेबसाइट बनाई। अजय और उसके साथी बड़े बड़े होटलों में सेमिनार आयोजित किया करते थे। सेमिनार में लोगों को क्रिप्टो में निवेश करने पर रकम को कई गुना करने का झांसा देते थे इसके अलावा प्रत्येक व्यक्ति को प्रभावित करके अन्य लोगों को भी जोड़ने पर लालच दिया करते थे। अजय और उसके गैंग ने अब तक 1500 लोगों को ठगी का शिकार बनाया है। पुलिस के मुताबिक अजय अलीगढ़ का रहने वाला है और कोविड महामारी के बाद अजय और उसके साथियों ने पूरी योजना बनाई। नोएडा में संपर्क करके वेबसाइड बनाई। जो लोग क्रिप्टो में इन्वेस्ट करते थे उसका लेखा जोखा वेबसाइड पर दिखाई देता था। धीरे धीरे करके लोग जुड़ते गए और लाखों रुपये इन्वेस्ट करते गए। कुछ लोगों को लाभ के साथ रकम वापस की ताकि भरोसा कायम रह सके और लोगों में विश्वास जाग जाए।



सेंसेक्स 85267.00
निफ्टी 26046.95



सोना रु. 133967
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 200362
प्रति किलो



# शेयर बाजार लगातार दूसरे दिन चढ़े

मुंबई, वार्ता



■ सेंसेक्स 85.267 अंक और निफ्टी 26046.95 अंक पर बंद हुआ

विदेशों से मिले सकारात्मक संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजारों में शुक्रवार को लगातार दूसरे दिन तेजी रही। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 449.53 अंक (0.53) प्रतिशत की बढ़त में 85,267 अंक पर बंद हुआ।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 148.40 अंक यानी 0.57 प्रतिशत चढ़कर 26,046.95 अंक पर पहुंच गया। गुरुवार को भी सेंसेक्स 427 अंक और निफ्टी 141 अंक चढ़ गया था। मंझौली और छोटी कंपनियों में भी निवेशकों ने विश्वास दिखाया। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 1.09 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचक. ांक 0.94 फीसदी चढ़ा। एफएमसीजी और मीडिया को छोड़कर अन्य समूहों में लिवाली का जोर रहा। धातु, रियलिटी और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद समूहों के सूचकांक ज्यादा चढ़े। एनएसई में कुल 3,195 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ। इनमें 2,071 के शेयरों में तेजी और 1,036 में गिरावट रही। अन्य 88 कंपनियों के शेयर अंततः अपरिवर्तित बंद हुए। सेंसेक्स की कंपनियों में टाटा स्टील का शेयर 3.34 प्रतिशत चढ़ा। इटरनल में 2.37 फीसदी और अल्ट्राटेक सीमेंट में 2.25 फीसदी की तेजी रही। एलएंडटी का शेयर 1.71 प्रतिशत, मारुति सुजुकी का 1.59, भारती एयरटेल का 1.47, अडानी पोर्ट्स का 1.28, बजाज फाइनेंस का 1.15, एक्सिस बैंक का 1.09 प्रतिशत और बजाज फिनसर्व का 1.01 प्रतिशत चढ़ गया। टाइटन, टीसीएस, एनटीपीसी, रिलायंस इंडस्ट्रीज, ट्रेंट, टेक महिंद्रा, आईसीआईसीआई बैंक, बीईएल और महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर भी हरे निशान में बंद हुए।

हिंदुस्तान यूनीलिवर का शेयर 1.89 फीसदी टूटा। सनफार्मा में 0.70 प्रतिशत, आईटीसी में 0.63 प्रतिशत और एशियन पेंट्स में 0.49 प्रतिशत की गिरावट रही। वैश्विक स्तर पर एशिया में हांगकांग का हैंगसेंग 1.75 प्रतिशत, जापान का निक्केई 1.37 प्रतिशत और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.41 प्रतिशत की बढ़त में बंद हुआ। यूरोपीय बाजारों में शुरुआती कारोबार में ब्रिटेन का एफटीएसई 0.35 फीसदी और जर्मनी का डैक्स 0.33 प्रतिशत ऊपर था।

## चांदी पहली बार दो लाख के पार सोना भी ऑल टाइम हाई पर

**नई दिल्ली।** शुक्रवार को सोने-चांदी ने एक बार फिर सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए। एमसीएक्स पर 24 कैरेट गोल्ड 1.34 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम के करीब पहुंच गया। जबकि चांदी पहली बार 2 लाख रुपए के पार पहुंच गई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज यानी एमसीएक्स पर 5 फरवरी 2026 एक्सपायरी वाला सोना शुक्रवार को 2.40 बजे के आसपास अपने ऑल टाइम हाई पर पहुंच गया। इसमें 1.06 फीसदी की बढ़त के साथ 1399 रुपए की बढ़ोतरी दर्ज हुई और यह 1,33,868 रुपए पर ट्रेड करने लगा। ट्रेडिंग के दौरान यह 1,33,967 रुपए के साथ ऑल टाइम हाई पर पहुंच गया, जबकि दिन का लो लेवल 1,32,275 रुपए रहा।

खबर लिखे जाने तक चांदी 2,00,250 रुपए पर ट्रेड कर रही थी। इस दौरान इसका हाई लेवल 2,00,362 और लो लेवल 1,96,956 रुपए रहा। जबकि पिछले दिन यह 1,98,942 रुपए पर क्लोज हुई थी। देश के महानगरों पटना में 24 कैरेट सोने का भाव 133,680 रुपये प्रति 19 ग्राम रहा, जबकि जयपुर में 133,740, कानपुर में 133,790, लखनऊ में 133,790, भोपाल में 133,900, इंदौर में 133,900 , चंडीगढ़ में 133,890 और रायपुर में 133,840 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा। इंडिया बुलियन एंज ज्वैलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) पर भी सोना-चांदी में जबरदस्त तेजी देखने को मिली। आईबीजेए के रेट्स के मुताबिक शुक्रवार सुबह 24 कैरेट गोल्ड की कीमत में 2034 रुपए का उछाल आया और पिछले दिन के मुकाबले कीमत 1,30,569 रुपए हो गई।

## उप्र में अनुदान पर सोलर पंप प्राप्त करने के लिए 15 तक करें आवेदन

लखनऊ, वार्ता

उत्तर प्रदेश सरकार ने कृषि क्षेत्र में ऊर्जा आत्मनिर्भरता बढ़ाने और सिचाई लागत कम करने के उद्देश्य से 'प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा व उत्थान महाभियान द्धपीएम कुसुमऋ' के अंतर्गत वर्ष 2025-26 में प्रदेश के किसानों को 40,521 सोलर पंप अनुदान पर उपलब्ध कराने की घोषणा की है।

योजना का लाभ उठाने के इच्छुक किसान 15 दिसम्बर तक कृषि विभाग की आधिकारिक वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। योजना के तहत केवल वही किसान पात्र होंगे, जिन्होंने पोर्टल पर पूर्व पंजीकरण कराया है। लाभार्थियों के चयन की प्रक्रिया ई-लॉटरी के माध्यम से की जाएगी। राज्य सरकार ने इस योजना के सुचारू संचालन के लिए 20227-50 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत की है। सरकार का मानना है कि सोलर पंप ग्रामीण क्षेत्रों में सिचाई के लिए किफायती, पर्यावरण-अनुकूल और निर्बाध ऊर्जा का साधन प्रदान करेंगे, जिससे किसानों का उत्पादन और आय दोनों में वृद्धि होगी। इस वर्ष उपलब्ध कराए जाने वाले सोलर पंपों पर केंद्र एवं राज्य सरकारों द्वारा बड़े पैमाने पर अनुदान दिया जा रहा है। विभिन्न श्रेणियों के पंपों पर अनुमोदित अनुदान में 2 एचपी डीसी/एसी सरफेस पंप पर 98,593 तक का अनुदान, 2 एचपी डीसी सबमर्सिबल पंप पर 1,00,215 का अनुदान, 2 एचपी एसी सबमर्सिबल पंप पर 99,947 का अनुदान, 3 एचपी डीसी सबमर्सिबल पंप पर 1,33,621, 3 एचपी एसी सबमर्सिबल पंप पर 1,32,314 रुपये द्धराज्यांश 77,618 व केंद्रांश 54,696ऋ, 5 एचपी एसी सबमर्सिबल पंप पर 1,88,038 रुपये, 7-5 एचपी और 10 एचपी एसी सबमर्सिबल पंप पर अधिकतम 2,54,983 रुपये का अनुदान द्धराज्यांश 1,40,780, केंद्रांश 1,14,203ऋ होगा। ऑनलाइन आवेदन के साथ किसानों को सोलर पंप की बुकिंग लिंक के माध्यम से करनी होगी। बुकिंग की पुष्टि के बाद पंजीकृत मोबाइल नंबर पर संदेश भेजा जाएगा, जिसके पश्चात किसान को अनुदान घटने के बाद शेष राशि ऑनलाइन जमा करनी होगी।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**2027 में होगी...**

मंजूरी दी। अब विदेशी कंपनियां पूरी तरह भारतीय इंश्योरेंस फर्म्स की मालिक बन सकेंगी। बिल विंटर सेशन में पेश होगा, जो 19 दिसम्बर को खत्म हो रहा है। वहीं सरकार ने कोयला क्षेत्र में किए जा रहे सुधारों की श्रृंखला में एक और कड़ी जोड़ते हुए शुक्रवार को इसके निर्यात को मंजूरी दे दी। केंद्रीय सूचना प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को बताया कि केंद्रीय मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति ने कोयले के निर्बाध, कुशल और पारदर्शी उपयोग के लिए नीलामी नीति (कोल सेतु) को मंजूरी दे दी है। इसके तहत 'कोल सेतु विंडो' नामक एक नई विंडो बनाई गई है, जिससे कोयले का उपयोग किसी भी औद्योगिक उपयोग और निर्यात के लिए किया जा सकेगा। यह नई नीति सरकार द्वारा कोयला क्षेत्र में किए जा रहे सुधारों की श्रृंखला में एक और कड़ी जोड़ती है। उन्होंने कहा कि इस नीति के तहत औद्योगिक उपयोग और निर्यात के लिए दीर्घकालिक आधार पर नीलामी के लिए कोयला लिंकेज का आवंटन किया जाएगा। इसके लिए 2016 की गैर-विनियमित क्षेत्र (एनआरएस) लिंकेज नीलामी नीति में कोल सेतु नामक एक अलग विंडो जोड़ी गई है, जिसमें कोयले की आवश्यकता वाले कोई भी घरेलू खरीदार लिंकेज नीलामी में भाग ले सकते हैं। राष्ट्रीय संसाधन उद्योगों (एनआरएस) के लिए कोयला लिंकेज की नीलामी की मौजूदा नीति के तहत सीमेंट, इस्पात (कोकिंग), स्पंज आयरन, एल्युमीनियम और अन्य (उर्वरक (यूरिया) को छोड़कर) सहित सभी नए कोयला लिंकेज का आवंटन एनआरएस को नीलामी के आधार पर किया जाएगा। वर्तमान एनआरएस लिंकेज नीति के अनुसार, उप-क्षेत्र केवल निर्दिष्ट अंतिम उपयोगकर्ताओं के लिए हैं। उन्होंने कहा कि इस विंडो के तहत प्राप्त कोयला लिंकेज का उपयोग स्वयं के उपभोग, कोयले के निर्यात या देश में पुनर्विक्रय को छोड़कर किसी अन्य उद्देश्य (कोयले की धुलाई सहित) के लिए किया जा सकता है। कोयला लिंकेज धारक अपनी कोयला लिंकेज मात्रा के 50 प्रतिशत तक कोयले का निर्यात करने के पात्र होंगे। कोयला लिंकेज धारक इस विंडो के तहत प्राप्त कोयले का उपयोग अपनी समूह कंपनियों के बीच आवश्यकतानुसार लचीले ढंग से कर सकते हैं। भविष्य में धुले हुए कोयले की बढ़ती मांग को देखते हुए वाशरी संचालकों को दिए गए कोयला लिंकेज से देश में धुले हुए कोयले की उपलब्धता बढ़ेगी और परिणामस्वरूप आयात कम होगा। इसके अलावा, धुले हुए कोयले के खरीदार देश के बाहर भी मिलेंगे, इसलिए धुले हुए कोयले का उपयोग निर्यात के लिए भी किया जा सकता है।

# यूपी में 52 वेटलैंड्स पर पर्यटन सुविधाओं के विकास पर बनी सहमति

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में इको-टूरिज्म को नई दिशा देने के उद्देश्य से पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह तथा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) वन, पर्यावरण, जंतु उद्यान एवं जलवायु परिवर्तन विभाग अरुण कुमार सक्सेना की संयुक्त बैठक शुक्रवार को पर्यटन निदेशालय में संपन्न हुई।

बैठक में प्रदेश के चारों टाइगर रिजर्व, 10 रामसर साइट्स और विभिन्न वेटलैंड्स को एकीकृत रूप से विकसित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही प्रदेश को आगामी वर्षों में वाइल्ड लाइफ टूरिज्म हब के रूप में स्थापित करने के लिए रोडमैप पर विस्तृत चर्चा हुई। श्री सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश पर्यटन के नए आयाम स्थापित कर रहा है। समग्र, जिम्मेदार और सतत पर्यटन विकास के लिए वन एवं पर्यावरण विभाग का सहयोग अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि सरकार समस्या नहीं, समाधान केंद्रित दृष्टिकोण के साथ इको-टूरिज्म विकास को विश्वस्तरीय मानकों के अनुरूप आगे बढ़ा रही है। बैठक में दुधवा, पीलीभीत, अमानगढ़ और रानीपुर टाइगर रिजर्व सहित प्रदेश की 10 रामसर साइट्स नवाबगंज, पार्वती आर्गा, समान, समसपुर, सांडी, सरसई नावर, सूर सरोवर, ऊपरी गंगा, बखिरा तथा हैदरपुर वेटलैंड को आधुनिक इको-टूरिज्म मॉडल के रूप में विक. सित करने पर विशेष चर्चा हुई। इन स्थलों पर प्रवेश द्वार, नेचर ट्रेल, वॉच टावर, साइनेज, कॉटेज, कैंटीन, गजीबो, स्वागत कक्ष और आरओ सहित पर्यटक सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण हेतु वित्तपोषण की आवश्यकता भी प्रस्तुत की गई। इको-टूरिज्म गाइड, ड्राइवर, हॉस्पिटैलिटी स्टाफ के प्रशिक्षण तथा वन विभाग की सहमति से कंसल्टेंट नियुक्त करने के प्रस्ताव पर भी सहमति बनी। प्रदेश सरकार वित्तीय वर्ष 2026-27 में इको-टूरिज्म को नई पहचान देने की तैयारी में है। बरेली के नगर वन और कन्नौज के लाख बहोसी पक्षी विहार को उन्नत रूप में विकसित करने की योजनाओं पर तेजी से कार्य किया जा रहा है। बैठक में बर्ड सर्किट सूर सरोवर (आगरा), शेखा झील (अलीगढ़), रपड़ी वेटलैंड (फिरोजाबाद), सरसई नावर (इटावा) व लाख बहोसी वेटलैंड (कन्नौज) के समग्र विकास पर भी महत्वपूर्ण सुझाव रखे गए। वन मंत्री अरुण कुमार सक्सेना ने कहा कि प्रदेश की प्राकृतिक धरोहर को सुरक्षित रखते हुए उसे वैश्विक पर्यटन आकर्षण के रूप में विकसित करना सरकार का लक्ष्य है। इको-टूरिज्म स्थानीय समुदायों को रोजगार प्रदान करने के साथ प्रकृति संरक्षण की भावना को भी सुदृढ़ करता है। उन्होंने कहा कि टाइगर रिजर्व और रामसर साइट्स पर चल रहे विकास कार्यों से उत्तर प्रदेश 'नेचर-बेस्ड टूरिज्म' का राष्ट्रीय मॉडल बनेगा।

# देशभर में 3 लाख 55 हजार वक्फ संपत्तियां गायब:पीडीपी



■ जेएंडके की पूर्व सीएम का आरोप

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री और पीपल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने आरोप लगाया है कि नए उम्मीद डेटाबेस के अनुसार देश भर में 3.55 लाख वक्फ प्रॉपर्टी गायब हैं।

महबूबा मुफ्ती ने शुक्रवार को एक्स पर कहा कि पूरे देश में 3.55 लाख से ज्यादा वक्फ प्रॉपर्टी गायब हैं, अकेले जेएंडके में नए उम्मीद डेटाबेस में 7,240 एंट्री गायब हो गई हैं। ये कमियां वक्फ एसेट्स की ट्रांसपेरेंसी और सुरक्षा पर गंभीर सवाल उठाती हैं। हिंसा, तोड़फोड़ और वोट न मिलने के पैटर्न के साथ वक्फ जमीन का कटाव मुसलमानों के खिलाफ सबसे नया झटका लगता है, यह कहां खत्म होगा? उन्होंने नए उम्मीद डेटाबेस का एक स्क्रीनशॉट भी अटैच किया, जो 9 दिसंबर, 2024 और 6 दिसंबर, 2025 को पोस्ट किए गए आंकड़ों के बीच का अंतर दिखाता है। मुफ्ती द्वारा पोस्ट किए गए स्क्रीनशॉट के अनुसार महाराष्ट्र, अंडमान और निकोबार आइलैंड, दिल्ली, बिहार और तेलंगाना को छोड़कर, जहां पिछले साल की तुलना में वक्फ प्रॉपर्टीज में बढ़ोतरी हुई है। इसके साथ ही बाकी सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में नेगेटिव अंतर दिखा है, जिससे यह इंप्रेशन मिलता है कि एक साल में वक्फ प्रॉपर्टीज में भारी कमी आई है।

# उत्तराखंड में रिवर्स पलायन 44 प्रतिशत बढ़ा: सीएम

**प्रमुख संवाददाता शाह टाइम्स**

**नैनीताल/देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को लेटीबुंगा मैदान, ग्राम पंचायत शशबनी, नैनीताल में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग करते हुए 112 करोड़ 34 लाख रुपये की कुल 17 विकास योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम स्थल पर महिला स्वयं सहायता समूहों एवं विभागों की और से लगाए गए स्टालों का भी निरीक्षण कर महिला उत्पादों की सराहना की।

मुख्यमंत्री ने घोषणा कि की भीमताल क्षेत्र के कई गांवो भीड़ापानी, नाई, डालकन्या, देवनगर, सिलौटी, सुन्दरखाल में मिनी स्टेडियम का निर्माण किया जाएगा। ओखलकांडा के करायल बैण्ड-टकुरा वन चौकी रोड का डामरीकरण किया जाएगा। भीमताल बाईपास नहर कवरिंग का शेष कार्य पूर्ण कराया जाएगा। भीमताल में नई पार्किंग और नया रोडवेज बस स्टेशन स्थापित होगी। भीमताल नगर में अग्निशमन केंद्र खोला जाएगा। नौकुचियाताल-खड़की खरौला रोड का मिलान किया जाएगा। कसियालेख-काफली-पदीकनाला रोड का डामरीकरण किया जाएगा।



■ मुख्यमंत्री ने किया 112 करोड़ की योजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास, महिला स्वयं सहायता समूहों की और से लगाए गए स्टालों को सराहा, भीड़ापानी, नाई, डालकन्या, देवनगर, सिलौटी व सुन्दरखाल में बनेगा मिनी स्टेडियम

बडोन-सिमलिया-साननी मोटर मार्ग का मिलान किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि क्षेत्रीय विधायक द्वारा उठाए गए मुख्य मार्ग-10 की खराब स्थिति पर तत्काल संज्ञान लेते हुए लगभग 9.5 करोड़ रुपये सड़क पुनर्निर्माण हेतु स्वीकृत किए गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहाड़ों से पलायन रोकने के लिए 'एक जनपद-दो उत्पाद', 'हाउस ऑफ हिमालयाज', 'स्टेट मिलेट मिशन', 'होमस्टे', 'वेड इन उत्तराखंड' जैसी योजनाएँ स्थानीय अर्थव्यवस्था को नई ऊर्जा दे रही हैं। पलायन आयोग की नवीन रिपोर्ट में रिवर्स पलायन में 44 प्रतिशत की बढ़ोतरी, बेरोजगारी दर में 4.4 प्रतिशत कमी, तथा नीति आयोग के एसडीजी इंडेक्स में देश में प्रथम स्थान उत्तराखंड को प्राप्त हुआ है। इस अवसर पर अध्यक्ष जिला पंचायत दीपा दरमवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, ब्लॉक प्रमुख धारी भावना आर्या, ओखलकांडा केडी रूबाली, जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल, एसपी यातायात जगद. ीश चंद्र सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि गणमान्य नागरिक एवं स्थानीय जनता आदि मौजूद रही।

# सैन्य अधिकारियों को तैयार करने में सैनिक स्कूल की अहम भूमिका : सीएम

■ कहा- सैनिक स्कूल घोड़ाखाल ने राष्ट्र को अनुशासन और राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत युवा देने में रचा स्वर्णिम इतिहास

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नैनीताल।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को नैनीताल जिले के भवाली स्थित सैनिक स्कूल घोड़ाखाल के हीरक जयंती समारोह का विधिवत उद्घाटन किया। उन्होंने बच्चों से विभिन्न क्षेत्रों में जाकर देश एवम् राज्य, शिक्षकों, अभिभावकों का नाम रोशन करने का आह्वान किया।

मुख्यमंत्री ने विद्यालय के बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि यह स्कूल न सिर्फ हमारे राज्य बल्कि पूरे देश के सबसे प्रतिष्ठित संस्थानों में से एक है, उन्होंने कहा कि ये वो संस्था है, जिसने दशकों से राष्ट्र को अनुशासन, परिश्रम और अदम्य राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत युवा प्रदान किए हैं और जिसके बारे में बचपन से मैं स्वयं सुनता आया हूँ। उन्होंने कहा कि यह सैनिक स्कूल उत्कृष्टता की परंपरा और उच्चतम मानकों के साथ सैन्य अधिकारियों को तैयार करने में अपना जो योगदान देता आया है वो अद्वितीय है। इस स्कूल की जितनी प्रशंसा की जाए, कम है। यहां से निकले हुए छात्र न केवल भारतीय सेना में बल्कि अन्य क्षेत्रों में भी महत्वपूर्ण दायित्वों का निर्वहन कर देश की सेवा कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि घोड़ाखाल की मिट्टी में जो जज्बा है, वो यहाँ पढ़ने वाले बाकी छात्रों से अलग खड़ा करता है। यही जज्बा आप सभी को आगे चलकर भारतीय सेना, नौसेना और वायुसेना में श्रेष्ठ अधिकारी के रूप में देश की सेवा के लिए तैयार करता है। उन्होंने कहा कि सैनिक स्कूल घोड़ाखाल ने राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) में सर्वाधिक प्रविष्टियाँ देने का रिकॉर्ड भी स्थापित किया है। इस उपलब्धि को हासिल करना और रक्षा मंत्री ट्रॉफी को 10वीं बार जीतना, सैनिक स्कूल घोड़ाखाल के कैडेट्स, शिक्षकों और संस्थान के नेतृत्व की लगन, अनुशासन और दृढ़ संकल्प का परिचायक है। इस दौरान बेस्ट जूनियर हाउस, बेस्ट सीनियर हाउस, सी.हाउस आदि के विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विधायक नैनीताल सरिता आर्या, विधायक राम सिंह कैड़ा, ब्लॉक प्रमुख डॉ. हरीश बिष्ट, मंडलायुक्त दीपक रावत, आईजी रिद्धिम अग्रवाल, जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल, एसएसपी डॉ.मंजूनाथ टीसी सहित विद्यार्थी, अभिभावक आदि उपस्थित थे।

# उत्तराखंड में हुआ आईपीएस अधिकारियों का बड़ा फेरबदल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड शासन ने भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के वरिष्ठ अधिकारियों के पदभार में तत्काल प्रभाव से व्यापक परिवर्तन किए हैं। आईपीएस अधिकारियों के फेर बदल के चलते कई अधिकारियों से पुरानी जिम्मेदारियाँ वापस लेकर उन्हें नई और विशिष्ट भूमिकाएँ सौंपी गई हैं।आईपीएस विम्मि सचदेवा से पुलिस महानिरीक्षक मुख्यालय हटाकर परोविजनिग एवं मॉडर्नाइजेशन का जिम्मा सौंपा गया है। नीरू गर्ग को पी/एटी के प्रभार से मुक्त कर पुलिस महानिरीक्षक, फायर सर्विस के रूप में कार्य सौंपा, कृष्ण कुमार वी.के. से सी.आई.डी. का प्रभार हटा लिया गया है, करन सिंह नगन्याल को पुलिस महानिरीक्षक अभिसूचना एवं सुरक्षा सहित कारागार कि जिम्मेदारी दी गई है। तेज तर्रार आईपीएस अरुण मोहन जोशी से एस.डी.आर.एफ. का प्रभार वापस लिया गया है, और उन्हें पुलिस महा. निरीक्षक, सीआईडी बनाया गया।

नीलेश आनंद भरणे के कार्य भार में भी अतिरिक्त महानिरीक्षक पीएससी का जिम्मा सौंपा गया। निवेदिता कुक. रेती से फायर सर्विस और अपर सचिव, गृह का प्रभार हटाकर उन्हें पुलिस उपमहानिरीक्षक, एस.डी. आर.एफ. के पद पर स्थानांतरित किया गया है। शशासन ने फील्ड ड्यूटी में बदलाव करते हुए यशवन्त सिंह को 31वीं वाहिनी पी.ए.सी., रुद्रपुर के सेनानायक पद के साथ आई.आर.बी. प्रथम, रामनगर का सेनानायक बनाया गया है।तृप्ति भट्ट को हरिद्वार की 40वीं वाहिनी, जी. आर.पी. और ए.टी.एस. के प्रभार से मुक्त कर, उन्हें पुलिस अधीक्षक, फायर सर्विस के रूप में तैनात किया गया है।रामचन्द्र राजगुरु को सेनानायक, आई.आर.बी. प्रथम, रामनगर के पद से हटाकर पुलिस अधीक्षक, पुलिस मुख्यालय बनाया गया है। मुख्तार मोहसिन को पुलिस महानिरीक्षक जीआरपी बनाया गया तो वही सरिता डोबाल अब अभिसूचना के प्रभार सहित पुलिस अधीक्षक, ए. टी.एस की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी संभालेंगी।हरीश वर्मा को पुलिस अधीक्षक (क्षेत्रीय) हल्द्वानी के पद से हटाकर सेनानायक, 40वीं वाहिनी पी. ए.सी., हरिद्वार के रूप में नया चार्ज दिया गया है।पुराने पदों को हटाकर नई भूमिकाओं में तैनाती की यह प्रक्रिया प्रशासनिक दक्षता और पुलिस बल के आधुनिकीकरण पर सरकार के ध्यान को दर्शाती है। मुख्तार मोहसिन व योगेंद्र सिंह के पदनामों में औपचारिक बदलाव हुए हैं।

# प्रदेश की आर्थिक प्रगति में कृषि एवं बागवानी का बड़ा योगदान होगा : जोशी

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** कृषि मंत्री गणेश जोशी ने आज यमुना कॉलोनी स्थित ऑफिसर्स क्लब में आयोजित उत्तराखण्ड कृषि कर्मचारी संघ सप्तम् द्विवार्षिक प्रांतीय अधिवेशन में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक रूप से दीप प्रज्वलन के साथ किया गया।



■ कृषि मंत्री हुए उत्तराखण्ड कृषि कर्मचारी संघ सप्तम् द्विवार्षिक प्रांतीय अधिवेशन कार्यक्रम में शामिल

अधिवेशन को संबोधित करते हुए कृषि मंत्री गणेश जोशी ने संघ के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों को बधाई दी और कहा कि किसी भी विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उस तंत्र की रीढ़ होते हैं।

उन्होंने कहा कि जनकल्याणकारी योजनाओं को संवेदनशीलता और पारदर्शिता के साथ जमीनी स्तर तक पहुँचाने में अधिकारी और कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है।कृषि मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि आने वाले समय में प्रदेश की आर्थिक प्रगति में कृषि एवं बाग. वानी (हॉर्टिकल्चर) का बड़ा योगदान होगा। मंत्री जोशी ने यह भी उल्लेख किया कि भारत सरकार द्वारा खाद्यान्न उत्पादन के क्षेत्र में उत्तराखण्ड को तीन बार कृषि कर्मण पुरस्कार से सम्मानित किया गया। साथ ही वर्ष 2022, 2023 एवं 2024 में जैविक कृषि के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रदेश को लगातार ष्जैविक इंडिया अवार्डष मिला है, जो विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों की समर्पित कार्यशैली का परिणाम है।

अधिवेशन के दौरान उत्तराखण्ड कृषि कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने मंत्री गणेश जोशी को अपना 16 सूत्रीय मांग पत्र भी सौंपा। मंत्री जोशी ने सभी न्यायोचित मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई करने और त्वरित समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाने का भरोसा दिलाया।इस अवसर पर प्रान्तीय अध्यक्ष के.सी. मिश्र, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनीष भट्ट, प्रान्तीय महामंत्री मुकेश ध्यानी, अपर कृषि निदेशक ए.के. उपाध्याय सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# स्वास्थ्य विभाग को मिले 10 और नए विशेषज्ञ चिकित्सक

■ विभागीय मंत्री डॉ. रावत ने दिया तैनाती प्रस्ताव को मंजूरी, प्रदेश के दूरस्थ क्षेत्रों में मजबूत होंगी स्वास्थ्य सेवाएं





स्थानीय स्तर पर विशेषज्ञ चिकित्सकों की मांग के प्रति राज्य सरकार संजीदा है। चिकित्सा इकाईयों में विशेषज्ञ चिकित्सकों की निरंतर तैनाती की जा रही है। इसी क्रम में स्वास्थ्य विभाग को 10 और विशेषज्ञ चिकित्सक मिल गये हैं। जिन्हें प्रदेश की विभिन्न चिकित्सा इकाईयों तैनाती दे दी गई है। विशेषज्ञ चिकित्सकों की तैनाती से स्वास्थ्य सेवाओं को नई गति मिलेगी और आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिलेगा। –
**डॉ. धन सिंह रावत, स्वास्थ्य मंत्री, उत्तराखंड।**

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** सूबे के चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग को 10 और विशेषज्ञ चिकित्सक मिल गये हैं। पीएमएचएस संवर्ग के इन विशेषज्ञ चिकित्सकों की नवीन तैनाती को स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने अनुमोदन दे दिया है। पीजी कोर्स पूर्ण करने के उपरांत इन विशेषज्ञ चिकित्सकों को इनकी विशेषज्ञता को देखते हुये प्रदेशभर के विभिन्न चिकित्सालयों में तैनाती दी गई है।

विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति से जहां प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाएं और मजबूत होगी वहीं दूरस्थ व ग्रामीण क्षेत्रों में स्थानीय लोगों को बेहतर उपचार मिल सकेगा।

प्रदेश में विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी को दूर करने के लिये राज्य सरकार प्रत्येक स्तर पर काम कर रही है। सरकार द्वारा चिकित्सा इकाईयों में विशेषज्ञ सेवाओं के विस्तार के साथ ही विशेषज्ञ चिकित्सकों की निरंतर तैनाती की जा रही है ताकि स्थानीय स्तर पर आम लोगों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हो सके। इसी कड़ी में स्वास्थ्य विभाग को 10 और विशेष चिकित्सक मिल गये हैं।

जिसमें एमडी पथौलॉजी व एमडी कम्यूनिटी मेडिसिन में 2-2, जबकि एमडी मेडिसिन, एमडी एनेस्थिसिया, डीएनबी फैमली मेडिसिन, फैमली मेडिसिन, अस्थि रोग विशेषज्ञ एवं नेत्र सर्जन के 1-1 विशेषज्ञ चिकित्सक शामिल हैं। पोस्ट ग्रेजुएशन पाठ्यक्रम पूरा करने के बाद राज्य सेवा में लौटे इन विशेषज्ञ चिकित्सकों की नवीन तैनाती को सूबे के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने मंजूरी दे दी है। विशेषज्ञ चिकित्सकों को उनके विशेषज्ञता के अनुरूप प्रदेश के दूरस्थ क्षेत्रों के विभिन्न चिकित्सा इकाईयों में रिक्त पदों के सापेक्ष तैनाती दी गई है।

जिसमें डॉ. नेहा कल्पासी व डॉ. आयुषी चौहान को जिला चिकित्सालय पिथौरागढ़, डॉ. विकास थलेड़ी को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गैरसैंण, डॉ. जयशंकर को उप जिला चिकित्सालय श्रीनगर, डॉ. अनुराधा हयांकी व डॉ. सृष्टि भारती को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चौखुटिया, डॉ. अनुराग अग्रवाल व डॉ. दीपक शर्मा को उप जिला चिकित्सालय काशीपुर, डॉ. चेतन अग्रवाल को जिला चिकित्सालय रूद्रप्रयाग तथा डॉ. स्नेही कल्याल को बेस अस्पताल हल्द्वानी में तैनाती दी गई है।

# मुख्य सचिव की अध्यक्षता में हुई रोप-विकास समिति की बैठक

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन की अध्यक्षता में शुक्रवार को सचिवालय में प्रदेश में रोप-वे विकास के लिए गठित संचालन समिति की आयोजित हुयी। बैठक के दौरान प्रदेश में रोप-वे निर्माण को लेकर महत्त्वपूर्ण निर्णय लिए गए।मुख्य सचिव ने कहा कि रोप-वे विकास समिति की प्रथम बोर्ड बैठक इस माह के अंत तक अनिवार्य रूप से आयोजित कर ली जाए। उन्होंने कहा कि इस समिति के लिए सचिव पर्यटन, सदस्य सचिव होंगे। उन्होंने एनएचएलएमएल को एसपीवी का सीईओ एक सप्ताह के भीतर नियुक्त किए जाने के निर्देश दिए, ताकि दिसम्बर माह के अंत तक प्रथम बोर्ड बैठक आयोजित की जा सके।



■ प्रदेश में सभी रोप-वे प्रस्तावों को इस समिति से स्वीकृति लेना अनिवार्य: मुख्य सचिव, काठगोदाम से हनुमानगढ़ी मंदिर प्रोजेक्ट में कैंचीधाम को भी शामिल

मुख्य सचिव ने कहा कि प्रदेश में बनने वाले सभी रोप-वे प्रस्तावों को इस समिति से स्वीकृति लेना अनिवार्य होगा, ताकि अलग-अलग एजेन्सियों द्वारा तैयार किए जा रहे प्रोजेक्ट्स में डुप्लीकेसी न हो। उन्होंने निर्देश दिए कि रोप-वे के सभी बड़े प्रोजेक्ट्स बनने से अगले 5-10 सालों में स्थानीय स्तर पर जिन नए पर्यटक स्थलों का विकास, मार्गों का विस्तारीकरण किए जाने की आवश्यकता है, उनके लिए अभी से रोडमैप तैयार कर लिया जाए। उन्होंने उत्तराखण्ड रोप-वे विकास लिमिटेड के रोड मैप पर भी चर्चा की।

बैठक में बताया गया कि प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेशभर से 50 रोप-वे प्रस्तावित किए गए हैं। जिनमें से कुल 6 प्रस्तावों को प्राथमिकता के आधार पर चयनित किया गया है। इसमें सोनप्रयाग से केदारनाथ और गोविन्दघाट से हेमकुण्ट साहिब प्रोजेक्ट्स का कार्य आबंटन कर दिया गया है। काठगोदाम से हनुमानगढ़ी मंदिर (नैनीताल) अनुमोदन के चरण में है। बताया गया कि कनकचौरी से कार्तिक स्वामी तक रोप-वे की डीपीआर तैयार की जा रही है। रैथल बारसू से बरनाला (उत्तरकाशी) और जोशीमठ-औली-गौरसों रोप-वे की डीपीआर के लिए निविदा प्रक्रिया गतिमान है।मुख्य सचिव ने कहा कि शुरूआत में इन 6 प्रोजेक्ट्स पर ही फोकस किया जाए। उन्होंने सोनप्रयाग से केदारनाथ एवं गोविन्दघाट से हेमकुण्ट साहिब रोप-वे प्रोजेक्ट्स की प्रत्येक स्टेज की टाईमलाईन और पर्ट चार्ट तैयार किए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने वन एवं वन्यजीव स्वीकृतियों की प्रक्रिया में तेजी जाए लाने की बात भी कही। कहा कि रोप-वे निर्माण के लिए हैवी मशीनरी निर्माण स्थल तक पहुंचाना चुनौतिपूर्ण होगा। इसके लिए सड़कों का टर्निंग रेडियस बढ़ाए जाने एवं पुलों का मजबूतीकरण के लिए आवश्यक कदम अभी से उठा लिए जाएं। मुख्य सचिव ने काठगोदाम से हनुमानगढ़ी मंदिर प्रोजेक्ट में कैंचीधाम को भी शामिल किए जाने के निर्देश दिए हैं।कहा कि कैंचीधाम के लिए लगातार बढ़ती श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए वहां रोप-वे प्रोजेक्ट की सम्भावनाओं को तलाशा जाए।इस अवसर पर सचिव दिलीप जावलकर, डॉ. पंकज कुमार पाण्डेय, धीराज सिंह गर्ब्याल एवं अपर सचिव अभिषेक रूहेला एवं एनएचएलएमएल से प्रशांत जैन सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# वक्फ रिकॉर्ड अपडेट के लिए समय सीमा बढ़ी

**प्रमुख संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** गढ़वाल मंडल के समस्त वक्फ प्रबन्धनों के लिए राहत भरी खबर है। वक्फ अधिकरण ने मंडल के वक्फ संबंधी अभिलेखों व सूचनाओं के संकलन और अपलोडिंग के लिए 6 फरवरी तक अतिरिक्त समय प्रदान किया है। यह निर्णय वक्फ संपत्तियों से संबंधित सभी आवश्यक विवरणों के सुचारू संकलन को देखते हुए लिया गया है।

■ अब 6 फरवरी तक उम्मीद पोर्टल पर अपलोड होंगे अभिलेख

इस विस्तार की औपचारिक सूचना भारत सरकार को प्रेषित की जा रही है, जिसके बाद पोर्टल पर सूचनाएँ दर्ज करने की प्रक्रिया फिर से प्रारंभ कर दी जाएगी।

उल्लेखनीय है कि उम्मीद पोर्टल पर अभिलेख अपलोड करने की समय सीमा 5 दिसंबर तक तय की गई थी, मगर र्स्वर खराब होने और अन्य तकनीकी खराबियों व मुतवल्लियों की सुस्ती के चलते मात्र 50 फीसदी जायदादों के अभीलेख ही उम्मीद पोर्टल पर अपलोड हो सके थे, जिसके बाद उत्तराखण्ड वक्फ बोर्ड की और से वक्फ ट्रिब्यूनल का दरवा. जा खड़खड़ाया गया। विगत दिवस बोर्ड की ओर से एससी विरमानी के जूनियर अधिवक्ता सैफुल्लाह ने पेरवी की। जिला न्यायधीश व अध्यक्ष वक्फ अधिकरण गढ़वाल मंडल प्रेम सिंह खिमाल व अपर जिलाधिकारी व सदस्य वक्फ अधिकरण गढ़वाल मंडल कृष्ण कुमार मिश्र ने सुनवाई के बाद आदेश दिया कि वक्फ प्रबन्धन से जुड़े सभी मुतवल्लियों और समितियों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने-अपने वक्फ से संबंधित सभी आवश्यक अभिलेख और सूचनाएँ समय से तैयार रखें। 31 जनवरी तक सभी वक्फ प्रबन्धनों को अपनी सूचनाएँ पोर्टल पर दर्ज करानी होंगी। इसके बाद चेकर एवं अप्रूवर की और से दस्तावेजों के सत्यापन का कार्य किया जाएगा, जिसे 6 फरवरी तक पूर्ण कर लिया जाएगा।सूचनाएँ समय पर न मिलने से प्रभावित हो सकता है रिकॉर्ड विभागीय अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि यह अंतिम अवसर है। यदि निर्धारित समयावधि में सूचनाएँ अपलोड नहीं की जातीं, तो संबंधित वक्फ का रिकॉर्ड अधूरा रह सकता है, जिसका प्रतिकूल प्रभाव आगे होने वाली प्रक्रियाओं और योजनाओं पर पड़ सकता है।वक्फ प्रबन्धन से जुड़े सभी जिम्मेदार व्यक्तियों से अपील की गई है कि वे समयसीमा का पालन करते हुए आवश्यक दस्तावेजों को संकलित कर जल्द से जल्द पोर्टल पर अपलोड सुनिश्चित करें, ताकि वक्फ की संपत्तियों का अद्यतन रिकॉर्ड तैयार किया जा सके।

# सर्दियों में इस बार ज्यादा हावी रहेगी 'ला नीना'

■ अमेरिकी संस्था जलवायु पूर्वानुमान केंद्र ने जारी की घोषणा

**अफजल हुसैन फौजी**

**नैनीताल।** इस बार सर्दियों में ला नीना कुछ ज्यादा ही हावी रहने वाला है। संयुक्त राज्य अमेरिका की संस्था जलवायु पूर्वानुमान केंद्र ने घोषणा की है। इसका सर्वाधिक असर संयुक्त राज्य अमेरिका पर रहेगा, ला जबकि भारत समेत एशियाई देश भी प्रचंड ठंड से अछूते नहीं रहेंगे।

अमेरिकी जलवायु पूर्वानुमान केंद्र की जारी रिपोर्ट के अनुसार ला नीना पिछले महीने से सक्रिय होने से मध्य और पूर्वी भूमध्यरेखीय प्रशांत महासागर में समुद्र की सतह का तापमान औसत से नीचे गिरने लगा है। जिस कारण ला नीना का असर अधिक रहने की संभावना बनी रहेगी। इसका असर दुनिया भर की जलवायु पर पड़ेगा । जहां तक बर्फबारी और बारिश की बात है तो दुनिया के कई देशों में सर्दियों के दौरान जमकर बारिश होने की संभावना रहेगी, जबकि बर्फबारी वाले क्षेत्रों में बर्फबारी जमकर होगी। पूर्वानुमान केंद्र ने संभावना जताई है कि इस बार पढ़ने वाली ठंड पिछली कई वर्षों की सर्दियों का रिकॉर्ड तोड़ डालेगी। एशियाई देश भी इसके प्रभाव में रहेंगे। ला नीना का भारत में दिसंबर व जनवरी में सर्वाधिक असर रहेगा, जो फरवरी तक जा सकता है। ला नीना के चलते पश्चिमी विक्षोभ अधिक सक्रिय रहेंगे। जिस कारण मैदानी भागों में, खासकर उत्तर भारत में अधिक बारिश की संभावना रहेगी, जबकि हिमालय समेत पर्वतीय क्षेत्रों में बर्फबारी जमकर होने की उम्मीद रहेगी।



**इंसेट नैनीताल और मसूरी में बर्फ गिरने की प्रबल संभावना**

नैनीताल : आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के वरिष्ठ वायुमंडलीय वैज्ञानिक डॉ नरेंद्र सिंह ने बताया कि इस बार नैनीताल और मसूरी में बर्फ गिरने की प्रबल संभावना जताई जा सकती। यूएस और यूरोपियन समेत दुनिया के मौसम संगठनों की नजर ला नीना पर बनी हुई है। जलवायु पूर्वानुमान केंद्र का ताजा पूर्वानुमान ला नीना के अधिक सक्रिय रहने की चेतावनी जारी करदी है। भारत भी इसके असर से प्रभावित रहेगा। जिस कारण ठंड, बारिश और बर्फबारी के साथ सर्दियां बीतेगी। प्रदूषण वाले हिस्सों में तापमान में अधिक गिरावट रहेगी। जिस कारण मैदानी भागों में कड़ाके की ठंड की संभावना रहेगी।

# स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी के लिए भूमि को मिली केंद्र की मंजूरी

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** केंद्र सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी बनाने के लिए जमीन की उपलब्धता के बारे में उत्तराखंड सरकार के प्रस्ताव पर सैद्धांतिक सहमति प्रदान कर दी है। हल्द्वानी वन प्रभाग के अंतर्गत गोलापार स्थित 12.317 हेक्टेयर वन भूमि पर स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी का निर्माण होगा।

यह जानकारी देते हुए खेल मंत्री रेखा आर्या ने बताया कि यह भूमि रिजर्व फॉरेस्ट के रूप में चिह्नित है और इसे स्थानांतरित करने को लेकर काफी समय से गतिरोध बना हुआ था।



■ वन विभाग की जमीन को लेकर बना प्रतिरोध हुआ दूर, 2026 के सत्र से कक्षा शुरू करने की तैयारी

पत्र में वन संरक्षण एवं संवर्धन अधिनियम 1980 की धारा-2 के तहत यह मंजूरी दी गई है। इसमें स्पष्ट किया गया है कि वन भूमि का कानूनी दर्जा अपरिवर्तित रहेगा और कोई अतिरिक्त मार्ग नहीं बनाया जाएगा।

खेल मंत्री रेखा आर्या ने बताया कि उन्होंने विभागीय अधिकारियों को इस सैद्धांतिक सहमति को अंतिम अनुमति में बदलने के लिए जरूरी शर्तों के जल्द से जल्द अनुपालन के निर्देश जारी कर दिए हैं।

खेल मंत्री रेखा आर्या बताया कि अब विश्वविद्यालय निर्माण की गतिविधि तेजी के साथ शुरू की जाएगी जिससे कि हम 2026 के सत्र में कक्षाएं शुरू कर सकें।

साथ ही खेल मंत्री रेखा आर्य ने प्रदेश के सभी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए केंद्र सरकार का आभार जताया और कहा कि धामी सरकार की मेहनत लायी रंग।

# देहरादून में होगा जनसंपर्क का 'महाकुंभ'

**देहरादून** 13 से 15 दिसंबर तक देशभर के जनसंपर्क एवं कम्युनिक. ेशन प्रोफेशनल्स के भव्य संगम का केंद्र बनने जा रहा है, जब पब्लिक रिलेशंस सोसाइटी ऑफ इंडिया की 47वीं ऑल इंडिया पब्लिक रिलेशंस कॉन्फ्रेंस यहां आयोजित की जाएगी। राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजीत पाठक के अनुसार यह जनसंपर्क क्षेत्र की देश की सबसे बड़ी और प्रतिष्ठित वार्षिक कॉन्फ्रेंस है, जिसमें सरकारी विभागों, कॉर्पोरेट, पीएसयू, अकाद. मिक संस्थानों और मीडिया जगत से बड़ी संख्या में प्रतिनिधि जुटेंगे। सम्मेलन का मुख्य थीम" विकसित भारत /2047: विकास भी, विरासत भी इस थीम के अंतर्गत यह विचार किया जाएगा कि आने वाले वर्षों में पब्लिक रिलेशंस राष्ट्रनिर्माण, तकनीक, संवाद और जनभागीदारी के क्षेत्र में कैसी अग्रणी और निर्णायक भूमिका निभा सकता है।

# लखपति दीदी योजना से संवरेंगे पहाड़ की महिलाओं के सपने

- कीवी उत्पादन और होमस्टे से बढ़ेगी आजीविका, मांग आधारित उत्पादन पर जोर देने की तैयारी कलेक्ट्रेट में हुई स्टीयरिंग कमेटी की बैठक में अधिकारियों को मिले स्पष्ट टारगेट, पशुपालन और डेयरी विकास पर रहा विशेष फोकस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** जनपद टिहरी गढ़वाल में महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में प्रशासन ने अपनी कवायद तेज कर दी है।



इसी क्रम में जिला कलेक्ट्रेट सभागार में महत्वाकांक्षी "लखपति दीदी" योजना के क्रियान्वयन को लेकर जनपद स्तरीय स्टीयरिंग समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। जिलाधिकारी नितिका खंडेलवाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई इस बैठक में योजना को धरातल पर उतारने और निर्धारित लक्ष्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने पर गहन मंथन हुआ। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को स्पष्ट संदेश दिया कि यह योजना केवल कागजों तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि इसका सीधा लाभ ग्रामीण महिलाओं को मिलना सुनिश्चित किया जाए ताकि वे आर्थिक रूप से स्वावलंबी बन सकें।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने परियोजना निदेशक पुष्पेंद्र चौहान को निर्देशित किया कि वे तत्काल विभागवार विस्तृत कार्ययोजना तैयार करें और संबंधित टीमों को स्पष्ट टारगेट सौंपें। उन्होंने जोर देकर कहा कि योजना की सफलता के लिए जनसाधारण में जागरूकता और संवेदनशीलता का होना अत्यंत आवश्यक है। ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने के लिए जिलाधिकारी ने सभी खंड विकास अधिकारियों (बीडीओ) को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में पशु चिकित्सा अधिकारियों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करें। इसके तहत डेयरी पशुपालकों के लिए विशेष बैठकें आयोजित की जाएं, ताकि उन्हें पशुओं की स्वास्थ्य सेवाओं, उन्नत पशुचारे और दुग्ध उत्पादन के लाभों से सीधे जोड़ा जा सके। प्रशासन का मानना है कि पशुपालन क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाकर उनकी आय में उल्लेखनीय वृद्धि की जा सकती है। जनपद में आजीविका के नए अवसर सृजित करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी ने मांग-आधारित उत्पादन और कच्चे माल की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि स्थानीय उत्पादों को बड़ा बाजार उपलब्ध कराने के लिए "प्राइवेट प्लेयर्स" की सहभागिता को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। बैठक में कीवी मिशन के अंतर्गत जिले में कीवी उत्पादन को बढ़ावा देने और स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) के माध्यम से होमस्टे संचालन के लिए संभावित क्षेत्रों की मैपिंग करने के भी निर्देश दिए गए। इससे पूर्व, परियोजना निदेशक ने लखपति दीदी पहल के विभिन्न घटकों, जैसे प्रशिक्षण, क्षमता निर्माण, सामुदायिक रिसोर्स पर्सन (सीआरपी), आय ट्रैकिंग, वित्तीय समावेशन और क्रेडिट सपोर्ट के बारे में विस्तार से जानकारी पटल पर रखी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी वरुणा अग्रवाल, सभी ब्लॉकों के बीडीओ, रीप परियोजना की टीम, मुख्य कृषि अधिकारी विजय देवराड़ी, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. डीके शर्मा, आरबीआई और आरसेटी की टीम सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# अवैध चरस के साथ तीन नशा तस्कर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोटद्वार।** कोटद्वार पुलिस ने अवैध चरस के साथ तीन नशा तस्करों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। शुक्रवार को पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रदेश के मुख्यमंत्री के ड्रग्स फ्री देवभूमि अभियान के क्रम व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद पौड़ी के नशे के अवैध कारोबार में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध प्रभावी कानूनी कार्यवाही करने के निर्देश के क्रम में कोटद्वार पुलिस, एएनटीएफ व सीआइयू टीम द्वारा क्षेत्र में गुरूवार को क्षेत्र में चौकिंग अभियान चलाया जा रहा था।

इस दौरान टीम को मालन पुल के पास तीन व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में दिखाई दिए। इस पर पुलिस ने उनकी तलाशी ली तो उनके पास से कुल 495.09 ग्राम अवैध चरस बरामद की गई। इस पर पुलिस उन्हें गिरफ्तार कर कोतवाली ले आई, जहां पर उनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज किया गया। पूछताछ में उन्होंने अपना नाम संदीप शर्मा, पुत्र विजय प्रकाश, निवासी- झंडीचौड़ कोटद्वार, मृत्युंजय, पुत्र कुलदीप सिंह, निवासी- झंडीचौड़ कोटद्वार व कमलेश पुत्र रामू सैनी, निवासी- ग्राम डकोली, थाना- उन्नाव, उत्तर प्रदेश बताया। पुलिस ने संदीप शर्मा से-155.75 ग्राम, मृत्युंजय से-108.35 ग्राम व कमलेश से 230.99 ग्राम चरस बरामद की। गिरफ्तारशुदा आरोपियों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

# जंगली जानवरों की सक्रियता से अलर्ट मोड पर प्रशासन

- वन विभाग की टीमों ने विभिन्न गांवों में बैठकें व जागरूकता कार्यक्रम किए आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में वन्यजीवों की सक्रियता बढ़ने की घटनाओं को देखते हुए वन विभाग ने शुक्रवार को कई स्थानों पर निरीक्षण, बैठकें व जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए। विभाग की टीमों ने ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर न केवल समस्याओं का संज्ञान लिया, बल्कि सुरक्षा उपायों के प्रति लोगों को जागरूक भी किया।



अगस्त्यमुनि रेंज के अंतर्गत ग्राम भटवाड़ी सुनार में बंदरों की बढ़ती संख्या व उत्पात को लेकर बैठक आयोजित की गई। ग्राम प्रधान, महिला मंगल दल अध्यक्ष व स्थानीय ग्रामीणों ने गांव में बंदरों को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाने की मांग उठाई। वन विभाग ने ग्रामीणों से कचरा निस्तारण के बेहतर प्रबंधन पर जोर देते हुए कहा कि बंदरों के बांध्यकरण के लिए टीम आने पर पिंजरा लगाने की प्रक्रिया सुनिश्चित की जाएगी।

अगस्त्यमुनि बीट टीम ने कोटेश्वर मंदिर क्षेत्र व बेला में भालू के देखे जाने की शिकायत पर तुरंत मौके पर पहुंचकर क्षेत्र में गश्त बढ़ाई। विभाग ने स्थानीय नागरिकों को वन्यजीवों से बचाव और सावधानी बरतने के उपायों की जानकारी दी। राजकीय इंटर कॉलेज गहड़खाल में वन विभाग ने मानव वन्यजीव संघर्ष रोकथाम/न्यूनीकरण गोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को वन्यजीवों के प्रति सतर्कता, वन्यजीव संरक्षण एवं आपात स्थिति में अपनाए जाने वाले उपायों की जानकारी दी गई। खाकरा रेंज की टीम ने राप्रावि पंचभैयाखाल में जागरूकता गोष्ठी आयोजित कर बच्चों को समूह में स्कूल आने-जाने की सलाह दी। इसके उपरांत टीम ने ग्राम प्रधान के साथ गांव में जनसंपर्क कर ग्रामीणों को मानव वन्यजीव संघर्ष रोकथाम संबंधी दिशा-निर्देशों से अवगत कराया। वन विभाग ने कहा कि किसी भी वन्यजीव के दिखने पर तुरंत सूचना दें। कचरा खुले में न फेंके तथा सुरक्षा निर्देशों का पालन कर मानव व वन्यजीव संघर्ष न्यूनीकरण एवं सुरक्षा में सहयोग करें।

# पार्षद कांति का धरना जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोटद्वार।** पूर्व में हुई बोर्ड बैठक के प्रस्तावों पर इस बार की बोर्ड बैठक में चर्चा नहीं होने से आक्रोशित पार्षद सूरज प्रसाद कांति ने शुक्रवार को निगम कार्यालय के बाहर धरना दिया।पार्षद ने नगर निगम व महापौर पर जनता गुमराह करने का आरोप लगाते हुए कहा कि जनता की अनदेखी किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। धरने को कांग्रेस पूर्व ब्लाक प्रमुख रुचि कैंत्यूरा ने भी अपना समर्थन दिया। उन्होंने कहा कि अप्रैल माह में नगर निगम की प्रथम बोर्ड बैठक हुई थी, जिसमें शहर के विकास को लेकर कई मुख्य बिंदुओं पर चर्चा की गई थी। बताया कि नगर निगम की पहली बोर्ड बैठक में जब पूर्व के बिंदुओं पर कार्य के बारे में पूछा गया तो निगम अधिकारी व महापौर गोलमोल जवाब देने लगे। वर्तमान में भी पूर्व की बोर्ड बैठक के बिंदु संख्या 11 के क्रम में सिंचाई गूलों पर सौंदर्यीकरण कार्य किया जा रहा है। इस पर भी बैठक में शासन को डीपीआर बनाकर प्रेषित करने पर सहमति बनी थी, लेकिन निगम द्वारा बिना बोर्ड अनुमति के कार्य कराया जा रहा है, जो गलत है। कहा कि जब तक उन्हें पूर्व में प्रस्तावित बिंदुओं पर जवाब नहीं मिल जाता, उनका धरना जारी रहेगा। धरने में अमित राज सिंह रावत, जयराज बिष्ट और साबर सिंह नेगी आदि शामिल रहे।

**एक नजर .......**

## प्राइवेट वाहनों से सवारी ढोने पर वाहन चालकों पर रोष



**श्रीनगर।** भुवनेश्वर महादेव टैक्सी यूनियन के पदाधिकारियों और टैक्सी वाहन चालकों ने प्राइवेट वाहनों से सवारी ढोने वालों पर कड़ी कार्यवाही की मांग की है। इस संदर्भ में शुक्रवार को भुवनेश्वर महादेव टैक्सी यूनियन के पदाधिकारियों ने भल्लेगांव चौकि इंचार्ज को ज्ञापन सौंपते हुए प्राइवेट वाहनों से सवारी ढोने वालों पर कानूनी कार्रवाई की मांग की। यूनियन के अध्यक्ष मोहन सिंह भंडारी ने कहा कि यूनियन से जुड़े सभी वाहन प्रतिमाह रोड टैक्स जमा करते है, वाहन बीमा सहित सभी यातायात नियमों का पालन करते हैं, इसके बावजूद क्षेत्र में कई लोग प्राइवेट वाहनों से नियम विरुद्ध सवारियों को ढोने का काम कर रहे हैं। इस कारण टैक्सी संचालकों की रोजी रोटी पर संकट आ गया है। यूनियन के सदस्यों ने पुलिस से सघन चेकिंग अभियान चला कर ऐसे प्राइवेट वाहनों को सवारी ढोते हुए दिखने पर उनके वाहन सीज करने की मांग की है। कहा कि यदि पुलिस विभाग द्वारा यूनियन की मांगों पर कार्रवाई नहीं की जाती है तो इसका पूर जोर विरोध किया जायेगा। शिकायती पत्र देने वालों में मोहन सिंह, संदीप सिंह, दाताराम, विनोद पयाल, राम स्वरूप उनियाल, किशन रतूड़ी, राजेश कुमार, गणेश कुमार, मनमोहन आदि शामिल थे।

## रुद्रप्रयाग में २० जगहों पर अलाव की व्यवस्था

**रुद्रप्रयाग।** जिले में पिछले कुछ दिनों से चल रही शीतलहर और तापमान में भारी गिरावट के बीच जिला प्रशासन ने मानवीय संवेदनशीलता का परिचय देते हुए ठंड से राहत के ठोस इंतजाम किए हैं। जिलाधिकारी प्रतीक जैन के निर्देश पर जनपद के विभिन्न हिस्सों में 20 प्रमुख स्थानों पर सुबह और शाम के समय अलाव जलाने की व्यवस्था की गई है। ये अलाव शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों, बस स्टैंड, मुख्य बाजार, तीर्थ स्थलों और सड़क किनारे लगातार जल रहे हैं, ताकि कोई भी राहगीर या मजदूर ठंड से परेशान न हो। साथ ही, रात्रि में खुले आसमान के नीचे सोने वाले लोगों के लिए जनपद के अलग-अलग स्थानों पर रैन बसेरों की समुचित व्यवस्था की गई है। इन रैन बसेरों में गर्म कंबल, बिस्तर और जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं।

## दिव्यांगजनों के आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ते कदम

कोटद्वार। नगरनिगम कोटद्वार के नींबूचौड़ स्थित दिया दिव्यांग संस्था से जुड़े दिव्यांगजन अब आत्मनिर्भरता की ओर कदम बढ़ा रहे हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशन में जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया की पहल पर संस्था को सहायता प्रदान करने के साथ ही दोना-पत्तल निर्माण के लिए आवश्यक कच्चा माल एवं मशीनें भी उपलब्ध करायी गयी हैं, जिससे दिव्यांगजनों के लिए स्थानीय स्तर पर आजीविका के अवसर सृजित हुए हैं। शुक्रवार को संस्था संचालिका कविता मलासी ने बताया कि जिलाधिकारी ने पूर्व में दिया दिव्यांग संस्था का निरीक्षण किया था। इस दौरान दिव्यांगजनों ने जिलाधिकारी से दोना-पत्तल बनाने की मशीन स्थापित करने का निवेदन किया था। जिलाधिकारी ने दिव्यांगजनों को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए उन्हें मशीन उपलब्ध करायी। जिलाधिकारी के प्रयास से दिव्यांगजनों ने प्रशिक्षण लेकर दोना-पत्तल निर्माण का कार्य शुरू कर दिया है। बताया कि मशीन और कच्चा माल मिलने के बाद दिव्यांगजन प्रशिक्षण लेकर उत्पादन कार्य में जुट गए हैं। उन्होंने जिलाधिकारी के प्रति आभार जताते हुए कहा कि दिव्यांगजन हितों के प्रति उनका दृष्टिकोण संवेदनशील और सार्थक है।

## एचडीएफसी के लिए 9 छात्रों का चयन

**श्रीनगर।** हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय के 9 छात्र-छात्राओं का चयन एचडीएफसी बैंक में हुआ है। गढ़वाल विवि के प्लेंसमेंट सेल के ओर से कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित की गई थी। जिसमें कुल 33 छात्र-छात्राओं का शॉर्टलिस्ट किया गया था। उनमें से 9 विद्यार्थियों को एचडीएफसी बैक में चयन हुआ। चयनीत छात्रों को गढ़वाल विवि के कुलपति प्रो. श्रीप्रकाश सिंह, प्लेसमेंट सेल के निदेशक एवं कुलसचिव प्रो. आरके ढोड़ी ने शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# छात्रों को दी गई पोक्सो व अन्य कानूनों की जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से शुक्रवार को जौनसार पब्लिक स्कूल में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। सिविल जज चकराता आकाश कुमार ने छात्रों को पोक्सो एक्ट, गुड टच-बैड टच, नारकोटिक्स एक्ट सहित कई महत्वपूर्ण कानूनी विषयों की जानकारी दी।

जज ने कहा कि बच्चों को अपने अधिकारों की जानकारी होना बेहद आवश्यक है। किसी भी प्रकार की गलत हरकत या शारीरिक शोषण की स्थिति में तुरंत शिक्षक, अभिभावक या स्कूल की पोक्सो कमेटी को अवगत कराने की सलाह दी। उन्होंने नशे से दूर रहने और दूसरों को भी जागरूक करने का आग्रह किया। शिविर में छात्रों ने कानून से जुड़े सवाल पूछकर अपनी शंकाएं दूर कीं। विद्यालय की शिक्षिका सीमा विग ने स्कूल की पोक्सो कमेटी की कार्यप्रणाली की जानकारी दी। कार्यक्रम में पीएलवी एस.ए. शाह और मोनिका पंवार ने भी संबोधित किया, जबकि संचालन शिक्षिका मोनिका भंडारी ने किया।इस दौरान प्रधानाचार्या मृदुला थापा, विद्यालय सचिव लेफ्टिनेंट कर्नल अविनाश सिंह, वाइस प्रिंसिपल विजय कुमार, तहसीलदार रूप सिंह, नायब तहसीलदार राजेंद्र सहित शिक्षक व छात्र उपस्थित रहे।

# खाद्य सुरक्षा विभाग की ताबड़तोड़ छापेमारी से हड़कंप, 22 नमूने जांच के लिए भेजे गए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** आम जनमानस के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने वाले मिलावटखोरों और नियमों की अनदेखी करने वाले दुकानदारों के खिलाफ खाद्य संरक्षा विभाग ने अपना शिकंजा कस दिया है।पिछले तीन दिनों से चल रहे सघन चेकिंग अभियान के तहत विभागीय टीम ने छापेमारी कर खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता को परखा। इस कार्रवाई से व्यापारियों में हड़कंप की स्थिति रही। अभियान के दौरान टीम ने मिठाई, नूडल्स और खाद्य तेल (एडीबल ऑयल) सहित विभिन्न खाद्य सामग्रियों के 22 नमूने संदेह के आधार पर भरकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेज दिए हैं, रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी शारदा शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला अभिहित अधिकारी प्रमोद रावत के कड़े दिशा-निर्देशों पर यह विशेष अभियान चलाया जा रहा है। विभागीय टीम ने बौराड़ी स्टेडियम में चल रहे मेले में लगी अस्थाई दुकानों के साथ-साथ नई टिहरी, बौराड़ी, ज्ञानसू, सुरसिंहधार, बादशाहीथौल और चंबा बाजार के कुल 26 व्यावसायिक प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कई स्थानों पर अनियमितताएं पाई गईं। खाद्य सुरक्षा मानकों का पालन न करने, एफएसएसएआई का वैध लाइसेंस न होने और दुकानों में गंदगी मिलने पर चार दुकानदारों को मौके पर ही नोटिस थमाया गया।चेकिंग के दौरान टीम ने एक्सपायरी डेट के मसालों, तेल और दलिया जैसे खराब खाद्य पदार्थों को भी जब्त कर मौके पर ही नष्ट करा दिया। अधिकारियों ने सभी व्यापारियों और दुकानदारों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि वे अपनी दुकानों में साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें और ग्राहकों को केवल उच्च गुणवत्ता वाला ताजा सामान ही बेचें। इसके साथ ही सभी खाद्य प्रतिष्ठानों पर "फूड सेफ्टी डिस्प्ले बोर्ड" अनिवार्य रूप से चस्पा करने के निर्देश दिए गए हैं, जिससे ग्राहकों को खाद्य सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जा सके। विभाग ने चेकिंग अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

# डेंगू के बचाव को लेकर चल रहे अभियान का समापन

**श्रीनगर।** डेंगू की महामारी से बचाव के लिए चलाएं जा रहें अभियान का समापन हो गया है। नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा. गौतम नैथानी ने बताया कि डेंगू महामारी के मामले शून्य होने के कारण संयुक्त उपजिला चिकित्सालय द्वारा चलाएं जा रहें अभियान को समाप्त कर दिया है। कहा कि जागरूकता अभियान के चलते जहाँ गत वर्ष श्रीनगर शहर व उसके आस-पास डेंगू ने अपना भयंकर रूप लिया था कई लोग बीमार हुये थे व कई अकाल काल ग्रस्त हुये थे, लेकिन इस वर्ष स्वास्थ्य मंत्री डा. धन सिंह रावत के कुशल दिशा निर्देश पर मुख्य चिकित्साधिकारी डा. पारूल गोयल और डा. एसएम शुक्ला सहित स्वास्थ्य अधिकारियों व कर्मचारियों और नगर निगम के विशेष सहयोग के चलते इस वर्ष केवल 5 डेंगू रोगी पाये गये है। बताया कि जो भी डेंगू के मरीज मिले है सभी रोगी माइग्रेटेड थे तथा उपचार के बाद स्वस्थ होकर अपने घर चले गये। उन्होंने स्वच्छता के क्षेत्र में कार्य करने पर स्वच्छता अभियान के ब्राड ऐम्बेसिडर डा. बीपी नैथानी का आभार व्यक्त किया है। कहा कि डॉ. नैथानी के ओर से लगातार चलाएं रहें जागरूकता अभियान के तहत लोगों में जागरूकता आयी है। कहा कि डॉ. नैथानी द्वारा चलाएं जा रहें जागरूकता कार्यक्रम एक सरहानीय कार्य है।

# 130 साल बाद टूटा पछतावे का पहाड़

**महेन्द्र सिंह तोमर**

**चकराता।** क्षेत्र में आस्था, परंपरा और देवविश्वास का अद्‌भुत संगम आज देखने को मिला, जब लगभग 130 वर्षों बाद छत्रधारी चालदा महासू महाराज एक रात प्रवास (बागड़ी) के रूप में दसऊ गांव निवासी कुंवर सिंह चौहान छतराण के घर विराजमान हुए। यह क्षण केवल एक परिवार के लिए नहीं, बल्कि पूरे जौनसार समाज के लिए भावनाओं से भरा ऐतिहासिक पल बन गया है।

आज जब देवता की अगुवाई करते हुए कुंवर सिंह चौहान अपने तीनों भाईयों के साथ खड़े हुए, तो उनकी



आंखों से छलकते खुशी के आंसू साफ बता रहे थे कि आठ पीढ़ियों से चला आ रहा दर्द आज समाप्त होने जा रहा है।

**130 साल पुरानी देवता की नाराजगी समाप्त**

स्थानीय मान्यताओं के अनुसार लगभग सवा सौ वर्ष पहले छतराण परिवार द्वारा देवकार्य से इन्कार कर दिया गया था। इससे देवता अप्रसन्न हो गए और परिवार को दसऊ गांव छोड़कर खेरा शम्भर में बसना पड़ा। देवक्रोध इतना गहरा था कि पीढ़ी दर पीढ़ी यह परिवार गांव और देवआशिष दोनों से वंचित रहा। समाज में छत्राई का मान बहुत ऊंचा माना जाता है और चौहान वंशज भी वर्षों तक इसी परंपरा का निर्वहन करते रहे थे।

**सात पिंडियों बाद मिली राह मांफी और पुनः स्वीकार**

कुंवर सिंह चौहान ने बताया कि सात पिंडियों बाद जब उन्हें भीतर से पुकार महसूस हुई, तो वे सराजी पाशीबिल पहुंचे और देवता से क्षमा मांगी। अपने भाइयों और पुत्र के साथ उन्होंने विनम्रता पूर्वक देवता से अपने घर एक रात प्रवास की प्रार्थना की। उनकी यह प्रार्थना स्वीकार हुई और आज वह सौभाग्य उनके दरवाजे पर दस्तक दे रहा है।नया घर, नई शुरुआत, भावनाओं से भरा परिवार कुंवर सिंह चौहान बताते हैं कि देवता के स्वागत हेतु परिवार ने नया मकान बनवाया है, ताकि चालदा महासू महाराज को परंपरानुसार सर्वोच्च आदर के साथ विराजमान किया जा सके। छत्राई परंपरा का मान, देवविश्वास की शक्ति और संस्कारों की निरंतरता ये सब मिलकर आज के दिन को ऐतिहासिक बना रहे हैं। 130 साल की दूरी के बाद आज जब चालदा महासू महाराज छतराण परिवार के आंगन में विराजें तो यह केवल एक प्रवास नहीं बल्कि आस्था, क्षमा, परंपरा और पुनर्मिलन का अनमोल संगम होगा।

# प्रतापनगर में बदलाव की बयार, शादी के बाद अब विदाई समारोह भी हुए नशामुक्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** प्रतापनगर क्षेत्र की पट्टी उपली रमोली में सामाजिक सुधारों की एक नई और सुखद बयार बहने लगी है। क्षेत्रवासियों ने शादियों को नशामुक्त बनाने की सफल मुहिम के बाद अब सेवानिवृत्ति और अन्य मांगलिक कार्यक्रमों को भी सादगी और नशामुक्त तरीके से मनाने की अभिनव पहल शुरू कर दी है। इसी कड़ी में कृषि एवं भूमि संरक्षण विभाग से सहायक कृषि अधिकारी के पद से सेवानिवृत्त हुए उपली रमोली के मस्ताड़ी गांव निवासी अर्जुन रमोला ने अपनी विदाई को एक यादगार और प्रेरणादायक स्वरूप दिया।

उन्होंने अपनी सेवानिवृत्ति के अवसर पर शराब और तामझाम वाली पार्टियों से किनारा करते हुए तीन दिवसीय भव्य हवन-यज्ञ और धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन किया, जिसने पूरे समाज के सामने एक अनुकरणीय उदाहरण पेश किया है। अर्जुन रमोला ने अपने 34 वर्षों के लंबे और निर्विवाद सेवाकाल के समापन को ईश्वर की आराधना के साथ मनाया। उन्होंने वर्ष 1991 से 1996 तक देवप्रयाग और नरेंद्रनगर, 1996 से 2004 तक उत्तरकाशी के बड़कोट, 2004 से 2010 तक पुन: नरेंद्रनगर और 2010 से अब तक कृषि एवं भूमि संरक्षण विभाग चंबा के अधीन कृषि विभाग लंबगांव में अपनी सेवाएं दीं। उनकी बेदाग छवि और कर्तव्यनिष्ठा के सम्मान में आयोजित इस तीन दिवसीय धार्मिक समारोह में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में शिरकत की। उपस्थित जनसमूह ने हवन-यज्ञ में आहुतियां डालकर विश्व शांति और रमोला के सुखद भविष्य की कामना की, जिसके पश्चात सभी ने प्रसाद ग्रहण कर उन्हें भावभीनी विदाई दी।

इस अवसर पर विदाई समारोह में विशेष रूप से पहुंचे क्षेत्रीय विधायक विक्रम सिंह नेगी और पूर्व ब्लॉक प्रमुख प्रदीप चंद रमोला ने इस पहल की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि आमतौर पर रिटायरमेंट पार्टियों में नशे का प्रचलन देखा जाता है, लेकिन अर्जुन रमोला ने वैदिक परंपरा को अपनाकर समाज को एक नई दिशा दिखाई है। नशामुक्त जनमोर्चा के संयोजक देवी सिंह पंवार और जिला पंचायत सदस्य विजय देवी पंवार ने भी इसे एक ऐतिहासिक कदम बताया और कहा कि यह पहल भविष्य में मील का पत्थर साबित होगी, जिसका अनुसरण आने वाली पीढ़ियां करेंगी।

# शिक्षकों को अनिवार्य रूप से अपनी कक्षाएं पढ़ानी होगी

**श्रीनगर।** हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विवि के शिक्षकों को अनिवार्य रूप से अपनी कक्षाएं पढ़ानी होगी। गढ़वाल विवि के कुलसचिव प्रो. आरके ढोड़ी ने जारी किए आदेश में कहा कि विवि में कार्यरत शिक्षक अपने शिक्षण कार्य अपने अधीनस्थ शोधार्थियों से करवाया जा रहा है। साथ ही पूर्व अनुमति के बिना मुख्यायल से बाहर रह रहें है। जिसके कारण शिक्षण कार्य बाधित हो रहा है। उन्होने विवि के शिक्षकों से अपना शिक्षण कार्य स्वयं करने और समय पर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। कहा कि कोई भी शिक्षक बिना संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष की पूर्व अनुमति के बिना मुख्यालय न छोडने और समय-सारणी विवि वेबसाइट पर अपलोड़ करना अनिवार्य होगा।

# डीएम के आश्वासन के बाद घनसाली में धरना समाप्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** भिलंगना विकासखंड के प्रमुख व्यापारिक केंद्र घनसाली बाजार में पिछले करीब डेढ़ महीने से स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली के खिलाफ चल रहे आंदोलन का आखिरकार सुखद समाधान निकल आया है।

पिछले 48 दिनों से स्वास्थ्य सुविधाओं के उच्चीकरण और सुधारीकरण की मांग को लेकर धरने पर बैठे आंदोलनकारियों के बीच गुरुवार को जिलाधिकारी नितिका खंडेलवाल स्वयं पहुंचीं। जिला प्रशासन के मुखिया को अपने बीच पाकर आंदोलनकारियों ने विस्तार से अपनी व्यथा और क्षेत्र की स्वास्थ्य समस्याओं को उनके समक्ष रखा। जिलाधिकारी की पहल और संवेदनशीलता के बाद प्रशासन और आंदोलनकारियों के बीच



सकारात्मक वार्ता संपन्न हुई, जिसके फलस्वरूप लंबा चला यह धरना समाप्त हो गया।

जिलाधिकारी ने धरना स्थल पर आंदोलनकारियों के साथ बैठकर उनकी सात सूत्रीय मांगों पर बिंदुवार और विस्तृत चर्चा की। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनहित से जुड़े मुद्दों का समाधान प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। वार्ता के दौरान जिलाधिकारी ने आश्वस्त किया कि जो मांगें जिला स्तर से संबंधित हैं, उन पर तत्काल प्रभाव से कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। इसके अतिरिक्त, जो मुद्दे शासन और नीतिगत स्तर के हैं, उनके समाधान के लिए जिला प्रशासन द्वारा शासन को पत्राचार किया जाएगा और आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए पुरजोर पैरवी की जाएगी। जिलाधिकारी के इस ठोस आश्वासन और सकारात्मक रुख को देखते हुए संघर्ष समिति ने अपना आंदोलन वापस लेने की घोषणा की।

धरना समाप्ति के अवसर पर आंदोलनकारियों ने जिलाधिकारी नितिका खंडेलवाल का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके व्यक्तिगत हस्तक्षेप से ही इस गतिरोध का समाधान संभव हो पाया है। इस दौरान मौके पर मौजूद स्थानीय जनप्रतिनिधियों और बड़ी संख्या में नागरिकों ने प्रशासन के इस कदम की सराहना की।

धरना स्थल पर पूर्व विधायक भीमलाल, पूर्णानंद कुकरेती, स्नेह कैलाश बडोनी, शूरवीर लाल, जसबीर नेगी और सूरत सिंह रावत सहित अनेक गणमान्य लोग और आंदोलनकारी उपस्थित रहे, जिन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं के सुधार की उम्मीद के साथ अपना धरना समाप्त किया।

# सड़क चौड़ीकरण से किसी को नुकसान न पहुंचे : जोशी

- कैबिनेट मंत्री ने की डाकरा बाजार के सुधारीकरण और चौड़ीकरण कार्यों के संबंध में बैठक



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने शुक्रवार को देहरूदन के न्यू कैंट रोड़ स्थित शासकीय आवास में गढ़ी कैंट के डाकरा बाजार के सुधारीकरण और चौड़ीकरण कार्यों के संबंध में लोक निर्माण विभाग व सिंचाई विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की।

काबीना मंत्री जोशी ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि दोनों विभागों की संयुक्त टीम द्वारा जल्द से जल्द स्थल का संयुक्त निरीक्षण किया जाए। उन्होंने कहा कि सड़क चौड़ीकरण के दौरान स्थानीय निवासियों एवं व्यापारियों को नुकसान ना पहुंचे, इसकी स्पष्ट रूप से योजना बनाकर कार्य किया जाए। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण की कार्यवाही वर्तमान में उपलब्ध सड़क के अनुसार ही की जाए। मंत्री जोशी ने अधिकारियों को न्यायालय द्वारा चिन्हित अतिक्रमणों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए।

बैठक में सिंचाई विभाग के प्रमुख अभियंता सुभाष चंद्र, मुख्य अभियंता संजय राज, उप जिलाधिकारी (सदर) हरि गिरी, ईई सुभाष गुप्ता, छावनी परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष विष्णु प्रसाद गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

## शरीर और मन दोनों को स्वस्थ रखते हैं खेल: जोशी



**देहरादून (शाह टाइम्स)।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने शुक्रवार को एसजीआरआर मैदान बिंदाल में स्वर्गीय हरबर कपूर मेमोरियल ट्रस्ट द्वारा आयोजित मैत्री क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन समारोह में प्रतिभाग किया। इस दौरान उन्होंने विजेता और उपविजेता टीमों को पुरस्कृत कर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। कैबिनेट मंत्री जोशी ने स्व. हरबंस कपूर को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय कपूर एक आदर्श जननेता थे, जिनके जीवन का प्रत्येक क्षण जनसेवा के लिए समर्पित रहा। मंत्री जोशी ने खेलों के महत्व पर भी प्रकाश डालते हुए कहा कि खेल शरीर और मन दोनों को स्वस्थ रखते हैं। कार्यक्रम में कैंट विधायक सविता कपूर, मंडल अध्यक्ष सुमित पांडेय,धनश्याम,अनीता, मीनाक्षी,अतुल,आशीष मौजूद रहे।

## दिव्यांगजन व वरिष्ठ नागरिकों को चिकित्सा उपकरण बांटे

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने शुक्रवार को देहरादून स्थित अग्रवाल धर्मशाला में हर्षल फाउंडेशन व विभिन्न सहयोगी संस्थाओं की और से आयोजित नि:शुल्क दिव्यांग सहायता एवं वरिष्ठ नागरिक सहायक उपकरण वितरण शिविर में प्रतिभाग किया।

दो दिवसीय इस सेवा शिविर में दिव्यांगजन एवं वरिष्ठ नागरिकों के लिए विभिन्न चिकित्सा और सहायक उपकरण नि:शुल्क वितरित किए गए।

शिविर में कृत्रिम हाथ-पैर, कैलिपर, बैसाखी, व्हीलचेयर, ट्राइसाइकिल, वॉकर, स्टिक, श्रवण-यंत्र, विशेष चश्मे सहित अनेक उपकरण नि:शुल्क प्रदान किए गए। कार्यक्रम में रिटायर्ड न्यायमूर्ति राजेश टंडन, ब्रिगेडियर (सेनि) के.जी. बहल, संरक्षक अशोक विडलास, ट्रस्टी सचिव रमा गोयल आदि मौजूद रहे।

### सीएनआई के वार्षिकोत्सव समारोह में शामिल हुए जोशी

**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने शुक्रवार को राजपुर रोड़ स्थित सीएनआई गर्ल्स इंटर कॉलेज के वार्षिकोत्सव व क्रिसमस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग किया। जोशी ने विद्यालय के 18 जरूरतमन्द छात्राओं को स्वेटर भी वितरित किए। उन्होंने कहा कि यह विद्यालय 168 वर्षों से शिक्षा के क्षेत्र में कार्य कर समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक शिक्षा प्रदान करता है। इस अवसर पर सचिव अल्पसंख्यक आयोग जेएस रावत, विद्यालय प्रबन्धक रैव्ह अनिता टैम्पलटन, प्रधानाचार्या रिबैका मीनाक्षी सिंह, पूर्व अपर निदेशक एसबी जोशी आदि उपस्थित रहे।

# पुलिस का एक्शन: सुरक्षा के लिए चलाया गया चेकिंग अभियान

- 3462 वाहनों और 5530 व्यक्तियों की हुई जांच
- संदिग्धों से की गई पूछताछ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** आम जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करने और संदिग्ध गति. विधियों पर लगाम लगाने के लिए, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशों पर शुक्रवार को पूरे जनपद में दून पुलिस ने एक व्यापक आकस्मिक चेकिंग अभियान चलाया।

सभी क्षेत्राधिकारियों के नेतृत्व में पुलिस की विभिन्न टीमों ने नगर और देहात क्षेत्रों के सीमावर्ती चौकियों, आंतरिक मार्गों, रेलवे स्टेशनों, बस अड्डों, मॉल और भीड़भाड़ वाले इलाकों में सघन चेकिंग की।सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करने के उद्देश्य से, चेकिंग के दौरान डॉग स्क्वॉड और बम डिस्पोजल स्क्वॉड टीमों की भी मदद ली गई। विशेष रूप से रेलवे स्टेशन, बस स्टेशनों, मॉल और शॉपिंग कॉम्प्लेक्स के पार्किंग क्षेत्रों में बारीकी से जांच की गई।पुलिस टीमों ने इस अभियान के तहत 3462 वाहनों की सघन जांच की और 5530 से अधिक व्यक्तियों से पूछताछ कर सत्यापन संबंधी आवश्यक जानकारी जुटाई। इस दौरान संदिग्ध रूप से घूम रहे लोगों से भी कड़ाई से पूछताछ की गई। साथ ही, यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ भी कानूनी कार्रवाई की गई।

एसएसपी ने सभी थाना प्रभारियों को जनता की सुरक्षा के लिये नियमित चेकिंग के अलावा, समय-समय पर बड़े पैमाने पर ऐसे आकस्मिक अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। एसएसपी ने बताया कि यह सघन चेकिंग अभियान लगातार जारी रहेगा।

## ट्रूकॉलर ने लॉन्च किया फैमिली प्रोटेक्शन

**देहरादून।** ट्रूकॉलर ने नया फीचर फैमिली प्रोटेक्शन लॉन्च किया, जिसका उद्देश्य परिवार को स्कैम कॉल और अनचाहे कॉल्स से सुरक्षित रखना है। यह सुविधा सीधे एंड्रॉइड और आईओएस पर उपलब्ध ट्रूकॉलर ऐप में मिलती है। फैमिली प्रोटेक्शन के जरिए परिवार अपने अनुभव साझा कर सकते हैं और भरोसेमंद फैमिली ग्रुप बना सकते हैं। हर ग्रुप में एक फैमिली एडमिन होता है, जो सुरक्षा स्तर तय कर सकता है, ब्लॉकलिस्ट मैनेज कर सकता है और संदिग्ध कॉल्स के बारे में निर्देश दे सकता है। एंड्रॉइड यूजर्स को रियल-टाइम अलर्ट और रिमोट सपोर्ट टूल्स का भी लाभ मिलता है। इस फीचर के तहत एक ग्रुप में अधिकतम पाँच सदस्य जुड़ सकते हैं। एडमिन दूर से ही ग्रुप में आने वाले संभावित स्कैम कॉल्स की जानकारी प्राप्त कर सकता है।

# उपनल कर्मचारियों से किया वादा पंद्रह दिन बाद भी अधूरा: कांग्रेस

- समान कार्य के लिए समान वेतन का तत्काल जारी हो शासनादेश कर्मचारियों के साथ सरकार वादाखिलाफी ना करे: धस्माना

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** सुप्रीम कोर्ट व हाई कोर्ट के आदेशों व हड़ताली कर्मचारियों की हड़ताल खत्म कराने के लिए लिखित आश्वासन के पंद्रह दिनों बाद भी उत्तराखंड सरकार द्वारा राज्य के उपनल कर्मचारियों को समान कार्य के लिए समान वेतन देने के आदेश पंद्रह दिन पूर्व दिए गए लिखित आश्वासन के बावजूद आज तक जारी ना होना सरकार की नियत पर संदेह पैदा कर रहा है यह बात शुक्रवार को उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना ने अपने कैंप कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कही।

उन्होंने कहा कि वे ऐसा इसलिए कह रहे हैं कि सरकार ऐसा अनेक बार कर चुकी है और कर्मचारियों की वर्ष 2021 अप्रैल में चली 56 दिनों की हड़ताल में भी दो दो मंत्रियों के आश्वाशन के बाद उपनल कर्मचारियों को केवल धोखा मिला और इस बार भी जब कर्मचारियों के पास अपने पक्ष में हाई कोर्ट नैनीताल व सुप्रीम कोर्ट का फैसला था तब भी पंद्रह दिनों तक सड़क पर धरना व भूख हड़ताल आर उनको उठाने के लिए इस बार सरकार ने लिखित आश्वासन दिया किंतु पंद्रह दिन बीत जाने पर भी आज की तिथि तक सरकार ने अपने वादे को नहीं निभाया और कोई शासनादेश जारी नहीं किया गया जो सरकार की वादा खिलाफी की ओर इशारा कर रहा है।

धस्माना ने कहा कि कांग्रेस सरकार से शासनादेश तत्काल जारी करने की मांग करती है और उच्चतम न्यायालय के आदेशानुसार सभी उपनल कर्मचारियों को समान कार्य के लिए समान वेतन देने के साथ साथ सभी के चरणबद्ध नियमित करने के कार्यक्रम की स्वीकृति व घोषणा करने की मांग करती है।

## हर्बल मेडिसिन में अवसरों को तलाशे: डॉ. एस. फारूक

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** किंग्स्टन इम्पीरियल इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंसेज देहरादून के 50 फार्मेसी छात्र, दो फैकल्टी सदस्यों के साथ, वास्तविक औद्योगिक अनुभव और उद्योग-आधारित शिक्षण के लिए हिमालया वेलनेस कंपनी,देहरादून के एक दिवसीय इंडस्ट्रियल विजिट पर गए।

दौरे के दौरान, छात्रों ने निर्माण इकाइयों, गुणवत्ता नियंत्रण प्रयोगशालाओं और पैकेजिंग क्षेत्रों सहित विभिन्न सेक्शनों का भ्रमण किया। उन्होंने आधुनिक हर्बल फार्मास्यूटिकल उत्पादन तकनीकों का अवलोकन किया और उद्योग मानकों, उपकरण संचालन और गुणवत्ता आश्वासन प्रक्रियाओं की व्यावहारिक समझ प्राप्त की।

इस विजिट की मुख्य विशेषता हिमालया वेलनेस कंपनी के अध्यक्ष, डॉ. एस. फारूक के साथ विशेष संवाद था।

डॉ. फारूक ने हर्बल मेडिसिन के विकास, पारंपरिक उपचारों में वैज्ञानिक पुष्टि के महत्व और फार्मास्यूटिकल तथा वेलनेस सेक्टर में उभरते अवसरों पर मूल्यवान विचार साझा किए। छात्रों ने अनुसंधान, नियामक आवश्यकताओं और उद्योग में करियर विकास से संबंधित प्रश्न पूछकर सक्रिय सहभागिता दिखाई।

आभार व्यक्त करते हुए, प्रो. गीतिका चंद्रा ने हिमालया वेलनेस की टीम और डॉ. एस. फारूक को उत्कृष्ट आतिथ्य और छात्रों के लिए समृद्ध शिक्षण वातावरण प्रदान करने के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि ऐसे औद्योगिक दौरों का भविष्य के फार्मासिस्टों की तकनीकी दक्षताओं और पेशेवर दृष्टिकोण को आकार देने में महत्वपूर्ण योगदान होता है।

# मुख्यमंत्री ने किया 68.26 करोड़ की धनराशि का अनुमोदन

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा प्रदेश के विभिन्न जनपदों में संचालित विकास योजनाओं एवं जनकल्याण से जुड़ी योजनाओं एवं कार्यक्रमो के संचालन के लिये 68. 26 करोड की धनराशि का अनुमोदन प्रदान किया गया है।

मुख्यमंत्री ने देहरादून के विधानसभा क्षेत्र रायपुर के तपोवन मंडल के अन्तर्गत 1.5 किमी आपदा से क्षतिग्रस्त मुख्य व आन्तरिक मार्गों का नालियों सहित पुन: निर्माण कार्य क ेलिये 5.93 करोड, पित्थूवाला शाखा के अन्तर्गत एमडीडीए, आईएसबीटी पेयजल को 3.42 करोड़, उत्तरकाशी के विकासखण्ड मोरी के के 34 लाख की धनराशि स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया है।

टिहरी गढ़वाल के विधानसभा क्षेत्र नरेन्द्रनगर के लिये 3.54 करोड, कीर्तिनगर बरियाडगढ़ धौडगी सौराखाल मोटर मार्ग के लिये 3.19 करोड, अल्मोड़ा के विधानसभा क्षेत्र द्वाराहाट के विकास खण्ड चौखुटिया में भिकियासैंण-देघाट-बुंगीधार-बछुआबाण-चौखुटिया मोटर मार्ग किमी. 115 से किमी. 126 में सुदृढीकरण एवं डीसीएम व बीसी द्वारा डामरीकरण कार्य हेतु 6.53 करोड़ का अनुमोदन प्रदान किया गया है।

पिथौरागढ़ के विधानसभा क्षेत्र पिथौरागढ़ के अन्तर्गत चण्डाक-बास-आंवलाघाट मोटर गार्ग (ग्रामीण मार्ग) के किमी0 31 से 35 (रामगंगा नदी तक) कच्चे मोटर मार्ग का सुधारीकरण एवं डामरीकरण कार्य के लिये 3.47 करोड, जनपद पिथौरागढ़ के विधानसभा क्षेत्र धारचूला के अन्तर्गत बाईपास सड़क तथा 30 मी० स्पान सेतु के निर्माण को 16 लाख की धनराशि स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया है।

मुख्यमंत्री ने वन विभाग द्वारा मानव वन्य जीव संघर्ष के लम्बित प्रकरणों के भुगतान तथा आगामी माहों में आकस्मिक रूप से घटित होने वाले प्रकरण में क्षतिपूर्ति हेतु गत वर्षों की अवशेष देनदारी तथा आगामी माहों में आकस्मिक रूप से घटित होने वाले प्रकरणों के भुगतान हेतु वित्तीय वर्ष 2025-26 में 15.00 करोड़ की धनराशि द्वितीय किश्त के रूप में राज्य आपदा मोचन निधि के अन्तर्गत अवमुक्त किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया है।

मुख्यमंत्री द्वारा जनपद पिथौरागढ़ के विकासखण्ड धारचूला के ग्राम रालम में हैलीपेड का निर्माण के लिये 99 लाख की योजना स्वीकृत किये जाने के साथ ही जनपद नैनीताल के विधानसभा क्षेत्र भीमताल में रानीबाग-भीमताल-खुटानी-चांफी-पदमपुर-धानाचूली-मोतिया पाथर-शहरफाटक-मोरनौला-देवीधूरा के किमी0 23 से 39 में डीबीएम एवं बीसी द्वारा सुधारीकरण का कार्य के लिये 9.35 करोड की धनराशि स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया है।

मुख्यमंत्री ने जनपद देहरादून के अन्तर्गत एयरपोर्ट थानों रायपुर रोड के अंतर्गत महाराणा प्रताप चौक से 6 नंबर पुलिया, अग्रवाल बेकर रिस्पना ब्रिज रायपुर तक सड़क चौड़ीकरण कार्य हेतु 15.45 करोड़ की योजना स्वीकृत किये जाने का भी अनुमोदन प्रदान किया गया है।

मुख्यमंत्री धामी ने राज्य योजना के अन्तर्गत जनपद ऊधम सिंह नगर के विधानसभा क्षेत्र गदरपुर में सरदार नगर-बन्नाखेड़ा राज्य मार्ग के किमी 9 में स्थित जल मंदिर सेतु के क्लास बी से क्लास ए में परिवर्तन कार्य हेतु 2.03 लाख, जनपद ऊधम सिंह नगर के विधानसभा क्षेत्र गदरपुर में सरदार नगर बन्नाखेड़ा राज्य मार्ग के किमी. 7 में स्थित ककराला सेतु का वलास बी से क्लास ए में परिवर्तन कार्य हेतु 2.49 लाख का अनुमोदन प्रदान किया है।

## मतदाता सूची के गहन पुनर्निरीक्षण विषय पर बैठक का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** भारतीय जनता पार्टी विधानसभा विकासनगर में अत्यंत महत्वपूर्ण बैठक मतदाता सूची के होने वाले गहन पुनर्निरीक्षण विषय पर किया गया।

बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष मीता सिंह ने की। बैठक में विधानसभा विकासनगर के पार्टी की ओर से बी. एल. ए. 1 नियुक्त किए गए प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य संतोष रावत ने एस आई आर की प्रक्रिया के बारे में विधानसभा के कार्यकर्ताओं को विस्तार से अवगत कराया।

बैठक में कुलदीप कुमार, राज्यमंत्री (अध्यक्ष, वन पंचायत सलाहकार परिषद) ने बताया कि किस प्रकार अन्य राज्य में एस. आई. आर. का कार्य पूर्ण हुआ और उसके परिणाम स्वरूप कितने फर्जी मतदाताओं का वोट निरस्त किया गया एवं कई राज्यों में अन्य देशों से आए घुसपैठियों का चिन्हीकरण हो पाया।

जिला अध्यक्ष ने सभी पार्टी कार्यकर्ताओं से इस कार्य को अतिगंभीरता पूर्वक करने का आग्रह किया तथा ये भी कहा कि कोई भी गलत वोट मतदाता सूची में न चढ़ पाए और न ही कोई सही वोट मतदाता सूची में चढ़ने से रह न जाए।

उन्होंने मंडलों में होने वाली बैठकों की तिथि भी मंडल अध्यक्षों के साथ चर्चा करके निश्चित की एवं प्रत्येक बूथ पर बी. एल. ए. 2 बनाने के लिए भी निर्देशित किया।

बैठक में मुख्य रूप से हरबर्टपुर नगरपालिका परिषद की अध्यक्ष नीरू देवी, मंडल अध्यक्ष राहुल शर्मा, शुभम गर्ग, अनुज गुलेरिया, अरुण मित्तल, जयंती पटवाल, बलवंत सिंह, देवेंद्र चावला, ऋषभ अग्रवाल, रचिता ठाकुर, ममता मुल्तानी, प्रमोद रोहिल्ला, राजकुमारी फारसी, सुमन कसाव, मधु ठाकुर, सुनीता चौधरी, सुनीता गुलेरिया, विनायक नौटियाल, पीतांबर सैनी, गौर सिंह चौहान, जगपाल चौधरी एवं विधानसभा के ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बैंक ऑफ बड़ौदा की मनमानी पर चला जिला प्रशासन का डंडा

### डीएम का एक्शन देख ठिठके बैंक के कदम, 24 घंटे के भीतर जारी किया 3.30 लाख रुपये का चेक

- बुजुर्ग विधवा कमलेश व असहाय पुत्री को मिला न्याय नागरिक के साथ वित्तीय संस्थानों की मनमानी, अनुचित व्यवहार नहीं किया जाएगा बर्दाश्त: डीएम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** जनपद देहरादून में बैंक ऑफ बड़ौदा की और से एक बुजुर्ग विधवा कमलेश व उनकी नामिनी असहाय पुत्री प्रीति को अनावश्यक रूप से प्रताड़ित करने तथा बीमित ऋण पर क्लेम प्राप्त होने के बावजूद अतिरिक्त धनराशि जमा कराने के मामले में जिलाधिकारी सविन बंसल के हस्तक्षेप से पीड़िता को न्याय मिला है।

जिला प्रशासन की और से त्वरित संज्ञान लेते हुए बैंक की 3.30 लाख की आरसी काटी गई, जिसके बाद बैंक ने 24 घंटे के भीतर 3.30 लाख रुपये का चेक नामिनी पुत्री प्रीति के नाम जारी कर दिया।

विगत दिवस जिलाधिकारी कार्यालय कक्ष में प्रीति सिंह ने अपनी व्यथा सुनाते हुए बताया कि उनके पिता स्व. राजेन्द्र पाल ने वर्ष 2023 में बैंक ऑफ बड़ौदा से 13 लाख का ऋण लिया था। बैंक अधिकारियों एवं कर्मचारियों के कहने पर ऋण को सुरक्षित करने के लिए इसका बीमा कराया गया। वर्ष 2023 से अप्रैल 2025 तक उनके पिता की और से 22,295 प्रतिमाह की नियमित किस्तें जमा की गईं। अप्रैल 2025 में उनके पिता का निधन हो गया, जिसकी सूचना तत्काल बैंक और बीमा कंपनी को दे दी गई।

जून 2025 में बीमा कंपनी द्वारा ऋण क्लेम की राशि बैंक में जमा कर दी गई। इसके बावजूद बैंक द्वारा न तो नो ड्यूज सर्टिफिकेट जारी किया जा रहा था, बल्कि प्रीति सिंह पर 3,30,980 अतिरिक्त जमा कराने का दबाव बनाया जा रहा था, तथा सम्पति को जबरन जब्त करने की धमकी दी जा रही थी।

जिलाधिकारी का हस्तक्षेप पीड़िता की शिकायत सुनने के बाद जिलाधिकारी सविन बंसल ने मामले को गंभीरता से लेते हुए उप जिलाधिकारी कुमकुम जोशी को तत्काल जांच एवं आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। जिला प्रशासन द्वारा जांच में पाया गया कि बीमा क्लेम राशि प्राप्त होने के बाद भी बैंक द्वारा अनुचित रूप से धनराशि की मांग की जा रही थी। इस पर बैंक की 3,30,980 की आरसी काटी गई। आरसी कटते ही बैंक ने 24 घंटे के भीतर नामिनी प्रीति सिंह के नाम 3. 30 लाख रुपये का चेक जारी कर दिया, जिसे आज जिलाधिकारी द्वारा प्रीति सिंह को सौंप दिया गया।

जिलाधिकारी सविन बंसल ने कहा कि किसी भी नागरिक के साथ वित्तीय संस्थान द्वारा की जाने वाली मनमानी और अनुचित व्यवहार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। विगत दिवस जिलाधिकारी कार्यालय कक्ष में प्रीति सिंह ने अपनी व्यस्था सुनाते हुए जिलाधिकारी से गुहार लगाई लगाई थी।

# स्ट्रीक्स ने जसप्रीत बुमराह को बनाया ब्रांड एंबेसडर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** हाइजीनिक रिसर्च इंस्टीट्यूट के भारत के अग्रणी हेयर कलर और केयर ब्रांड स्ट्रीक्स ने अपने इनोवेटिव प्रोडक्ट स्ट्रीक्स शैंपू हेयर कलर के लिए भारत के शीर्ष तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया है। यह साझेदारी एक ऊर्जावान नए कैंपेन मैं फास्ट, स्ट्रीक्स सुपरफास्ट के साथ लॉन्च की जा रही है, जो आत्मविश्वास, गति और सहज स्टाइल का जश्न मनाता है।

हाइजीनिक रिसर्च इंस्टीट्यूट प्राइवेट लिमिटेड की सीनियर वाइस प्रेसिडेंट - मार्केटिंग, प्रियंका पुरी ने इस सहयोग पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा, हम स्ट्रीक्स परिवार में जसप्रीत बुमराह का स्वागत करते हुए बेहद उत्साहित हैं। स्ट्रीक्स हमेशा से सुंद. रता, आत्मविश्वास और दैनिक ग्लैमर का प्रतीक रहा है-और हमारा स्ट्रीक्स शैंपू हेयर कलर उस वादे को सबसे तेज और प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करता है।

## वैश्विक उथल-पुथल के बीच मार्केट में बना रहेगा सोना

**देहरादून।** कोटक सिक्योरिटीज लिमिटेड ने अपना मार्केट आउटलुक 2026 जारी किया है, जिसमें वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद भारतीय शेयर बाजार और कमोडिटी में मजबूती की उम्मीद जताई गई है। कोटक सिक्योरिटीज के एमडी एंड सीईओ श्रीपाल शाह ने कहा कि, वैश्विक चुनौतियों के बीच भारत ग्रोथ का मजबूत केंद्र बना हुआ है। हमारी इक्विटी पर राय पॉजिटिव है, क्योंकि कॉर्पोरेट अर्निंग अच्छी रहने की उम्मीद है।


**नाम परिवर्तन सूचना**

'सर्वसाधारण' को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम बाल किशोर दास लोइवल - **Bal Kishore Das Loiwal (पुराना नाम)** से बदलकर बाल किशोर दास - **Bal Kishore Das (नया नाम)** कर लिया है। भविष्य में मुझे बाल किशोर दास पुत्र श्री बाल गोपाल दास लोइवल के नाम से जाना व पहचाना जाए।

**'शपथकर्ता:'** बाल किशोर दास पुत्र श्री बाल गोपाल दास लोइवल, निवासी: नशेमन स्त स्टीवन स्कूल, क्लेमेंट टाउन, सोसाइटी एरिया, पी. ओ. क्लेमेंट टाउन, जिला देहरादून, उत्तराखंड। पिन- 248002


# शिशु शिक्षा समिति के अध्यक्ष बने वीरेंदर सिंह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** विद्याभारती से सम्बद्ध शिशु शिक्षा समिति आदर्श नगर, ऋषिकेश के तत्वावधान में किशोरी लाल सरस्वती शिशु मन्दिर चकराता की नई कार्यकारिणी का गठन कर विकास अग्रवाल को व्यवस्थापक व वीरेंद्र सिह नेगी को अध्यक्ष बनाया गया। कहा कि समिति आगामी दो वर्ष तक कार्य करेगी।

शिशु शिक्षा समिति उत्तरांचल के प्रदेश निरीक्षक विनोद भट्ट ने बताया कि किशोरी लाल सरस्वती शिशु मन्दिर, चकराता की समिति का कार्यकाल पूर्ण हो जाने के कारण समिति का पुर्नगठन किया गया है जिसमे विकास अग्रवाल को व्यवस्थापक, वीरेंद्र सिंह नेगी को अध्यक्ष, केसर सिंह उपाध्यक्ष, अनिल चांदना सह व्यवस्थापक, दीपक मोहल कोषाध्यक्ष,

आनंद राणा सह कोषाध्यक्ष, सरंक्षक के पद पर तीरथ कुकरेजा, व एडवोकेट प्रताप नेगी, सदस्य प्रताप चौहान, विद्या दत्त जोशी, विजेन्द्र राणा, विमला चौहान, मनीषा चौहान, रेखा मीनाक्षी रावत, व पदेन सदस्य पर प्रधानाचार्य खजान को रखा गया है।


**उत्तराखण्ड पेयजल निगम**
**कार्यालय परियोजना प्रबन्धक निर्माण एवं अनुरक्षण इकाई (गंगा), बडकोट-249141**

पत्रांक 514 / कार्य-08 दिनांक 9/12/2025

**आंशिक संशोधित निविदा सूचना**

इस कार्यालय के पत्रांक 484/कार्य-08 दिनांक 20/11/2025 के द्वारा आमत्रित निविदा जो कि दिनांक 13/12/2025 को अपराह्न 2:00 बजे तक आमंत्रित की गई थी जिसमें आंशिक संशोधन करते हुऐ दिनांक 24/12/2025 को आंमत्रित की जाती है। निविदा शाखा कार्यालय से 23/12/2025 को 5:00 सांय बजे तक क्रय की जा सकती है।
शेष नियम व शर्ते पूर्व की भाँति यथावत रहेगी।

**(मानविरेन्द्र सिंह कफोला)**
**परियोजना प्रबन्धक**



**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, (वि०/यॉ0) ग्रामीण निर्माण विभाग, उत्तराखण्ड तपोवन मार्ग, रायपुर रोड, देहरादून।**

पत्रांक 1121 / ग्रा०नि०वि० / निविदा सूचना / 2025-26 दिनांक 11.12.2025

**-: निविदा सूचना संख्या - 35:-**

उत्तराखण्ड राज्यपाल महोदय की ओर से कालम -08 के अनुसार मूल निर्माता / अधिकृत विक्रेता / ए श्रेणी विद्युतीकरण से निम्न कार्यों की निविदायें दिनांक 27.12.2025 को अपरान्ह 12.00 बजे तक कार्यालय अधिशासी अभियन्ता (वि0/ यॉ०) ग्रामीण निर्माण विभाग उत्तराखण्ड देहरादून में आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 27.12.2025 को अपरान्ह 12.30 बजे अधोहस्ताक्षरी अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि द्वारा निविदादाताओं अथवा उनके प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी। जिनका विक्रय दिनांक 26.12.2025 को अपराह्न 4:00 बजे तक अधिशासी अभियन्ता (वि0/ यॉ०), ग्रामीण निर्माण विभाग, उत्तराखण्ड देहरादून के कार्यालय से किया जायेगा।

| क्र० सं | कार्य का नाम | अनुमानित लागत जी०एस०टी० रहित (रू० लाख में) | धरोहर धनराशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं जी०एस० टी० | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा की वैधता | ठेकेदार हेतु श्रेणी | अनुरक्षण / रखरखाव |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | विकासखण्ड कीर्तिनगर के अंतर्गत तहसील कार्यालय के सभागार में साउण्ड सिस्टम, वी०सी० सिस्टम एवं एल०ई०डी० डिस्प्ले का विद्युतीकरण कार्य। | 10.50 | 31,500.00 | 2000.00 + 18% GST | 06माह | 60 दिन | मूल निर्माता/ अधिकृत विक्रेता | एक वर्ष की अवधि। |
| 2 | विकासखण्ड कीर्तिनगर के अंतर्गत तहसील कार्यालय के सभागार में आंतरिक विद्युतीकरण कार्य। | 4.73 | 14.500.00 | 500.00 + 18% GST | 06माह | 45 दिन | ए श्रेणी विद्युतीकरण | एक वर्ष |

**-: निविदा की शर्तें :-**

नोट:- 1. उक्त कार्य की जानकारी अधिशासी अभियन्ता (वि0/यॉँ०) ग्रामीण निर्माण विभाग उत्तराखण्ड देहरादून के कार्यालय में दिनांक 27.12.2025 से पूर्व किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

**(इं0 तहसीन अहमद)**
**अधिशासी अभियन्ता, (वि०/यॉ0)**
**ग्रामीण निर्माण विभाग तराखण्ड देहरादून**

# एस.एस.पी के आदेश पर पीड़ित की शिकायत दर्ज

## पुलिस की मौजूदगी में 82 वर्षीय नागरिक प्रताड़ित

■ चौकी अधिकारी की कार्यशैली से पीड़ित असंतुष्ट

■ वरिष्ठ नागरिक ने काफी संघर्ष किया

संतोष कुमार शाह टाइम्स

**हरिद्वार।** आखिर पीड़ित वीरिष्ठ नागरिक को अपनी शिकायत दर्ज कराने के लिए काफी भागदौड़ के बाद एस.एस.पी के आदेश पर कोतवाली ज्वालापुर पुलिस ने पांच आरोपियों पर विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया। आरोप हैं कि आरोपियों ने पीडित वीरिष्ठ नागरिक का मनोबल तोडने और एसएसपी तक पहुंचने के रास्ते में काफी बाधायें उत्पन्न करने का प्रयास किया। आरोप हैं कि इतना ही नहीं आरोपी महिलाओं ने कोतवाली में पुलिस की मौजूदगी में पीड़ित वीरिष्ठ नागरिक को जमकर प्रताड़ित करते हुए उन पर निराधार और घिनौने आरोप तक लगाये गये। 82 वर्ष के पीड़ित को शिकायत दर्ज कराने के लिए काफी संघर्ष करना पड़ा ऐसे में एस.एस.पी द्वारा वीरिष्ठ नागरिक की सुरक्षा व उनको राहत दिलाने के लिए चलाये जा रहे अभियान पर सवाल खडे हो रहे है। अगर इस मामले में एस.एस.पी द्वारा जांच कराई जाए तो मामला खुलकर सामने आयेगा कि पीड़ित को अपनी शिकायत दर्ज कराने के लिए आखिर इतनी भागदौड़ क्यों करनी पड़ी इसकी तह में जाये तो इसके पीछे एक चेतक सिपाही और एक चौकी अधिकारी की कार्यशैली पर सवाल खडे हो रहे है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अब्दुल वहाब पुत्र बंदा हसन निवासी इस्लामनगर ज्वालापुर ने एस.एस.पी कार्यालय में तहरीर देकर शिकायत की है कि पीड़ित 6 दिसम्बर की दोपहर करीब 1 बजे अपने घर में बैठा था। आरोप हैं कि उसके घर में चांद पुत्र यामिन, शबाना पत्नी चांद निवासीगण नूर बस्ती सहारनपुर यूपी हाल निवासी इस्लाम नगर, नूरजहां पत्नी राशिद, सहिया पुत्री राशिद और कलसुम पुत्री राशिद निवासीगण रहमतनगर खालावर मुजफ्फरनगर यू.पी हाल निवासीगण इस्लाम नगर, ज्वालापुर हरिद्वर घुस आए जो कि पहले से ही मकान को लेकर रंजिश रखते हैं। आरोप हैं कि चांद पुत्र यामिन ने गाली गलौच करते हुए उसको जान से मारने की नीयत से उसका गला दबाया व अन्य लोगों ने लात-घूसों से मारपीट शुरु करते हुए धमकी दी कि आज हम तुझ से मकान खाली करवाकर रहेंगे। तहरीर में पीड़ित ने यह भी लिखा कि उसके शोर मचाने पर आस-पास के काफी लोग मौके पर आ गए और उन लोगों ने पीड़ित को बचाया। आरोप हैं कि उक्त लोग जाते-जाते धमकी दी कि हम मकान तो तेरे से खाली करवाकर रहेंगे नही तो जान से मार देंगे। इसके बाद पीड़ित ने अपनी बेटी शमा प्रवीन को फोन किया तो वो लगभग 2 बजे घर पर आई और पीड़ित को थाने लेकर गई। चोटें देखते हुए पुलिस ने उपचार और मेडिकल कराने के लिए पर्ची दी। जिसपर पीड़ित का उपचार और मेडिकल हुआ। पीड़ित ने उक्त लोगों से अपनी व परिवार की जान माल का खतरा बताते हुए सुरक्षा की मांग करते हुए उक्त लोगों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। एसएसपी के आदेश पर कोतवाली ज्वालापुर पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया। कोतवाली ज्वालापुर प्रभारी निरीक्षक कुंदन सिंह राणा ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर पांच लोगों के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। पीड़ित की बेटी शमा प्रवीन ने बताया कि एसएसपी कार्यालय जाने से पूर्व उनको अपनी शिकायत दर्ज कराने के लिए कभी कोतवाली ज्वालापुर तो कभी रेल चौकी की ओर कई बार जाना पड़ा। इसी बीच आरोपी पक्ष भी पीड़ित की शिकायत दर्ज ना हो इसके लिए आरोपियों द्वारा पीड़ित पिता का मनोबल तोडने का काफी प्रयास किया गया। पीड़ित की सुपुत्री ने बताया कि वह अपने बीमार व घायल पिता को न्याय दिलाने के लिए उनको साथ लेकर इधर से उधर दौडती रही।आखिर एस.एस.पी के आदेश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया। जिसके लिए पीड़ित और उसकी बेटी शमा प्रवीन ने एस.एस.पी का आभार व्यक्त किया है।

# भूदेव ऐप पर भूकंप सतर्कता की सूचना

## आई.आई.टी ने ऐप तैयार किया

■ सभी नागरिक ऐप फोन पर डाउनलोड करें

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** उत्तराखंड प्रदेश भूकंप की दृष्टि से अति संवेदनशील प्रदेश है जहां भूकंप की घटनाएं घटित होती रहती है भूकंप से उत्तराखंड वासियों की सुरक्षा के दृष्टिगत भूकंप आने से पूर्व इसकी जानकारी समय से उपलब्ध हो जाए जिससे कि आम जन अपनी सुरक्षा के लिए सुरक्षित स्थान पर पहुंच सके जिसके दृष्टिगत मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह के कुशल नेतृत्व एवं निर्देशन में उत्तराखंड आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा आई.आई.टी रुड़की के सहयोग से भूदेव ऐप तैयार किया गया है जो भूकंप आने से पूर्व ही भूदेव ऐप के माध्यम से मोबाइल फोन पर अलर्ट कर देने की सूचना उपलब्ध हो जाएगी जिससे कि संबंधित व्यक्ति समय रहते अलर्ट होते हुए सुरक्षित स्थान पर पहुंच सके। सी.एम ने प्रदेश एवं जनपद वासियों से अपील की है कि अपनों व अपने रिश्तेदारों तथा परिचितों की सुरक्षा के लिए सभी लोग अपने मोबाइल फोन पर भूदेव ऐप को डाउनलोड करने के लिए प्रेरित करे। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपदाओं से बचाव के लिए तैयारी एवं समझदारी दोनों बहुत जरूरी है आपदा सुरक्षित उत्तराखंड निर्माण में सभी सहभागी बने।

# कांग्रेस ने ग्रामीण विधानसभा का प्रभारी नियुक्त किया

## पूर्व सचिव को प्रभारी का पद

■ अच्छी कार्यशाली व संघर्ष के कारण पदोन्नति

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने हरिद्वार ग्रामीण विधानसभा का प्रभारी गुलशन अंसारी निवासी पथरी को नियुक्त किया। इस दौरान उनके समर्थकों एव ग्रामीणों ने उनका फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया है। पूर्व में सचिव के पद पर गुलशन अंसारी ने अपनी भूमिका निभाई है। उनकी अच्छी कार्यशैली एवं पार्टी के लिए उनके संघर्ष को देखते हुए उनका कद बढ़ा दिया है। गुरुवार देर रात को प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने उत्तराखंड की सभी विधानसभा के प्रभारी घोषित किये है। हरिद्वार ग्रामीण में गुलशन अंसारी, संजय सैनी, अरुण चौधरी, को विधानसभा प्रभारी नियुक्त किया है। इस दौरान गुलशन अंसारी ने सभी प्रदेश पदाधिकारी का धन्यवाद किया और कहा मुझे बहुत खुशी हो रही है। प्रदेश की कार्यकारिणी ने मुझ पर भरोसा जताया मैं सभी का दिल की गहराइयों से आभारी हूँ कांग्रेस पार्टी के लिए हर समय खड़ा रहूँगा इस मौके पर डॉ वसीम अंसारी, सहजान अंसारी, फरमान अंसारी, वसीम सलमानी, शाहनूर रंगरेज, जुलकर अंसारी, मुराद मलिक, नफीश अहमद, भुल्लू मलिक, साजिद मलिक, शेरअली, शारुख अंसारी, जाहिद अंसारी आदि लोग उपस्थित रहे।



# धामी के आदेश पर भाजपा टीम ने स्वच्छता अभियान में प्रतिभाग किया

## पीएम मिशन के दृष्टिगत सीएम ने एक अभिनव पहल की घोषणा की : धर्मेंद्र

■ कार्यकर्ता स्वच्छता का संदेश जन-जन तक पहुंचाएंगे : संजीव

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** दिनांक 11 दिसम्बर को भाजपा हरिद्वार ने हर की पौड़ी सुभाष घाट पर स्वच्छता अभियान चलाया। अभियान का नेतृत्व जिला अध्यक्ष आशुतोष शर्मा ने किया। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुभाष घाट पर सफाई अभियान करते हुए घाट व नालियों को साफ किया घाट पर जमे कचरे को उठाया और वहां पर उपस्थित लोगों को सफाई के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर अध्यक्ष ने कहा कि स्वच्छता केवल सफाई नहीं बल्कि सामाजिक चेतना का आंदोलन है। और हम सबको इस आंदोलन में भाग लेना चाहिए। एक अकेला व्यक्ति स्वच्छता नहीं कर सकता। हम सबको मिलकर इसमें सहयोग करना पड़ेगा। हमें यह सुनिश्चित करना पड़ेगा कि हम सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ा कचरा ना फैलाएं। जहां पर डस्टबिन रखे हो वहां पर कूड़े को निस्तारित करें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के साथ-साथ उत्तराखंड के मुख्यमंत्री ने भी स्वच्छता के लिए विशेष आह्वान किया है। जिसको आत्मसात करते हुए आज कार्यकर्ताओं ने स्वच्छता अभियान चलाया है। इस अवसर पर जिला महामंत्री हीरा सिंह बिष्ट और संजीव चौधरी ने बताया कि भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा आज स्वच्छता अभियान की शुरुआत पतित पावनी मां गंगा के पवित्र हर की पौड़ी के निकट सुभाष घाट से की जा रही है। इसके अगले चरण में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा मंडलों और बूथ स्तर पर स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। जिससे कि स्वच्छता का संदेश जन-जन तक दिया जा सके। उन्होंने प्रत्येक कार्यकर्ता से आह्वान किया कि वह आगे बढ़कर स्वच्छता का हिस्सा बनकर स्वच्छता में अपना सहयोग प्रदान करें।

इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष संदीप गोयल और सचिन अग्रवाल ने बताया कि मुख्यमंत्री पुष्कर धामी की पहल पर पूरे उत्तराखंड में सरकारी कर्मचारी, भाजपा कार्यकर्ता, स्वयं सहायता समूह और आम जन स्वच्छता अभियान में प्रतिभाग कर रहे है तथा मुख्यमंत्री के अभियान को आगे बढ़ाने में अपना सहयोग प्रदान कर रहे हैं। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष लव शर्मा और जिला मीडिया प्रभारी धर्मेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि पीएम मोदी के स्वच्छ भारत मिशन को और मजबूत आधार देते हुए सीएम धामी ने एक अभिनव पहल की घोषणा की है। घोषणा के तहत पार्टी कार्यकर्ताओं और आम जन द्वारा स्वच्छता का अभियान चलाया जाएगा और सीएम ने घोषणा की है कि वह जिस स्थान पर सभा करेंगे वहां पर सीएम स्वयं स्वच्छता अभियान चलाएंगे। इस संबंध में सीएम ने जिलाधिकारी सहित सभी नगर निगम, ग्राम पंचायत, और सरकारी कर्मचारी को सख्त निर्देश दिए की स्थानीय स्तर पर साफ सफाई को प्राथमिकता दी जाए। इस अवसर पर सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# प्राथमिक विद्यालय में दो कक्षों का निर्माण

## प्रदेश उपाध्यक्ष ने शिलान्यास किया

■ अध्यापक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा बच्चों को दे : यतीश्वरानंद

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष स्वामी यतीश्वरानंद ने राजकीय प्राथमिक विद्यालय भोगपुर में दो कक्षों का शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि विद्यालय में कक्षों के निर्माण होने से सुविधाओं में सुधार होगा। साथ ही गांव एवं आसपास के क्षेत्रों के बच्चों को पढ़ने में सुविधा मिलेगी। हरिद्वार ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम भोगपुर के राजकीय विद्यालय में दो कक्षों का निर्माण हुआ है। दोनों कक्षों को बच्चों को समर्पित करते हुए स्वामी यतीश्वरानंद ने शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री धामी शिक्षा के सुधार के लिए हर संभव काम करा रहे हैं। स्कूलों में पढ़ने योग्य माहौल, भवन सुदृढ़ हो और व्यवस्थाएं हो इसके लिए निरंतर काम चल रहा है। उन्होंने कहा कि प्राथमिक विद्यालय बच्चों को शिक्षा दिलाने की आधारशिला है और इसके लिए केंद्र और राज्य सरकार सभी बच्चों को निशुल्क पाठ्य सामग्री, वेशभूषा, मिड-डे मील, खेलों के लिए सामग्री उपलब्ध कराने का काम कर रही है। उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारियों से स्कूलों में सुविधाओं के साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दिलाने के लिए हर संभव कार्य कराने के लिए कहा। प्रधानाध्यापक सुनील शर्मा ने सभी आगंतुकों का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मौके पर भाजपा के मंडल अध्यक्ष सुशील पंवार, पूर्व अध्यक्ष जितेंद्र सैनी, उप ब्लॉक प्रमुख धर्मेंद्र प्रधान, आशीष कश्यप, पूर्व प्रधान जगपाल सिंह सहजयोगी, मगन सिंह आदि शामिल हुए।



# सुशासन कैंप का सफल आयोजन : एच.आर.डी.ए

## 22 मानचित्रों का निस्तारण

■ अधिकारी समस्याओं का संतोषजनक निस्तारण करें

■ पुनः 15 दिसम्बर को कैंप

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** मुख्यमंत्री के सरलीकरण, समाधान, निस्तारण एवं संतुष्टि के मंत्र को आगे बढ़ाते हुए हरिद्वार रुड़की विकास प्राधिकरण द्वारा दिनांक 12 दिसम्बर को सुशासन कैंप का सफल आयोजन ब्लॉक सभागार बहादराबाद हरिद्वार में किया गया। इससे पूर्व भी दो सुशासन कैंप आयोजित किए जा चुके हैं। कैंप में बड़ी संख्या में आवेदक अपनी विभिन्न समस्याओं के समाधान हेतु पहुँचे। आज के कैंप में सचिव मनीष कुमार सिंह, संयुक्त सचिव दीपक रामचंद्र सेठ, अधीक्षण अभियंता राजन सिंह, सहायक अभियंता वर्षा, सहायक अभियंता प्रशांत सेमवाल, टेक्निकल कंसल्टेंट गोविंद, अवर अभियंता एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। उपाध्यक्ष सोनिका द्वारा विभिन्न मामलों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी आवेदकों की समस्याओं का त्वरित, पारदर्शी एवं संतोषजनक निस्तारण सुनिश्चित किया जाए ताकि आम जनता को वास्तविक रूप से सुशासन का लाभ प्राप्त हो सके। कैंप के दौरान आठ मानचित्र स्वीकृत किए गए तथा 14 मानचित्र निर्गत किए गए। इस प्रकार कुल 22 मानचित्रों का निस्तारण किया गया।विकास प्राधिकरण ने बताया कि अगला सुशासन कैंप पुन:15 दिसंबर को ब्लॉक सभागार बहादराबाद हरिद्वार में आयोजित किया जाएगा। प्राधिकरण ने समस्त नागरिकों से अपील की है कि वे सुशासन कैंप में पहुँचकर अपने निर्माण मानचित्र, शुल्क निस्तारण, तकनीकी समाधान एवं अन्य विकास संबंधी मुद्दों का त्वरित निस्तारण प्राप्त करें।



# घिससुपुरा तिराहे से स्मैक तस्कर दबोचा

## एनडीपीएस अधिनियम के तहत अभियोग दर्ज

■ पथरी पुलिस की कार्रवाई

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** पुलिस ने ड्रग्स फ्री देवभूमि मिशन के अंतर्गत नशे का कारोबार करने वालों के खिलाफ चलाए गए अभियान में एक नशा तस्कर को 5.03 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया। आरोपी के खिलाफ थाना पथरी पर एन.डी.पी.एस अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।न्यायालय आदेशनुसार आरोपी को जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार गुरुवार देर शाम को ड्रग्स फ्री देवभूमि मिशन के अंतर्गत चलाए गए अभियान को सफल बनाने के लिए उपनिरीक्षक महेंद्र पुंडीर, कांस्टेबल नरेश बहुगुणा, बालकराम, वीरेंद्र चौहान, के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया तत्पश्चात वाहन चौकिंग के दौरान एक व्यक्ति को घिससुपुरा तिराहे से गिरफ्तार किया गया। तलासी लेने पर व्यक्ति के पास से लगभग 5.03 ग्राम स्मैक बरामद हुआ पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम सैफ अली पुत्र लियाकत अली निवासी घिससुपुरा बताया आरोपी स्मैक बेचने का काम करता है तथा स्मैक के बारे में कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया एस.ओ पथरी मनोज नोटियाल ने बताया की आरोपी के पास से नशीला पदार्थ स्मैक मिला जिस कारण कानूनी कार्रवाई की गई।




# कर्मयोगी संस्थान 6.7 हजार अस्थियों का विसर्जन कर चुकी

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** श्री कर्मयोगी सेवा संस्थान के पदाधिकारियों ने अज्ञात लावारिस, गरीब, असहाय, निर्धन एक सौ तीन व्यक्तियों की अस्थियों का विसर्जन पूर्ण विधि विधान के साथ हर की पैड़ी पर किया। संस्था के अध्यक्ष अनिल कुमार शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि 21 जून से 10 दिसंबर तक जो भी अस्थियां एकत्र की गई है। उन्हें मोक्ष के लिए संपूर्ण विधि विधान से गंगा में विसर्जित किया गया। अनिल कुमार ने बताया कि अस्थि विसर्जन हिंदू रीति रिवाज में महत्वपूर्ण स्थान रखता है। 21 जून से पूर्व 6 हजार सात सौ अस्थियों का विसर्जन कर चुके हैं। लावारिस लोगों का अंतिम संस्कार भी संस्था द्वाराकिया जाता है। कोरोना काल में भी अनेकों लावारिस लोगों का अंतिम संस्कार एवं अस्थि विसर्जन किया गया था। उन्होंने कहा कि लावारिस अस्थियों का विसर्जन एवं पिंड दान करना पुण्य का कार्य है। संस्था लगातार समाज सेवा के क्षेत्र में काम कर रही है। संस्था के माध्यम से निर्धन परिवारों के उत्थान के लिए उनकी मदद भी की जाती है। अनिल कुमार शर्मा ने कहा कि मां गंगा के आशीर्वाद से समाज सेवा का यह कार्य कई वर्षों से संचालित है और आगे भी निरंतर सचालित किया जाएगा। इस दौरान संस्था के अन्य सदस्य लक्ष्मण सिंह हांडा, लक्ष्मी नारायण शर्मा, योगेश शर्मा आदि भी मौजूद रहे।



# शराब और सट्टे के कारोबार में संलिप्त छह दबोचे

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** ज्वालापुर कोतवाली पुलिस ने अवैध रूप से शराब व सट्टे के कारोबार में संलिप्त छह आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से देशी शराब के 160 टैट्रा पैक, अंग्रेजी शराब के 104 पव्वे, सट्टा सामग्री व 2100 रूपए नकद बरामद हुए हैं। 11 दिसंबर को ज्वाालपुर पुलिस ने क्षेत्र में छापेमारी अभियान चलाया और अवैध रूप से शराब का धंधा कर रहे पाँच आरोपियों व सट्टे की खाईबाड़ी कर रहे एक आरोपी को दबोच लिया। आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम व जुआ अधिनियम के तहत अभियोग दर्ज किए गए हैं।




# स्वास्थ्य एवं पोषण वितरण शिविर का आयोजन

## भेल चिकित्सा विभाग की अहम भूमिका

■ 80 विधार्थियों के आंखों की जांच

शाह टाइम्स संवाददाता


**हरिद्वार।** बी.एच.ई.एल हरिद्वार द्वारा कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व के अंतर्गत उपनगरी के सेक्टर-3 स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय, संख्या-33 में छात्र-छात्राओं हेतु एक नि:शुल्क स्वास्थ्य एवं पोषण वितरण शिविर का आयोजन किया गया। बी.एच.ई.एल चिकित्सा विभाग के सहयोग से आयोजित इस शिविर का शुभारम्भ महाप्रबंधक मानव संसाधन संतोष कुमार गुप्ता ने किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए संतोष कुमार गुप्ता ने कहा कि आज का यह शिविर बच्चों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने और उन्हें बेहतर जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि बच्चों के स्वास्थ्य का नियमित परीक्षण अत्यंत आवश्यक है और बी.एच.ई.एल का यह प्रयास है कि हर बच्चा स्वस्थ रहे और सही पोषण के साथ आगे बढ़े। गुप्ता ने बताया कि बीएमआई और आंखों की जांच जैसे परीक्षण, उनके समग्र विकास के लिए मददगार हैं। उल्लेखनीय है कि इस शिविर में लगभग 80 छात्र-छात्राओं की आंखों एवं बी.एम.आई जांच की गई तथा नि:शुल्क पोषण सामग्री एवं दवाइयों का वितरण किया गया। इस सराहनीय प्रयास हेतु विद्यालय की ओर से बी.एच.ई.एल का आभार व्यक्त किया गया तथा भविष्य में भी ऐसे ही सहयोग की अपेक्षा व्यक्त की गई। इस अवसर पर अपर महाप्रबंधक सी.एस.आर पार्थ सारथी गौड़ा, विद्यालय की प्रधानाचार्य गुरमीत कौर एवं शिक्षकगण, बी.एच.ई.एल चिकित्सक तथा पैरा मेडिकल स्टाफ के सदस्य आदि उपस्थित रहे।



# प्रभु के स्मरण से जीवन के सभी दुखों का अंत होता है : महंत सुरेंद्रनाथ अवधूत

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** भगवान श्रीराम के आदर्शों पर चलने वाले व्यक्ति का बेड़ा भवसागर से पार हो जाता है। उक्त उद्गार सनातन हिंदू वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं कालिका पीठाधीश्वर श्रीमहंत सुरेंद्रनाथ अवधूत ने श्रद्धालु भक्तों को संबोधित करते हुए व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि प्रभु श्रीराम के नाम में ही अपार शक्ति है। उनके नाम का स्मरण करने के मात्र से ही जीवन के सभी दुखों का अंत हो जाता है। उनका नाम लिखे पत्थर भी पानी में तैरने लगते हैं। श्रीमहंत सुरेंद्रनाथ अवधूत ने कहा कि सनातन धर्म में आस्था रखने वाले करोड़ों हिंदू भगवान श्रीराम के आदर्शों पर चलकर भारतीय संस्कृति को आगे बढ़ा रहे हैं। जब-जब पृथ्वी पर अत्याचार बढ़ा है। तब-तब भगवान श्रीराम ने किसी ना किसी रूप में अवतार लेकर दुष्टों का संहार कर पृथ्वी को संकट से उबारा है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को भगवान श्रीराम के आदर्शों पर चलते हुए धर्मानुकूल आचरण करना चाहिए और आदर्श समाज की स्थापना में योगदान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि देश में प्रधानमंत्री मोदी, यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सनातन परंपराओं को मजबूत कर रहे हैं। श्रीमहंत सुरेंद्रनाथ अवधूत ने कहा कि हरिद्वार भगवान शिव की नगरी और चारधाम यात्रा का प्रवेश द्वार है। आदि अनादि काल से हरिद्वार में निर्मल स्वरूप में बह रही मां गंगा करोड़ों श्रद्धालु भक्तों का कल्याण करती है। जो व्यक्ति सच्ची श्रद्धा भक्ति से मां गंगा में डुबकी लगा लेता है। उसका जीवन सदा सुखमय व्यतीत होता है।



हरिद्वार में समाचार व विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें :
शाह टाइम्स हरिद्वार
डी. एस. वर्मा
प्रभारी हरिद्वार/ब्यूरो चीफ
मो.: 9411100741

# मजदूरों से भरी प्राइवेट बस सड़क किनारे खड़े डंपर में घुसी

- 25 मजदूर हुए घायल, मची चीख–पुकार
- हादसे के बाद चालक बस से कूदकर मौके से हो गया फरार




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** नेशनल हाईवे 74 पर ग्राम कनौरा में मध्य रात्रि एक भयंकर सड़क हादसा हो गया। बता दे कि उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी से मजदूर प्राइवेट बस में सवार होकर देहरादून में मजदूरी का कार्य करने के लिए जा रहे थे। बताया जाता है कि इसी बीच गुरुवार की मध्य रात्रि साढ़े बारह बजे नेशनल हाईवे 74 पर ग्राम कनौरा तट पर तेज रफ्तार प्राइवेट बस का चालक गति पर नियंत्रण खो बैठा। जिस कारण बस सड़क किनारे खड़े डंपर में पीछे से जा घुसी इस हादसे में बस में सवार 20 से 25 मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें आनन–फानन में सूचना पर पहुंची पुलिस और 108 एंबुलेंस के माध्यम से उपचार हेतु उप जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया। घटना से पुलिस प्रशासन व आसपास के क्षेत्र में हड़कंप मच गया।

पुलिस ने सरकारी अस्पताल पहुंचकर घायलों से घटना के संबंध में जानकारी हासिल की और हादसे में बुरी तरह से क्षतिग्रस्त दोनों वाहनों को दोराहा चौकी की पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है। घटना स्थल पर मौजूद लोगों ने बताया कि बस में फंसे कई मजदूरों को कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला गया था।

वहीं ग्राम कनौरा में घरों में सौ रहे लोग को इस हादसे की तेज धमाके के साथ आवाज सुनाई दी। जिसके बाद लोग नींद से उठकर तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे। जहां लोगों ने बस में फंसे मजदूरों को किसी तरह बाहर निकाला और अस्पताल भिजवाया। घटना की सूचना पर बाजपुर, केलाखेड़ा, नारायणपुर, कुंडेश्वरी काशीपुर और कुंडा काशीपुर, महुआखेड़ा गंज सुल्तानपुर पट्टी की 108 एंबुलेंस के माध्यम से सभी घायलों को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायलों ने बताया कि बस चालक नशे में धूत था और तेज गति से बस को चला रहा था। उन्होंने कहा कि घटना के बाद बस चालक बस से कूदकर मौके से फरार हो गया था।

## हादसे में घायल हुए लोग

कुलदीप पुत्र जोगीराम, राजू सिंह पुत्र दुक्खी राम, अमित मौर्या पुत्र सूरज प्रकाश, सुलाखा देवी पत्नी उत्तम कुमार, अतुल पुत्र द्वारिका प्रसाद, प्रतीक पुत्र सुनील, अच्छे लाल पुत्र भगवानी, राम बहादुर पुत्र बाबूराम, छोटे लाल पुत्र बिंद्रा, सूरज कुमार पुत्र माधोराम, मुकेश कुमार पुत्र बेचे लाल, रामचन्द्र पुत्र गोवर्धन, सरस्वती देवी पत्नी धीरज कुमार, धीरज कुमार पुत्र हरपाल, अजय पुत्र राम लौटन, शराफत खान पुत्र खलील खान, पटवारी पुत्र रामलौटन, छेलू पुत्र महेश यादव, सरिता देवी पत्नी आशीष अवस्थी, सार्थक पुत्र आशीष अवस्थी, संतोष पुत्र राम प्रदार, छोटू पुत्र सत्रोहन लाल, आत्मा राम पुत्र



अर्जुन लाल, कन्यावाती पुत्री उत्तम कुमार आदि शामिल थे। इनमें से कुछ लोगों के गुम चोटे भी आई है।

# सड़क हादसे में बिलासपुर के युवक की मौत




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**दिनेशपुर।** सड़क दुघर्टना में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। युवक यूपी का निवासी था, और नगर में एक समारोह से घर लौट रहा था।

जानकारी क मुताबिक अशोक नगर बिलासपुर रामपुर निवासी 25 वर्षीय करन विश्वास गुरुवार की देर रात को नगर में एक बर्थडे पार्टी में शामिल होकर अपनी बाइक से घर लौट रहा था। शिवपुर के पास जाफरपुर की ओर से आ रही एक ई–रिक्शा से उसकी बाइक टकरा गई। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां से हालत गंभीर बताकर उसे बरेली रेफर कर दिया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

परिजन पुलिस को सूचना दिए बगैर शव को अपने गांव ले गए। वहीं थाना अध्यक्ष रविंद्र सिंह बिष्ट ने बताया ऐसी कोई सूचना नहीं मिली।

# वन टीम पर फायरिंग करने का वांछित आरोपी दिल्ली से दबोचा

- एक साल से लगातार ठिकाने बदलकर फरार हो रहा था आरोपी अरशद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानकमत्ता।** पुलिस ने एक साल पूर्व वन विभाग की टीम पर छापे के दौरान हुई फायरिंग ने मामले में वाछित फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

शुक्रवार को पुलिस से मिलीघ जानकारी के अनुसार बीते 16 अक्टूबर 2024 को वन विभाग की टीम ने मुखबिर द्वारा सूचना पर खैर की लकड़ी को कुछ स्थानीय लोगों द्वारा उत्तर प्रदेश राज्य से आई एक पिकअप में अवैध कटान करके लोड किया जा रहा है की सूचना मिली थी,जब वन विभाग की टीम द्वारा ग्राम कैथुलिया में दबिस दी गयी तो आरोपियों ने वन टीम पर हमला कर दिया था एक जसपाल सिंह उर्फ टिक्कू ने वन विभाग के कर्मचारी जितेन्द्र सिंह के ऊपर जान से मारने की नियत से अवैध तमंचे से फायर कर दिया, जिससे वन कर्मी जितेन्द्र सिंह गम्भीर रूप से घायल हो गया था। पुलिस ने भूपाल सिंह की तहरीर पर आठ लोगों के विरुद्ध कई धाराओं में अभियोग दर्ज किया था। पुलिस ने सात आरोपियो को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। जबकि पिकअप का चालक अरशद पुत्र अखलाकउद्दीन निवासी उझारी थाना सैदनगली जनपद अमरोहा उत्तर प्रदेश घटना के बाद से ही फरार चल रहा था जिसे पुलिस की टीम ने एक वर्ष बाद दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम उप निरीक्षक संजय कुमार ,उप निरीक्षक मनोज जोशी, मुख्य आरक्षी नवनीत कुमार, सिपाही प्रकाश आर्या, भूपेंद्र आर्य शामिल हैं।

# कोलम्बस स्कूल में मासिक धर्म स्वच्छता पर जागरूकता सत्र आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** स्थानीय मॉडल कॉलोनी स्थित शहर के प्रतिष्ठित कोलम्बस पब्लिक स्कूल में कक्षा 5 से 9 तक की अध्ययनरत् छात्राओं के लिए मासिक धर्म स्वच्छता पर एक महत्वपूर्ण जागरूकता सत्र का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस सत्र का मुख्य उद्देश्य किशोरावस्था की आयु में प्रवेश कर रही लड़कियों को मासिक धर्म से जुड़ी आवश्यक जानकारियां प्रदान करना, उन्हें वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना और उनसे जुड़ी सामाजिक भ्रांतियों को दूर करना था।

सत्र का संचालन बाठला अस्पताल एवं प्रसूति केंद्र की मशहूर प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ डा. मनप्रीत बाठला द्वारा किया गया, जिन्होंने मासिक धर्म को एक प्राकृतिक जैविक प्रक्रिया के रूप में समझाया। उन्होंने लड़कियों को यह संदेश दिया कि मासिक धर्म शर्म का नहीं, बल्कि शरीर की स्वस्थ कार्यप्रणाली का संकेत है। सवर्प्रथम विद्यालय के प्रधानाचार्य मनोज कुमार ने दुशाला ओढ़ाकर एवं पुष्पगुंज भेंट कर डा. मनप्रीत बाठला का औपचारिक स्वागत किया। तत्पश्चात् डा. मनप्रीत बाठला ने विद्यालय की कक्षा 5 से 9 वीं की छात्राओं को किशोरावस्था स्वास्थ्य एवं मासिक धर्म स्वच्छता विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने किशोरावस्था के साथ आने वाले शारीरिक, मानिसक व हामोर्नल परिवतर्नों के बारे में खुलकर बात की। अपनी बातचीत के माध्यम से उन्होंने बढ़ती उम्र में आने वाले ऐसे बदलावों से निपटने के सही तरीकों पर प्रकाश डाला। डा. मनप्रीत बाठला ने छात्राओं को जानकारी देते हुए बताया कि लड़िकयों में मासिक धर्म का होना स्वाभाविक एवं प्राकृतिक प्रक्रिया है, जिसकी नियमितता स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से अत्यंत महत्वपूर्ण होती है।

# दियोहरी में 11 हजार वोल्ट लाइन को हटाने की मांग तेज

- ग्रामीणों ने दलित नेता के नेतृत्व में बिजली विभाग के खिलाफ किया धरना प्रदर्शन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** ग्राम दियोहरी के ग्रामीणों ने घरों के ऊपर से गुजर रही 11हजार वोल्ट की विद्युत लाइन को तत्काल हटाने की मांग को लेकर शुक्रवार को तहसील परिसर में विद्युत विभाग के खिलाफ प्रदर्शन कर धरना दिया। ग्रामीणों का कहना है कि यह लाइन उनके घरों के बिल्कुल ऊपर से गुजर रही है, जिससे किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है। धरना उत्तराखंड वाल्मीकि दलित सुधार संगठन के अध्यक्ष अनिल वाल्मीकि के नेतृत्व में आयोजित किया गया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण कई बार विभागीय अधिकारियों से शिकायत कर चुके हैं, लेकिन समस्या का समाधान नहीं किया जा रहा है। यदि विद्युत लाइन को जल्द सुरक्षित स्थान पर नहीं हटाया गया, तो संगठन बड़े आंदोलन की रूपरेखा तैयार करेगा। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि विद्युत विभाग की लापरवाही के कारण वे लगातार डर और असुरक्षा के माहौल में जीने को मजबूर हैं। उन्होंने प्रशासन को चेतावनी दी कि यदि समस्या का निराकरण नहीं किया गया, तो उग्र आंदोलन के लिए वे बाध्य होंगे। इस मौके पर सुमन, संजीव, आशा, रेनू, पिंकी, लक्ष्मी, प्रेमवती, रश्मि, रेखा, कन्यावती, जमना, गीता देवी, रामवती, मुन्नी, अनिता आदि मौजूद रहे।

## टनकपुर–बनबसा महायोजना 2041 पर विस्तृत मंथन

**टनकपुर।** नगर पालिका परिषद टनकपुर के सभागार में आज अपराह्न 3 बजे टनकपुरख्रबनबसा महायोजना 2041 को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। यह बैठक मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड सरकार, देहरादून द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम में पालिका अध्यक्ष विपिन कुमार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में डा. गौरव वैद्य ने नगर क्षेत्र टनकपुर की मौलिक, भौतिक एवं भविष्य की शहरी आवश्यकताओं पर विस्तारपूर्वक प्रस्तुति दी। इस दौरान शहर के विकास, इंफ्रास्ट्रक्चर उन्नयन, यातायात प्रबंधन और जनसुविधाओं को लेकर गहन चर्चा की गई। पालिका अध्यक्ष विपिन कुमार ने नगर के प्रमुख मुद्दों को रखते हुए टनकपुर में सीवर लाइन व्यवस्था को सुदृढ़ करने, मां पूर्णागिरी मेले में आने वाले तीर्थ यात्रियों को टनकपुर नगर में ठहराने हेतु प्रभावी प्रबंध करने की मांग की।

## सांसद प्रतिनिधि इंदर रावत ने ग्राम पूछड़ी के पीड़ितों से की मुलाकात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** पूर्व ब्लॉक प्रमुख व सांसद प्रतिनिधि इंदर रावत ने कहा कि वह काफी दिनों से अस्वस्थ होने के कारण पूछड़ी क्षेत्र में नहीं आ पाए थे। उन्होंने भाजपा ग्रामीण मण्डल अध्यक्ष घनश्याम शर्मा और भाजपा समर्थकों के साथ ग्राम पूछड़ी क्षेत्र में पहुंचे। पुछड़ी ग्राम क्षेत्र में वन विभाग की हालिया कार्रवाई से प्रभावित परिवारों से मुलाकात की।

पीड़ित लोगों ने बताया कि कार्रवाई के दौरान उनका पक्ष सुने बिना ही उनके घर तोड़े गए, जबकि कई परिवार 1964 से यहां रह रहे थे। महिलाओं ने यह भी बताया कि पुलिस–प्रशासन के कुछ कर्मियों द्वारा अभद्रता और मारपीट तक की गई, जो बेहद चिंताजनक और निंदनीय है। वन विभाग के अधिकारियों से बात करने पर उन्होंने बताया कि यह कार्रवाई कोर्ट के आदेश के तहत की गई।

---

**उत्तराखण्ड पेयजल संसाधन विकास एवं निर्माण निगम**
कार्यालय अधिशासी अभियंता, निर्माण शाखा, विकासनगर
(डाकपत्थर रोड़ नियर पुल न0–1), ईमेल : eecdvikasnagar@gmail.com

पत्रांक 1418/निविदा/22 — **अल्पकालीन निविदा सूचना** — दिनांक: 12.12.2025

उपरोक्त पत्रांक के द्वारा "जनपद देहरादून के विकासखण्ड कालसी की जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत स्वीकृत निम्न पेयजल योजना के निर्माण कार्य" हेतु निविदाएं दिनांक 29.12.2025 को कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, निर्माण शाखा, उत्तराखण्ड पेयजल निगम विकासनगर में आमंत्रित की जाती है। निविदा की नियम एवं शर्तें कार्यालय से प्राप्त की जा सकती हैं।

| क्र सं | कार्यों का नाम | धरोहर धनराशि (रू0 में) | पंजीकृत श्रेणी (पाइप लाइन कार्यों में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नागथात ग्राम समूह पम्पिंग पेयजल योजना के अन्तर्गत मैहसासा खड्ड से एम0पी0एस0 तक पाईप लाईन बिछाना एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 20,000.00 | "डी" अथवा "उच्च" श्रेणी | रू. 1000.00 + 18% जी.एस.टी. | 03 माह |

अधिशासी अभियन्ता

"जल संचय–जीवन संचय" कृपया जल श्रोतों को प्रदूषित होने से बचायें"
वैधानिक चेतावनी–जल श्रोतों को प्रदूषित करना दण्डनीय अपराध है।

---

**उत्तराखण्ड पॉवर कारपोरेशन लिमिटेड**
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
कारपोरेट आईडेन्टीटी संख्या: UA40109UP2001SGC025867/2358
विक्टोरिया कास विजेता गबर सिंह ऊर्जा भवन, कांवली रोड़, देहरादून,
दूरभाष संख्या 0135–2763672–75, फैक्स 0135–2760289, वेबसाईट www.uktenders.gov.in

**ई–निविदा सूचना**
निविदा विशिष्टीकरण संख्या सीसीपी – ।।/ 13/2025–2026

उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि0, देहरादून, आर0डी0एस0एस0 योजना के अन्तर्गत ऋषिकेश में एचटी एवं एलटी विद्युत नेटवर्क के अंडरग्राउंडिंग कार्य टर्नकी आधार पर करने हेतु ई–निविदा आमंत्रित करता है जिसका विवरण निम्नवत है:–

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (₹ लाख) | धरोहर राशि (₹ लाख) | निविदा प्रपत्र का मूल्य जी0एस0टी0 सहित (₹) | निविदा से पूर्व आयोजित सभा की तिथि एवं समय | निविदा क्रय करने एवं निविदा प्रपत्र अनलाईन एवं आफलाईन जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | आनलाईन एवं आफ लाईन निविदा भाग–एक खुलने की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | एचटी एवं एलटी विद्युत लाइन को भूमिगत किये जाने का कार्य। (उपस्थान–मनेरी भाली, वीरभद्र एवं एम्स) | 6453.128 | 129.063 | 29 500 | 20.12.2025 को 11:30 बजे विक्टोरिया क्रास विजेता गबर सिह ऊर्जा भवन, कांवली रोड, देहरादून | 07.01.2026 को 17:00 बजे तक | 08.01.2026 को 15:30 बजे |

अन्य विवरण के लिए कृपया हमारी वेवसाईट www.uktenders.gov.in को देखें।
No:- 800/EE(CM)/UPCL/A-2 Dated: 12.12.2025

अधीक्षण अभियन्ता
कारपोरेट (अनुबन्ध एवं क्रय–द्वितीय)

राष्ट्र हित में बिजली बचायें, बिजली बचाने हेतु एल0ई0डी0 बल्ब का प्रयोग करें। (टोल फ्री नं0 1912) विद्युत बिलो के 24x7 ऑनलाइन गुगतान हेतु www.upcl.org पर जाऐं (विद्युत चोरी की सूचना टोल फ्री नं0 1800 180 4185/फैक्स संख्या–0135–2760911 पर दें।)

---

**उत्तराखण्ड पावर कॉरपोरेशन लि0**
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड (उत्तर) 18 ई0सी0 रोड, देहरादून
दूरभाष: 2652916 कॉरपोरेट आईडेन्टीटी संख्या: U40109UR2001SGC025867

**निविदा सूचना**

अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु उत्तराखण्ड शासन द्वारा प्रदत्त विद्युत कार्यों के लिए 'क' श्रेणी के लाईसेन्स धारक, वैध जी.एस.टी, ई.पी.एफ., ई.एस.आई.सी. के अन्तर्गत पंजीकृत, आयकर पैन कार्ड धारक निविदादाताओं से मुहरबन्द निविदायें दो भागो में (प्रथम भाग में निविदा धरोहर धनराशि संबंधी घोषणा पत्र, नियम एवं शर्ते, उत्तराखण्ड विद्युत निरीक्षक द्वारा निर्गत 'ए' क्लास लाईसेंस की प्रतिलिपि, जी.एस.टी पंजीकरण, पैनकार्ड आदि एवं द्वितीय भाग में दरें जो कि निविदा खुलने की तिथि से कम से कम छः माह तक वैध हो) दिनांक **03.01.2026** को 14.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है जिसका प्रथम भाग उसी दिन 15.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं अथवा उनके प्रतिनिधियों के सम्मुख अधोहस्ताक्षरी द्वारा सार्वजनिक रूप से खोला जायेगा। प्रथम भाग के मूल्यांकन के बाद द्वितीय भाग खोला जायेगा। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिव्स में वैध जी.एस.टी. धारक के द्वारा दिनांक **02.01.2026** (14:00 बजे) तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से निविदा प्रपत्र का मूल्य नगद (अप्रतिदेय) जमा कर क्रय किये जा सकते हैं। बिना निविदा धरोहर धनराशि व अन्य संबधित घोषणा पत्र के निविदा भाग–2 नहीं खोली जायेंगी। निविदा खुलने की तिथि में अवकाश होने/अधोहस्ताक्षरी के मुख्यालय से बाहर होने पर अगले कार्य दिवस को निविदा खोली जाएगी। अधोहस्ताक्षरी को यह अधिकार होगा कि वह बिना कारण बताये समस्त अथवा किसी भी निविदा को निरस्त कर सकते हैं। विस्तृत नियम एवं शर्ते निविदा प्रपत्र में वर्णित है।

**निविदा संख्या EDD (N) -20/2025-2026, Work-** Construction & Shifting of HT/LT & Sub-Station under Deposit Head in EDSD Sahastradhara Road/Rajpur Road, under EDD (North), Dehradun की **धरोहर राशि रू0 30,000.00, निविदा प्रपत्र का मूल्य रू0. 1,000.00.** G.S.T. Extra.

पत्रांक: 4661/विविख(उ)/ दिनांक: 12/12/2025 — अधिशासी अभियन्ता

किसी भी विद्युत समस्या के लिए सम्पर्क करें टोल फ्रि नं0 18004190406 "राष्ट्र हित में बिजली बचायें"

---

**उत्तराखण्ड पावर कॉरपोरेशन लि0**
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड (उत्तर) 18 ई0सी0 रोड, देहरादून
दूरभाष: 2652916 कॉरपोरेट आईडेन्टीटी संख्या: U40109UR2001SGC025867

**निविदा सूचना**

अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु उत्तराखण्ड शासन द्वारा प्रदत्त विद्युत कार्यों के लिए 'क' श्रेणी के लाईसेन्स धारक, वैध जी.एस.टी, ई.पी.एफ., ई.एस.आई.सी. के अन्तर्गत पंजीकृत, आयकर पैन कार्ड धारक निविदादाताओं से मुहरबन्द निविदायें दो भागो में (प्रथम भाग में निविदा धरोहर धनराशि संबंधी घोषणा पत्र, नियम एवं शर्ते, उत्तराखण्ड विद्युत निरीक्षक द्वारा निर्गत 'ए' क्लास लाईसेंस की प्रतिलिपि, जी.एस.टी पंजीकरण, पैनकार्ड आदि एवं द्वितीय भाग में दरें जो कि निविदा खुलने की तिथि से कम से कम छः माह तक वैध हो) दिनांक **03.01.2026** को 14.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है जिसका प्रथम भाग उसी दिन 15.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं अथवा उनके प्रतिनिधियों के सम्मुख अधोहस्ताक्षरी द्वारा सार्वजनिक रूप से खोला जायेगा। प्रथम भाग के मूल्यांकन के बाद द्वितीय भाग खोला जायेगा। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिव्स में वैध जी.एस.टी. धारक के द्वारा दिनांक **02.01.2026** (14:00 बजे) तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से निविदा प्रपत्र का मूल्य नगद (अप्रतिदेय) जमा कर क्रय किये जा सकते हैं। बिना निविदा धरोहर धनराशि व अन्य संबधित घोषणा पत्र के निविदा भाग–2 नहीं खोली जायेंगी। निविदा खुलने की तिथि में अवकाश होने/अधोहस्ताक्षरी के मुख्यालय से बाहर होने पर अगले कार्य दिवस को निविदा खोली जाएगी। अधोहस्ताक्षरी को यह अधिकार होगा कि वह बिना कारण बताये समस्त अथवा किसी भी निविदा को निरस्त कर सकते हैं। विस्तृत नियम एवं शर्ते निविदा प्रपत्र में वर्णित है।

**निविदा संख्या EDD (N) -21/2025-2026, Work-** Giving New Service Conection work in EDSD Sahastradhara Road & Rajpur Road, under EDD (North), Dehradun की **धरोहर राशि रू0 45,000.00, निविदा प्रपत्र का मूल्य रू0. 1,000.00.** G.S.T. Extra.

पत्रांक: 4662/विविख(उ)/ दिनांक: 12/12/2025 — अधिशासी अभियन्ता

किसी भी विद्युत समस्या के लिए सम्पर्क करें टोल फ्रि नं0 18004190406 "राष्ट्र हित में बिजली बचायें"

---

**कार्यालय नगर निगम रुड़की जनपद हरिद्वार।**

पत्रांक:– 1103 — दिनांक– 12/12/2025

**सार्वजानक सूचना**

नगर निगम रुड़की में दिनांक 01.12.2025 से दिनांक 01.12.2028 (03 वर्ष हेतु) निगम क्षेत्रान्तर्गत ग्राम सालियर साल्हापुर इब्राहिमपुर देह में स्थित सीवरेज फार्म खुली बोली के ठेके हेतु इच्छुक व्यक्तियों/ठेकेदारों को खुली बोली वास्ते निम्नानुसार आमन्त्रित करती है।

| क्र0 सं0 | ठेके का नाम | जमानत धनराशि | न्यूनतम खुली बोली मूल्य प्लाट संख्या | खुली बोली हेतु एन0एस0सी0/एफ0डी0आर0/ नकद धनराशि जमानत जमा किये जाने हेतु दिनांक एवं समय | नगर निगम सभागर में टेण्डर खुली बोली के माध्यम से प्रतिभाग की दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | भूमि फसल बिक्री | 40,000/– | प्लाट संख्या–02 रू. 8,00,000/–<br>प्लाट संख्या–03 रु. 7,45,500/–<br>प्लाट संख्या–04 रु. 7,00,000/–<br>प्लाट संख्या–05 रु. 60,917/– (06 माह हेतु)<br>प्लाट संख्या–06 रू. 13,333/– (06 माह हेतु)<br>प्लाट संख्या–07 रु. 50,167/– (06 माह हेतु)<br>प्लाट संख्या–08 2,70,000/<br>प्लाट संख्या–09 रु. 7,85,500/–<br>प्लाट संख्या–10 रू. 1,41,667/– (06 माह हेतु)<br>प्लाट संख्या–11 रू. 96,917/– (06 माह हेतु)<br>प्लाट संख्या–12 रु. 4,15,000/–<br>प्लाट संख्या–18 रू. 6,13,500/–<br>प्लाट संख्या–19 रू. 5,52,964/–<br>प्लाट संख्या–21 रू. 1,35,141/–<br>प्लाट संख्या–23 रू. 2,80,000/– | दिनांक 19.12.2025 तक प्रात: 11:00 बजे तक। | दिनांक 20.12.2025 |

भूमि फसल बिक्री जमानत धनराशि एनएससी / एफ0डी0आर0 / नकद धनराशि जमानत राशि के रूप में जो नगर आयुक्त नगर निगम रुड़की के नाम बन्धक हो प्रस्तुत करनी अनिवार्य है। तददिनांक को उच्चतम खुली बोली धनराशि को स्वीकृति हेतु निविदा समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जायेगा जिसको स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार निविदा समिति में निहित होगा। उपरोक्त से सम्बन्धित अन्य शर्त किसी भी कार्य दिवस में कर–अनुभाग से प्राप्त की जा सकती है।

कर–अधीक्षक
नगर निगम रुड़की।

---

**कार्यालय नगर पालिका परिषद रूद्रप्रयाग**

पत्रांक : 1199 /रूद्रनाथ महो0/2025–26 — दिनांक : 12 दिसम्बर, 2025

**निविदा सूचना**

नगर पालिका परिषद, रूद्रप्रयाग के सौजन्य से रूद्रनाथ महोत्सव एवं विकास मेले का आयोजन जिला मुख्यालय रूद्रप्रयाग के गुलाबराय मैदान में दिनांक 07 जनवरी 2026 से दिनांक 13 जनवरी 2026 तक किया जाना है, जिस हेतु झूला, चरखी, दुकान इत्यादि लगाने हेतु स्थान उपलब्ध कराने तथा पालिका को अधोवर्णित सामग्री की आवश्यकता है, जिस हेतु दिनांक 29 दिसम्बर 2025 तक सीलबन्द निविदाएं आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन सम्बन्धित निविदाताओं के समक्ष निविदा समिति द्वारा खोली जायेगी निविदा प्रपत्र मूल्य (जी0एस0टी0 सहित) देकर दिनांक 27 दिसम्बर 2025 को सायं 3 बजे सायं तक प्राप्त की जा सकती है, बिना धरोहर राशि वाली निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी, अपरिहार्य परिस्थितियों में सभी निर्णय अधोहस्ताक्षरी में सुरक्षित होंगे, अन्य जानकारी व शर्ते कार्यालय में किसी भी कार्यदिवस में देखी जा सकती है, सूचना को जनपद की वेबसाइट पर भी देखा जा सकता है।

**विवरण निम्नानुसार है:–**

1

| क्र. सं. | विवरण | धरोहर धनराशि |
|---|---|---|
| 1 | मंच निर्माण सहित टैन्ट (वाटर प्रुफ) 120 X 60,<br>स्टॉल (वाटर प्रुफ) 30 नग 15 X 15,<br>कुर्सियॉ 1000 नग, एवं मेला कैन्टीन, खाना, कमरे की व्यवस्था। | 20,000/– |
| 2 | समुचित लाईट एवं साउंड व्यवस्था स्टॉल सहित। | 20,000/– |

खेल तमाशे हेतु (स्थान चाहने हेतु)

2

| क्र0 सं0 | विवरण | धरोहर धनराशि |
|---|---|---|
| 1 | **चरखी बड़ी, मिकी माउस, बच्चों की ट्रेन आदि, 150 दुकान सहित।**<br>नोट:– उक्त सामग्री लगाने हेतु न्यूनतम बोली राशि 5,00,000/– (पांच लाख मात्र) निर्धारित है, तथा स्वीकृत बोली की राशि से रू0 2.00 लाख तत्काल जमा करवाये जाने होंगे तथा अवशेष राशि मेले के द्वितीय दिवस से अंतिम दिवस तक बराबर किस्तों के रूप में कार्यालय में जमा करना अनिवार्य है। | 15,000/– |

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद रूद्रप्रयाग

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद रूद्रप्रयाग

# गड़प्पू के पास कार पेड़ से टकराई

## हादसे में जीजा–साले की मौत, महिला व दो बच्चों समेत चार घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कालाढूंगी।** गाजियाबाद का एक परिवार कार में सवार होकर शुक्रवार सुबह नैनीताल से वापस घर को जा रहे थे तभी गड़प्पू चैक पोस्ट से दो किलोमीटर आगे उनकी



नैनीताल से घूम कर घर लौट रहे थे पर्यटक

कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे एक पेड़ से जा टकराई। कार में सवार दो बच्चों सहित पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। आनन फानन में स्थानीय लोगों ने कार सवार सभी लोगों को उपचार के लिए कालाढूंगी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां पर मौजूद चिकित्सकों ने दो लोगों को मृत घोषित कर दिया। मृतकों में दोनो जीजा साले बताए जा रहे है। जबकि दो बच्चों व तीन लोगों को बाजपुर अस्पताल भेजा गया। पुलिस ने दोनों शवों का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार गाजियाबाद के रहने वाले 28 वर्षीय प्रदीप यादव अपनी पत्नी 27 वर्षीय ज्योति, दो बच्च अन्नईयां(3), किट्टू (डेढ़ साल) साला राहुल (18) व विवेक (23) के साथ अपनी टाटा टियागो कार संख्या यूपी14जीएन-4349 से नैनीताल घूमने गए थे।

बताया जा रहा है कि एक ही परिवार के यह सात लोग आज शुक्रवार की सुबह नैनीताल से घर गाजियाबाद जाने के लिए निकले। जैसे ही उनकी कार गड़प्पू चैक पोस्ट से लगभग दो किलोमीटर आगे पहुंची ही थी तभी कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे एक पेड़ से जा टकराई। टक्कर इतनी भयानक थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। घटना की सूचना मिलते ही कालाढूंगी कोतवाल अरूण कुमार सैनी मय टीम के साथ मौके पर पहुंचे और स्थानीय लोगों की मदद से कार सवार सभी घायलों को उपचार के लिए कालाढूंगी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां पर मौजूद चिकित्सकों ने जीजा प्रदीप यादव और उनके साले राहुल को मृत घोषित कर दिया। जबकि घायलों में मृतक प्रदीप की पत्नी ज्योति, दोनो बच्चे अन्नईया व किट्टू सहित विवेक यादव को बाजपुर के अस्पताल भेजा गया। जहां पर चार लोगों की हालत अब बेहतर बताई जा रही है। वहीं घटना की सूचना मृतकों व घायलों के परिजनों को दे दी गई। पुलिस ने दोनो शवों का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# सड़क हादसे में वीडियोग्राफर की मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** शादी समारोह में वीडियोग्राफरी कर घर लौट रहा एक वीडियोग्राफर युवक सड़क हादसे का शिकार हो गया। टीपीनगर के पास वह एक अज्ञात वाहन की चपेट में आ गया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन फानन में उसे सुशीला तिवारी अस्पताल लाया गया जहां पर उसने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। शुक्रवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराके शव परिजनों को सौंप दिया। घटना के बाद मृतक के घर में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार मूलरूप से बवियाड़ मुक्तेश्वर निवासी कृष्णा चंद हल्द्वानी के रामपुर रोड स्थित चंदन बिहार में पत्नी और चार बच्चों के साथ रहते हैं। बताया जा रहा कि उनका सबसे छोटा बेटा 22 वर्षीय योगेश कुमार पेशे से वीडियोग्राफर था। बताया जा रहा है कि बीते 9 दिसंबर को योगेश एक शादी में वीडियोग्राफी करने गया था। देर रात वह काम खत्म होने के बाद अपनी स्कूटी से घर लौट रहा था। जैसे ही वह टीपीनगर स्थित श्यामा गार्डन के पास पहुंचा तभी योगेश अज्ञात वाहन की चपेट में आ गया और बुरी तरह घायल हो गया। आनन फानन में उसे उपचार के लिए सुशीला तिवारी अस्पताल लाया गया। जहां पर उसने बीते गुरूवार की रात उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। शुक्रवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया। कोतवाल विजय मेहता ने बताया कि पीड़ित की ओर से अभी कोई तहरीर नहीं आई है तहरीर मिलने के बाद आगे की कार्रवाई अमल में लाई जायेगी।

# निगम की दुकानों के किराए में वृद्धि

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** नगर निगम ने निगम स्वामित्व वाली दुकानों के किराये में वृद्धि की प्रक्रिया शुरू कर दी है। वर्तमान में नगर निगम सीमा क्षेत्र में कुल 1250 दुकानें निगम के स्वामित्व में हैं, जिन्हें निगम द्वारा किराये पर आवंटित किया गया है। वर्ष 2016-17 में इन दुकानों को चार जोनों में विभाजित कर जोनवार किराया निर्धारित किया गया था, जिसमें अधिकतम किराया 8 रुपये प्रति वर्गफुट प्रतिमाह तथा न्यूनतम किराया 2 रुपये प्रति वर्गफुट प्रतिमाह तय किया गया था। नगर आयुक्त परितोष वर्मा ने बताया कि शहरी विकास सचिव की ओर से जारी शासनादेश में स्थानीय निकायों को निर्देशित किया गया है कि वे अपनी परिसंपत्तियों को प्रचलित बाजार दर से कम दरों पर आवंटित न करें। शासनादेश के अनुपालन में नगर निगम ने दुकानों के किराये में वृद्धि की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है।

# दबंगों के डर से भागा बेटा, दर–दर भटक रही मां

## पीड़िता ने एसएसपी से लगाई न्याय की गुहार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** दो साल पहले फतेहपुर गांव में एक विवाद हुआ और कुछ लोगों ने एक युवक की जमकर धुनाई कर दी। मारपीट का मामला थाने पहुंचा और दोनो पक्षों में समझौता भी हुआ। आरोप है कि आरोपी युवक फिर से उसके पीछे पड़े और बीते 7 दिसंबर को उसके साथ मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। दंबग युवकों की डर की वजह से उसका बेटा घर छोड़कर चला गया। गायब युवक की मां ने एसएसपी को शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई। जानकारी के अनुसार एसएसपी डा. मंजूनाथ टीसी को फतेहपुर नवाड़ सैलानी निवासी लीला देवी ने शिकायती पत्र लिखा कि उनका बेटा प्रियांशु आर्या एक छात्र है। पिछले दो साल पहले गांव में रहने वाले कुछ युवकों से उसका झगड़ा हो गया था। मारपीट का विवाद मुखानी थाने तक पहुंचा और थाने में दोनो पक्षों के बीच समझौता भी हो गया था। पीड़ित युवक की मां ने बताया कि उनका बेटा भगवानपुर में एक कंपनी के लिए काम कर रहा है। बीती 7 दिसंबर को मारपीट करने वाले आरोपियों ने फिर उनके बेटे के साथ बुरी तरह मारपीट की और यह पूरी घटना सीसीटीवी कैमरें में कैद हो गई। आरोप है कि आरोपियों ने उनके बेटे प्रियांशु को जान से मारने की धमकी दी। वह लगातार प्रियांशु का पीछा करते है। मां का आरोप है कि उक्त युवकों के डर से प्रियांशु घर छोड़ कर चला गया। तब से उसका कुछ पता नहीं है। साथ ही पीड़िता ने आरोपियों से पूरे परिवार को खतरा भी बताया है। मुखानी थानाध्यक्ष सुशील जोशी ने बताया कि तहरीर मिलते आगे की कार्रवाई शुरू की जायेगी।

# नगर निगम इंटर कॉलेज में भाविप की ओर से निशुल्क शिविर कल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** भारत विकास परिषद् काठगोदाम शाखा के तत्वावधान में रविवार को नगर निगम इंटर कालेज में एक विशाल निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उक्त जानकारी देते हुए स्थानीय पार्षद बबली वर्मा ने बताया कि रविवार की सुबह नगर निगम इंटर कॉलेज में बृहद निशुल्क चिकित्सा शिविर भारत विकास परिषद् काठगोदाम शाखा के तत्वावधान लगाया जा रहा है। जिसमें शहर के प्रतिष्ठित डॉक्टर अपनी सेवाएं देंगे। शिविर में निशुल्क शुगर जांच, निशुल्क ब्लड प्रेशर जांच, निशुल्क एलोपैथी और आयुर्वेद विशेषज्ञों द्वारा परामर्श के साथ दवा वितरित की जायेगी। पार्षद बबली वर्मा ने सभी क्षेत्रवासियों से अपील की है कि वह अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस शिविर का लाभ उठाएं। उन्होंने बताया यह शिविर रविवार सुबह साढ़े 10 बजे से डेढ़ बजे तक चलेगा।

# प्रतिबंध के बावजूद बीच शहर में सड़कों पर दौड़ रहीं वॉल्वो

## शहर की यातायात व्यवस्था दुरुस्त रखने के लिए लगाया था बैन, लेकिन हो रही अवहेलना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** शहर में यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए पुलिस ने हाल ही में कुछ कड़े फैसले लिए थे, जिनमें से एक था वॉल्वो बसों के संचालन पर प्रतिबंध।

इस निर्णय को लागू करने के लिए पुलिस ने बस मालिकों के साथ बैठक कर समझाया भी था। जिसमें बस माालिकों ने पुलिस के आदेशों का पालन करने पर सहमति जताई थी। हालांकि अब यह आदेश पूरी तरह से नजरअंदाज किया जा रहा है। बता दें कि बीते गुरुवार रात



करीब 10 बजे का एक ताजा मामला सामने आया, जब बीटी ट्रैवल्स की एक स्लीपर बस बिना किसी रोक-टोक के तिकोनिया से होते हुए कोतवाली के सामने से गुजर गई।

यह घटनाक्रम अकेला नहीं है, बल्कि रोज़ाना की घटना बन चुकी है। जबकि 28 नवंबर को ही यातायात प्रभारी महेश चंद्रा ने बस मालिकों के साथ बैठक कर उन्हें निर्देश दिए थे कि हल्द्वानी शहर से विभिन्न शहरों को जाने वाली वॉल्वो बसें नरीमन तिराहा और होंडा शोरूम तिराहा से शहर में प्रवेश नहीं करेंगी, और निजी वॉल्वो बसों का संचालन अब शहर के बाहर से किया जाएगा। बस मालिकों ने इस पर सहमति भी जताई थी, लेकिन कुछ ही दिनों बाद बस मालिकों ने पुलिस के निर्देशों की अनदेखी करना शुरू कर दिया। वॉल्वो बस संचालक दिन में तो पुलिस की डर से सड़कों से दूर रहते हैं, लेकिन रात के समय अपनी मनमानी पर उतर आते हैं। उन्हें यह जानकारी है कि यातायात पुलिस की ड्यूटी रात 9 बजे के बाद खत्म हो जाती है, और इसका फायदा उठाकर वे अपनी वॉल्वो बसों को

> शहर में वॉल्वो बसों का संचालन पूरी तरह से प्रतिबंधित है। हाल ही में कुछ बसों का चालान भी किया गया था, लेकिन अब अगर यह हालात नहीं सुधरे तो बसों को सीज करने की कार्रवाई की जाएगी।
> **महेश चंद्रा, यातायात प्रभारी**

शहर की सड़कों पर दौड़ाते हैं। ऐसा तब हो रहा है जब फिलहाल ट्रैफिक पुलिस ही इस मामले पर ध्यान दे रही है, और जब तक थाना-चौकी स्तर की पुलिस इसमें शामिल नहीं होगी, तब तक यह मनमानी नहीं रुकने वाली है।

# छोटे समाचार पत्रों की आर्थिक रीढ़ टूट रही

## पर्वतीय पत्रकार महासंघ ने मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

**हल्द्वानी।** राज्य के छोटे एवं मझोले समाचार पत्रों की आर्थिक स्थिति सुधारने की मांग को लेकर पर्वतीय पत्रकार महासंघ उत्तराखण्ड ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। महासंघ ने मांग की है कि उत्तराखण्ड में भी डीएवीपी (अब सीबीसी) की तर्ज पर नई विज्ञापन दरें लागू की जाएं, ताकि पर्वतीय व ग्रामीण क्षेत्रों तक प्रकाशित पत्र-पत्रिकाओं को आर्थिक संबल मिल सके। महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष सुरेश पाठक ने कहा कि उत्तराखण्ड के दूरस्थ, सीमांत और पर्वतीय इलाकों में आज भी प्रिंट मीडिया ही सूचना का सबसे विश्वसनीय माध्यम है। छोटे समाचार पत्र बेहद सीमित संसाधनों में जनहित की आवाज़ उठाते हैं और सरकारी योजनाओं का व्यापक प्रसार करते हैं। ऐसे में मौजूदा

डीएवीपी की तर्ज पर विज्ञापन दरें लागू करने की मांग

विज्ञापन दरें उनकी लागत के अनुरूप नहीं हैं, जिससे अनेक प्रकाशन अस्तित्व संकट से जूझ रहे हैं। महासंघ ने ज्ञापन में डीएवीपी आधारित संशोधित दरें लागू करने, छोटे प्रकाशनों को प्राथमिकता देने, सभी श्रेणियों के समाचार पत्रों को समान अवसर देने और विज्ञापन भुगतान प्रक्रिया को सरल बनाकर 45 दिनों में निपटान सुनिश्चित करने की मांग उठाई। श्री पाठक ने कहा कि अगर सरकार समय रहते विज्ञापन नियमावली में संशोधन करती है तो राज्य के छोटे व मध्यम समाचार पत्र सशक्त होंगे और जनसंचार व्यवस्था और अधिक प्रभावी बनेगी। उन्होंने आशा व्यक्त की कि मुख्यमंत्री इस महत्वपूर्ण विषय पर सकारात्मक निर्णय लेकर मीडिया को मजबूती प्रदान करेंगे। पर्वतीय पत्रकार महासंघ ने साफ कहा कि मीडिया लोकतंत्र की नींव है और उसे मजबूत करना राज्यहित में आवश्यक है।

# राजपुरा के जयदीप का अग्निवीर में चयन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** राजपुरा वार्ड 13 निवासी 19 वर्षीय जयदीप कश्यप का अग्निवीर भर्ती में चयन हुआ है। रानीखेत में आयोजित भर्ती रैली में सभी चरणों को सफलतापूर्वक पार करने के बाद जयदीप अब ट्रेनिंग के लिए कोयंबटूर रवाना हो गए है। आर्थिक रूप से साधारण परिवार से ताल्लुक रखने वाले जयदीप के पिता सुनील कश्यप वर्कशॉप लाइन क्षेत्र में चाय का ठेला लगाकर परिवार का पालन-पोषण करते है। विपरीत परिस्थितियों के बावजूद जयदीप ने अपनी मेहनत, लगन और अनुशासन के दम पर सेना में जगह बनाई है। जयदीप ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता और गुरुजनों को दिया है।

# सिंथिया स्कूल के छात्रों ने एफटीआई का किया भ्रमण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** सिंथिया स्कूल के कक्षा 4, 5, 6 और 7 के छात्रों ने शुक्रवार को फॉरेस्ट ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट (एफटीआई) का दौरा किया। इस भ्रमण का उद्देश्य



छात्रों को वन संरक्षण, जैव-विविधता तथा पर्यावरणीय संतुलन के प्रति जागरूक करना था। इंस्टीट्यूट के प्रशिक्षकों ने छात्रों को विभिन्न वन विभागीय प्रक्रियाओं, पौधों की प्रजातियों, वनों की सुरक्षा, जंगलों में उपयोग होने वाले उपकरणों तथा वन्यजीव संरक्षण के उपायों की जानकारी दी। बच्चों ने नर्सरी, यूजियम, हर्बेरियम तथा प्रशिक्षण क्षेत्र का अवलोकन कर व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त किया। छात्रों ने जंगलों के महत्व, पेड़ लगाने की आवश्यकता और प्रकृति संरक्षण से जुड़े रोचक तथ्यों को समझा। इस भ्रमण ने छात्रों में पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी और रुचि को और अधिक प्रबल किया। भ्रमण के दौरान मुकुल, हिमानी, निकिता और हर्षि सहित विद्यालय के शिक्षक एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# फरार वारंटी को पुलिस ने दबोचा

**नैनीताल।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नैनीताल डा. मंजुनाथ टीसी द्वारा सभी थाना प्रभारियों को वारंटों की शत प्रतिशत तामील/गिरफ्तारी के निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक नैनीताल डा. जगदीश चंद्रा के मार्गदर्शन तथा क्षेत्राधिकारी नैनीताल रविकांत सेमवाल के पर्यवेक्षण व थानाध्यक्ष तल्लीताल मनोज नयाल के नेतृत्व में थाना तल्लीताल पुलिस द्वारा फरार वारण्टी मो. जमशीद पुत्र मो. हनीफ निवासी पट्टी चौहान जसपुर को जनपद उधम सिंह नगर से गिरुतार कर आवश्यक कार्यवाही की गई।

# भाजपा: मोर्चा के जिला अध्यक्षों की घोषणा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** भारतीय जनता पार्टी की नैनीताल जिला इकाई ने लंबे इंतजार के बाद अपने सभी प्रमुख मोर्चों के जिलाध्यक्षों की घोषणा कर दी है। पार्टी ने किसान मोर्चा, महिला मोर्चा, युवा मोर्चा, अल्पसंख्यक मोर्चा तथा अनुसूचित जाति मोर्चा, अन्य पिछड़ा वर्ग मोर्चे के नए जिलाध्यक्षों के नामों का ऐलान कर दिया, जिसके बाद जिले में चल रही तीखी लॉबिंग और जोर-आजमाइश की खबरों पर पूरी तरह विराम लग गया है।

पार्टी ने वरिष्ठ नेता गणेश शाह को नैनीताल जिला किसान मोर्चा का अध्यक्ष नियुक्त किया है। इसके अलावा कंचन उप्रेती महिला मोर्चा, चंदन बिष्ट युवा मोर्चा, मोहम्मद अली नकवी अल्पसंख्यक मोर्चा और रविन्द्र बाली अनुसूचित मोर्चा, अन्य नन्हे कश्यप पिछड़ा वर्ग मोर्चा के नए जिलाध्यक्ष बनाए गए है। विधायक बंशीधर भगत ने सभी नवनियुक्त मोर्चा जिलाध्यक्षों को बधाई देते हुए कहा कि ये सभी साथी संगठन को नई ऊर्जा देंगे। अब हमें एकजुट होकर पार्टी को और मजबूत करने तथा 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुट जाना है। भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट ने कहा कि जल्द ही सभी मोर्चों की जिला कार्यकारिणी का गठन भी पूरा कर लिया जाएगा।

# अधिवक्ताओं के हित में कार्य करने का आश्वासन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के 15 दिसंबर को होने वाले मतदान से पूर्व शुक्रवार को बार सभागार में हुई अधिवक्ताओं की आम सभा में अध्यक्ष व महासचिव पद के प्रत्याशियों ने अधिवक्ताओं के हित में काम करने तथा अधिवक्ताओं के मान-सम्मान की सुरक्षा करने सहित विभिन्न समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। इन समस्याओं में हाईकोर्ट में पार्किंग, चैंबरों की समस्याएं, हाईकोर्ट परिसर में वाई फाई तथा जूनियर अधिवक्ताओं को स्टाइफण्ड दिलाने तथा अधिवक्ताओं का बीमा तथा मेडिकल क्लेम आदि समस्याएं थी। दोपहर में मुख्य चुनाव अधिकारी कुर्बान अली व चुनाव सलाहकार रविन्द्र बिष्ट की मौजूदगी में हुई आम सभा में अध्यक्ष की पद की महिला प्रत्याशी अंजली भार्गव ने अधिवक्ता चैंबरों में विद्युतापूर्ति बाधित होने पर अंधेरा होने तथा वहां वाई फाई न होने का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि चुनाव जीतने पर इस समस्या का समाधान करेंगी साथ ही

हाईकोर्ट बार एसोसिएशन चुनाव में प्रत्याशियों की आम सभा

उन्होंने पार्किंग की समस्या का समाधान करने व अधिवक्ताओं की अन्य समस्याओं का निराकरण करने का वायदा किया। अध्यक्ष पद के प्रत्याशी दिनेश चंद्र सिंह रावत ने कहा कि उन्होंने पूर्व में भी बार एसोसिएशन अध्यक्ष रहते कई अहम कार्य किए। उन्होंने जूनियर अधिवक्ताओं की समस्याओं को प्राथमिकता से उठाया, साथ ही पार्किंग तथा अधिवक्ताओं का बीमा तथा मेडिकल कलेम की मांगों पर काम करने का वायदा किया। डीके जोशी ने कहा कि उन्होंने मिशन 365 का लक्ष्य रखा है जिसके तहत वे हर दिन अधिवक्ताओं के हित में काम करेंगे। डीके जोशी ने कहा कि जो समस्याएं पिछले 25 सालों से नहीं सुलझ सकी हैं उनका हर हाल में निराकरण किया जाएगा। कहा कि अधिवक्ताओं के हितों व मान-सम्मान के साथ समझौता नहीं किया जाएगा। मनीषा भंडारी ने अपने संबोधन में अन्य मुद्दों के अलावा महिला अधिवक्ताओं से सशक्त बनने को कहा। कहा कि महिलाओं को सेनापति की भूमिका में रहना होगा। कहा कि आरक्षण भी महिलाओं को कमजोर बना रहा है। सचिव पद के प्रत्याशी अक्षय लटवाल तथा भूपेंद्र सिंह कोरंगा व सौरभ अधिकारी ने भी अधिवक्ता हितों की रक्षा करने व विभिन्न समस्याओं के समाधान का वायदा किया। बता दें आम सभा का बार एसोसिएशन के सभागार के अतिरिक्त कॉमन रूम एवं कैन्टीन के सामने सीधा प्रसारण किया गया। आम सभा का संचालन देविका तिवारी एवं श्वेता डोभाल द्वारा किया गया। आम सभा के पश्चात अपरान्ह में 3 बजे से पोस्टल बैलेट के माध्यम से 52 अधिवक्ताओं द्वारा अपने मताधिकार का प्रयोग किया गया। इस दौरान पर्यवेक्षक डा. महेन्द्र सिंह पाल एवं महावीर सिंह त्यागी उपस्थित रहे। मुख्य चुनाव अधिकारी कुर्बान अली ने बताया कि 15 दिसंबर सोमवार को प्रात: 10 बजे से सांय 4 बजे तक मतदान संपन्न कराया जायेगा।

# लालकुआं इकाई भंग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल नैनीताल के जिलाध्यक्ष विपिन गुप्ता की संस्तुति पर जिला महामंत्री हर्ष वर्धन पांडे ने जानकारी दी कि आगामी नगर इकाई लालकुआं के चुनाव के लिए संगठन द्वारा एक सदस्यता अभियान समिति का गठन किया जा रहा है। इस प्रक्रिया के तहत वर्तमान नगर इकाई लालकुआं को तत्काल प्रभाव से भंग कर दिया गया है। इसके साथ ही, जिला उपाध्यक्ष संजय जोशी को सदस्यता अभियान समिति, लालकुआं का मुख्य प्रभारी नियुक्त किया गया है। उन्हें निर्देशित किया गया है कि वे शीघ्र ही 8 सदस्यीय समिति का गठन कर सदस्यता अभियान प्रारंभ करें, ताकि आगामी चुनाव की प्रक्रिया व्यवस्थित रूप से संचालित हो सके। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया कि निवर्तमान कार्यकारिणी चुनाव प्रक्रिया तक कार्यवाहक रूप में कार्य करेगी और सदस्यता अभियान में पूर्ण सहयोग प्रदान करेगी।

# उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय से उच्च शिक्षा ग्रहण कर सकेंगे सैन्य अधिकारी–जवान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड ओपन यूनिवर्सिटी और कुमाऊं रेजिमेंटल सेंटर (केआरसी) रानीखेत के बीच एक महत्वपूर्ण समझौता एमओयू हस्ताक्षरित किया गया। यह पहल सैन्य समुदाय, विशेषकर अग्निवीरों के लिए उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा और आधुनिक कौशल विकास के नए अवसर उपलब्ध कराएगी। एमओयू हस्ताक्षर के दौरान विश्वविद्यालय की ओर से कुलपति प्रो. नवीन चंद्र लोहनी के नेतृत्व में प्रमुख अधिकारी मौजूद रहे, जिनमें निदेशक प्रो. गिरिजा पांडे, रजिस्ट्रार खेमराज भट्ट, रीजनल डायरेक्टर रानीखेत डा. जेएस रावत, असिस्टेंट रीजनल डायरेक्टर रानीखेत रुचि



यूओयू व कुमाऊं रेजीमेंट के बीच एमओयू साइन

आर्या शामिल रहे। कार्यक्रम का नेतृत्व केआरसी के कमांडेंट ब्रिगेडियर संजय कुमार यादव ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि अग्निवीरों के उज्ज्वल भविष्य के लिए कौशल वृद्धि पाठ्यक्रम अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने विश्वविद्यालय से विशेष रूप से राज्य प्रबंधन, आतिथ्य प्रबंधन तथा डिजिटल साक्षरता एवं एआई आधारित कोर्सेज विकसित कर उपलब्ध कराने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि आधुनिक कौशलों से अग्निवीरों को सेवा अवधि के साथ-साथ सेवा उपरांत भी बेहतर करियर अवसर प्राप्त होंगे। इस महत्वपूर्ण समझौते पर राज्यपाल ने भी प्रसन्नता व्यक्त की और इसके लिए यूओयू और केआरसी दोनों को बधाई दी। उन्होंने इसे सैन्य समुदाय की शिक्षा एवं कौशल उन्नयन के क्षेत्र में एक प्रेरणादायक और दूरगामी पहल बताया। कुलपति प्रो. लोहनी ने आश्वस्त किया कि विश्वविद्यालय इन पाठ्यक्रमों के विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता देगा तथा सैन्य समुदाय के शैक्षणिक उत्थान के लिए सतत सहयोग प्रदान करता रहेगा। यह एमओयू सैनिकों और अग्निवीरों के लिए कौशल और शिक्षा का एक नया द्वार खोलने वाला कदम साबित होगा।

> उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय एवं कुमाऊं रेजीमेंट के बीच हुए समझौता ज्ञापन राज्य सरकार के सभी तक उच्च शिक्षा की पहुंच सुनिश्चित करने के संकल्प का प्रतिफल है। यह पहल हमारे सैन्य जवानों को कौशल आधारित उच्च शिक्षा उपलब्ध करायेगी। साथ ही उन्हें भविष्य के लिए अधिक सक्षम, आत्मनिर्भर और प्रतिस्पर्धी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।
> **डा. धन सिंह रावत, उच्च शिक्षा मंत्री, उत्तराखंड**

# पर्वतीय क्षेत्रों में बढ़ा व्यापारियों का प्रतिनिधित्व

## अंशुल डांगी सह प्रभारी, राम सिंह कार्यकारिणी सदस्य बने

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** प्रांतीय नगर उद्योग व्यापार मंडल ने संगठन में पर्वतीय क्षेत्रों को प्रतिनिधित्व देते हुए बेरीनाग के व्यापारी नेता अंशुल डांगी को कुमाऊं मंडल का सह प्रभारी और थल के प्रमुख व्यापारी राम सिंह जंगपांगी को प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त किया। संगठन के प्रदेश प्रभारी वीरेंद्र गुप्ता ने बताया कि संगठन में दूर दराज के क्षेत्रों के व्यापारियों का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित हो सके तथा संगठन की व्यापारियों को आपसी एकता में जोड़ो अभियान नीति के तहत ही व्यापार मंडल के बनने का उद्देश्य सार्थक हो पाएगा। उन्होंने बताया कि दोनों पदाधिकारियों के मनोनयन से पर्वतीय क्षेत्रों में भी सभी नगर और ग्रामीण क्षेत्रों की छोटी बड़ी इकाइयों के गठन में ईमानदारीपूर्वक



व्यापारी हितों के लिए संघर्ष करने वाले व्यापारी का चयन करने में मदद मिलेगी, जिससे व्यापार मंडल और अधिक मजबूती की तरफ अग्रसर होगा। गुप्ता ने बताया कि संगठन को 40 वर्षो से व्यापारी राजनीति मे सक्रिय भूमिका अदा करने वाले अनुभवी और शुरुआती दौर में व्यापार मंडल का गठन कर व्यापारियों को उनके हक की आवाज उठाने वाले वरिष्ठजनों का पूर्ण सहयोग रहेगा।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**स्थानीय सम्पादक**
**चेतन गुरूंग**

**देहरादून कार्यालय 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून**

☎0135-2743363
R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656
मोबाइल-9720007290
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# विनेश फोगाट ने संन्यास वापस लिया



**● विनेश ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि लोग मुझसे पूछते रहे कि क्या पेरिस मेरे करियर का अंत है, लंबे समय तक मेरे पास इसका जवाब नहीं था**

**नई दिल्ली, वार्ता।** तीन बार की ओलंपियन महिला पहलवान विनेश फोगाट ने शुक्रवार को प्रतिस्पर्धी कुश्ती से संन्यास लेने के अपने फैसले को वापस ले लिया। फोगाट ने भावुक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए अपने संन्यास से वापसी की घोषणा करते हुए कहा कि अब उनका लक्ष्य लॉस एंजिल्स 2028 ओलंपिक में प्रतिस्पर्धा करना है।

पिछले साल विनेश फोगाट ने पेरिस ओलंपिक 2024 के तुरंत बाद संन्यास ले लिया था। विनेश ने आज सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि लोग मुझसे पूछते रहे कि क्या पेरिस मेरे करियर का अंत है। लंबे समय तक मेरे पास इसका जवाब नहीं था। मुझे मैट से, दबाव से, उम्मीदों से, यहां तक कि अपनी महत्वाकांक्षाओं से भी दूर हटने की जरूरत थी। इतने सालों में पहली बार, मैंने खुद को चैन की सांस लेने दी। उन्होंने कहा कि मैंने अपने सफर के महत्व को समझने के लिए समय लिया, ऊंचाइयों, दिल टूटने के पलों, बलिदानों और मेरे उन रूपों को समझा जिन्हें दुनिया ने कभी नहीं देखा। और इसी आत्मचितन में मुझे सच्चाई मिली, कि मुझे अब भी इस खेल से प्यार है। मैं अब भी प्रतिस्पर्धा करना चाहती हूं। 31 वर्षीय विनेश, जो जुलाई में एक बेटे को जन्म देने के बाद पहली बार मां बनीं, ने आगे कहा कि उनका बेटा ही एलएस 2028 के सफर में उनका सबसे बड़ा सहारा है।

उन्होंने कहा कि तो मैं यहां हूं, निर्भीक दिल और दृढ़ संकल्प के साथ एलएस 2028 की ओर कदम बढ़ा रही हूं। और इस बार मैं अकेली नहीं हूं। मेरा बेटा मेरी टीम में शामिल है, मेरी सबसे बड़ी प्रेरणा, लॉस एंजिल्स ओलंपिक के इस सफर में मेरा छोटा सा चीयरलीडर। मशहूर फोगाट बहनों में से एक, विनेश ने रियो 2016 ओलंपिक में डेब्य किया था, लेकिन क्वार्टर फाइनल में चोट लगने के कारण भारतीय पहलवान का अभियान सफर समय से पहले ही समाप्त हो गया। टोक्यो 2020 में भी उनका सफर क्वार्टर फाइनल में ही समाप्त हो गया। पेरिस 2024 में, विनेश फोगाट ने महिलाओं के 50 किलो.ग्राम भार वर्ग के फाइनल में जापान की मौजूदा चैंपियन युई सुसाकी, यूक्रेन की पूर्व यूरोपीय चैंपियन ओक्साना लिवाच और क्यूबा की पैन अमेरिकन गेम्स चैंपियन युस्नेलिस गुजमान को हराकर फाइनल में अपनी जगह पक्की की थी। हालांकि, एक तकनीकी कारण के चलते वह ओलंपिक कुश्ती के फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय महिला नहीं बन सकीं। स्वर्ण मुक.ाबले की सुबह विनेश निर्धारित वजन सीमा से अधिक पाई गई और उन्हें अयोग्य घोषित कर दिया गया। वजन घटाने के लिए पिछली रात कई कड़े प्रयास करने के बावजूद, अनिवार्य वजन मापन में उनका वजन थोड़ा अधिक पाया गया। विनेश फोगाट तीन बार कॉमनवेल्थ गेम्स में पदक विजेते है और पूर्व एशियाई खेलों की चैंपियन भी रही हैं।



# वैभव सूर्यवंशी ने एक वनडे में 14 छक्के लगाए

**● ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी का वर्ल्ड रिकॉर्ड तोड़ा, भारत ने यूथ वनडे में सबसे बड़ा स्कोर बनाया**

**दुबई, वार्ता।** वैभव सूर्यवंशी ने यूएई के खिलाफ 14 सिक्स लगाकर वर्ल्ड रिकॉर्ड बना दिया। उन्होंने शुक्रवार को दुबई में खेले गए यू-19 एशिया कप मैच में 95 गेंदों पर 171 रन बना दिए। इस पारी में वैभव ने 14 छक्के और 9 चौके के सहारे 180 के स्ट्राइक रेट से बैटिंग की। इसी के साथ वे यूथ वनडे में सबसे ज्यादा सिक्स लगाने वाले बल्लेबाज बन गए। उन्होंने आस्ट्रेलिया के माइकल हिल का 2008 में बना 12 सिक्स वाला रिकॉर्ड तोड़ दिया। 14 साल के वैभव ने महज 56 गेंदों में सेंचुरी पूरी की। उनकी बैटिंग के दम पर भारत ने यूथ वनडे में अपना सबसे बड़ा स्कोर खड़ा किया। टीम ने 433 रन बनाए, जो पिछले साल ढाका द्वारा स्काटलैंड के खिलाफ बनाए 425 रन के रिकॉर्ड से ज्यादा है। वैभव के साथ एरोन जार्ज और विहान मल्होत्रा ने भी 69-69 रन की अहम पारियां खेलीं।

वैभव मुश्ताक अली में शतक लगाने वाले यंगेस्ट बैटर वैभव ने 10 दिन पहले सैयद मुश्ताक अली ट्राफी में भी शतक लगाया था। 14 साल के वैभव टूर्नामेंट में सबसे कम उम्र में शतक लगाने वाले बल्लेबाज बने थे। उन्होंने 2 दिसंबर को ईडन गार्डन्स में महाराष्ट्र के खिलाफ 61 गेंदों में नाबाद 108 रन बनाए, जिसमें 7 चौके और 7 छक्के शामिल थे। साथ ही वैभव 14 की उम्र में 3 टी-20 सेंचुरी लगाने वाले इकलौते प्लेयर हैं। वैभव आईपीएल में फिफ्टी लगाने वाले सबसे कम उम्र के प्लेयर बने। उन्होंने मात्र 14 साल और 32 दिन में अर्द्धशतक लगाया।

# टी-20 विश्व कप के टिकटों की ब्रिकी शुरू

**भारत में 100 और श्रीलंका में 290 रुपये शुरुआती कीमत, 7 फरवरी से आरंभ होगा टूर्नामेंट, भारत-पाक मैच 15 फरवरी को**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत और श्रीलंका में अगले साल होने वाले टी-20 वर्ल्ड कप के लिए टिकट की ब्रिकी शुरू हो चुकी है। आईसीसी ने भारतीय समयानुसार शाम 6.45 बजे से टिकट विंडो ओपन कर दी। 20 टीमों का आईसीसी टूर्नामेंट 7 फरवरी से शुरू होगा, जो 8 मार्च तक खेला जाएगा। शुरुआती कीमत 100 रुपए आईसीसी ने बताया कि फेज-1 में भारत के वेन्यू पर टिकट की शुरुआती कीमत 100 रुपए हैं। वहीं श्रीलंका के वेन्यू पर शुरुआती कीमत 1000 लंकन रुपया (290 रुपए) है। हालांकि, भारत में टीम इंडिया के मैच के टिकट की शुरुआती कीमत 500 रुपए हैं। वहीं कोलंबो में होने वाले भारत-पाक मैच के टिकट की शुरुआती कीमत 450 रुपए हैं। फेज-2 के टिकट बिक्री की तारीखें जल्द अनाउंस की जाएंगी। दर्शक वर्ल्ड कप की आफिशियल वेबसाइट से टिकट खरीद सकते हैं। फिलहाल ग्रुप स्टेज के मैचों की टिकट ही बिकने शुरू हुए। सुपर-8 स्टेज और नाकआउट राउंड के टिकट टूर्नामेंट शुरू होने के दौरान बिकना शुरू होंगे। भारत के मैच की शुरुआती कीमत 500 और 750 रुपए है। 20 टीमों के बीच 55 मैच खेले जाएंगे टी-20 वर्ल्ड कप में 20 टीमों के बीच 29 दिन में 55 मैच खेले जाएंगे। ग्रुप स्टेज में हर दिन 3 मैच होंगे। मुकाबले शुरू होने की टाइमिंग सुबह 11, दोपहर 3 और शाम 7 बजे रहने वाली है। सुपर-8 स्टेज में हर दिन 2 ही मैच होंगे। वहीं नाकआउट स्टेज में एक दिन में एक ही मैच होगा, जिसकी टाइमिंग शाम 7 बजे रहेगी। टूर्नामेंट का फार्मेट पिछले वर्ल्ड कप की तरह ही रहेगा। जिसमें 5-5 टीमों को 4 ग्रुप में बांटा जाएगा। हर ग्रुप से 2-2 टॉप टीमें सुपर-8 में क्वालिफाई करेंगी। यहां टीमों को 4-4 के 2 ग्रुप में बांटा जाएगा। यहां भी दोनों ग्रुप से 2-2 टॉप टीमों को सेमीफाइनल में एंट्री मिलेगी। सेमीफाइनल जीतने वाली 2 टीमों के बीच 8 मार्च को फाइनल खेला जाएगा।

ग्रुप स्टेज में 4, सुपर-8 में 3 मैच होंगे ग्रुप स्टेज में हर टीम अपने ग्रुप में एक-दूसरे के खिलाफ 4-4 मैच खेलेंगी। ज्यादा मैच जीतकर पाइंट्स टेबल के टॉप-2 में रहने पर ही सुपर-8 में एंट्री मिलेगी। सुपर-8 राउंड में भी हर टीम अपने ग्रुप में एक-दूसरे के खिलाफ 3-3 मैच खेलेगी। यानी फाइनल तक पहुंचने वाली 2 टीमें 8-8 मैच खेल लेंगी। भारत-पाकिस्तान 15 फरवरी को भिड़ेंगे आईसीसी ने 25 नवम्बर को आईसीसी टूर्नामेंट का शेडडूल रिलीज कर दिया था। नीदरलैंड और पाकिस्तान के बीच 7 फरवरी को कोलंबो में ओपनिंग मैच खेला जाएगा। इसी दिन शाम 7 बजे से भारत अपना पहला मैच अमेरिका के खिलाफ खेलेगा। टीम फिर 12 फरवरी को नाम.ीबिया, 15 को पाकिस्तान और 18 को नीदरलैंड से भिड़ेगी। भारत, वेस्टइंडीज और इंग्लैंड ने 2-2 टाइटल जीते टी-20 वर्ल्ड कप की शुरुआत 2007 में हुई। भारत ने पहले एडिशन के फाइनल में पाकिस्तान को हराकर टाइटल जीता था। इसके 17 साल बाद भारत ने 2024 में साउथ अफीका को फाइनल हराया और दूसरी बार टाइटल जीता। भारत के अलावा वेस्टइंडीज और इंग्लैंड ने भी 2-2 टाइटल जीते हैं। पाकिस्तान, श्रीलंका और आस्ट्रेलिया ने 1-1 बार खिताब जीता है।

# पाक ने मलेशिया को रौंदा

**● समीर मिन्हास और अहमद हुसैन ने लगाया शतक, मलेशिया पर रिकॉर्ड 297 रनों से जीत दर्ज की**

**दुबई, वार्ता।** समीर मिन्हास (नाबाद 177) और अहमद हुसैन (132) की शतकीय पारियों के बाद अली रजा और मोहम्मद सय्याम (तीन-तीन विकेट) के बेहतरीन प्रदर्शन के दम पर पाकिस्तान ने शुक्रवार को अंडर-19 एशिया कप ग्रुप ए के दूसरे मुकाबले में मलेशिया को रिकॉर्ड 297 रनों से रौंद कर टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत दर्ज की। आज यहां मलेशिया ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया।

बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 30 रन के स्कोर पर अपने दो विकेट गंवा दिए। उस्मान खान (एक) और अली हसन बलोच (14) रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद समीर मिन्हास और अहमद हुसैन की जोड़ी ने पारी को संभाला और तीसरे विकेट के लिए 293 रनों की साझेदारी की। इस दौरान दोनों बल्लेबाजों ने अपने-अपने शतक पूरे किए। 49वें ओवर में मुहम्मद अकरम ने अहमद हुसैन को आउटकर इस साझेदारी का अंत किया। अहमद हुसैन ने 114 गेंदों में आठ चौके और दो छक्के उड़ाते हुए 132 रनों की पारी खेली। पाकिस्तान ने निर्धारित 50 ओवरों में तीन विकेट पर 345 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया।

समीर मिन्हास 148 गेंदों में 11 चौके और आठ छक्के लगाते हुए नाबाद 177 रन बनाए। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी मलेशिया को पाकिस्तानी गेंदबा.जों ने 19.4 ओवरों में 48 रन पर ढेर कर मुकाबला 297 रनों से जीत लिया। मलेशिया का कोई भी बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक नहीं पहुंच सका। पाकिस्तान के लिए ली रजा ने 11 रन देकर तीन विकेट लिए और मोहम्मद सय्याम ने 27 रन देकर तीन विकेट झटके। दानियाल अली खान छह रन देकर दो विकेट लिए।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### जेकब डफी का पंजा, न्यूजीलैंड ने विंडीज को हराया

**वेलिंग्टन, वार्ता।** जेकब डफी (पांच विकेट) और माइकल रे (तीन विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत न्यूजीलैंड ने दूसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन वेस्टइंडीज को 128 के स्कोर पर ढेर करने के बाद मिले 56 रनों के लक्ष्य को 10 ओवर में एक विकेट के नुकसान पर हासिल कर नौ विकेट से जीत दर्ज की। इसी के साथ न्यूजीलैंड ने तीन मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली है। सुबह वेस्टइंडीज ने कल के दो विकेट पर 32 रनों से आगे खेलना शुरु किया। वेस्टइंडीज का तीसरा विकेट ब्रैंडन किग (22) रनआउट के रूप में गिरा। शाई होप (पांच), रॉस्टन चेज (दो) रन बनाकर जल्द ही आउट होकर पवेलियन लौट गए। केवम हॉज ने 75 गेंदों में 35 रनों तथा जस्टिन ग्रीव्स 57 गेंदों में (25) कुछ संघर्ष करते दिखे।

### कोपा डो ब्रासिल में वास्को ने फ्लूमिनेंस को हराया

**रियो डी जेनेरियो, वार्ता।** स्थानापन्न पाब्लो वेगेटी ने 94वें मिनट में दागे गए गोल की बदौलत वास्को डा गामा ने कोपा डो ब्रासिल सेमीफाइनल के पहले लेग में फ्लूमिनेंस पर 2-1 से जीत दिलाई। कोलंबियन फॉरवर्ड केविन सेर्ना ने 22वें मिनट में थियागो सिल्वा के हेडर पास पर गोल करके फ्लूमिनेंस को बढ़त दिलाई। टीनएज अटैकर रेयान ने हॉफटाइम के ठीक बाद छह-यार्ड बॉक्स के किनारे से गोल करके स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। अभी फ्लूमिनेंस, एंड्रेस गोमेज के क्रॉस को संभाल नहीं पाया। नूनो मोरेरा की जगह 77वें मिनट में आए अर्जेंटीना के स्ट्राइकर वेगेटी ने गोमेज के क्रॉस पर दूर के पोस्ट पर नीचे की ओर हेडर मारकर मैच का रुख बदल दिया। रिटर्न लेग रविवार को माराकाना स्टेडियम में खेला जाएगा, जिसमें जीतने वाली टीम फाइनल में कोरिथियंस या क्रूजेरो से भिड़ेगी।

# टीम अभिषेक पर निर्भर नहीं रह सकती: सूर्या



**● कप्तानः मुझे शुभमन और अन्य को बल्लेबाजी की जिम्मेदारी लेनी चाहिए थी**

**मुल्लांपुर, वार्ता।** भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने कहा कि टीम अभिषेक शर्मा पर निर्भर नहीं रह सकती मुझे, शुभमन गिल और अन्य को बल्लेबाजी की जिम्मेदारी लेनी चाहिए थी। क्विटन डी कॉक की 90 रनों की पारी की बदौलत भारत को 214 रनों का बड़ा लक्ष्य मिला था लेकिन गिल एक बार फिर विफल रहे और पहली ही गेंद पर लुंगी एन्गिडी का शिकार बन गए। वहीं सूर्यकुमार भी महज पांच रन ही बना पाए जिसके चलते भारत ने पावरप्ले के भीतर ही महज 32 के स्कोर पर अपने तीन विकेट गंवा दिए। आखिरी ओवरों में महज पांच रन जोड़कर भारत ने पांच विकेट गंवा दिए। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ गुरुवार रात भारत को मिली 51 रनों से हार के बाद सूर्यकुमार ने कहा कि मेरा मानना है कि मुझे और शुभमन को अच्छी शुरुआत देनी चाहिए थी, क्योंकि हम हर बार अभिषेक पर निर्भर नहीं रह सकते। वह जिस तरह से बल्लेबाजी कर रहे हैं, उनका भी खराब दिन हो सकता है इसलिए मुझे, शुभमन को और कुछ अन्य बल्लेबाजी को जिम्मेदारी लेनी चाहिए थी। शुभमन पहली ही गेंद पर आउट हो गए। मुझे वह जिम्मेदारी लेनी चाहिए थी और थोड़ी देर तक बल्लेबाजी करनी चाहिए थी।

पहले टी-20 में सूर्यकुमार ने नंबर तीन पर बल्लेबाजी की थी लेकिन मुल्लांपुर में गिल के आउट होने के बाद तीसरे नंबर पर अक्षर पटेल को बल्लेबाजी के लिए प्रमोट किया गया। अक्षर ने तिलक वर्मा के साथ भारतीय पारी को संभालने का प्रयास किया लेकिन वह अधिक देर तक तिलक का साथ नहीं दे पाए और 21 के निजी स्कोर पर चार विकेट झटकने वाले ऑटनील बार्टमैन का पहला शिक.ार बने, तब भारत का स्कोर 67 रन था। सूर्यकुमार ने अक्षर को ऊपर बल्लेबाजी के लिए भेजे जाने पर कहा कि हमने पिछले मैच में सोचा था कि अक्षर ने लंबे प्रारुप में बहुत अच्छी बल्लेबाजी की है। और हम चाहते थे कि वह आज भी उसी तरह बल्लेबाजी करे। लेकिन दुर्भाग्य से (वह काम नहीं आया), हालांकि उन्होंने अच्छी बल्लेबाजी की।

उन्होंने कहा कि हमने पहले गेंदबाजी की, तो हमें अच्छी वापसी करनी चाहिए थी, लेकिन बाद में दक्षिण अफ्रीका के गेंदबा.जो को एहसास हुआ कि इस विकेट पर लेंथ कितनी महत्वपूर्ण है। हालांकि यह सीखने की प्रक्रिया है। बस सीखो और आगे बढ़ो। थोड़ी ओस भी थी, और अगर हमारा प्लान काम नहीं कर रहा था, तो हमें दूसरा प्लान तैयार रखना चाहिए था।

# मुश्ताक अली ट्रॉफी में नीतीश की हैट्रिक

**● मध्यप्रदेश फिर भी जीता हरियाणा ने राजस्थान को हराया**

**नवी मुंबई, वार्ता।** भारतीय आलराउंडर नीतीश कुमार रेड्डी ने शुक्रवार को सैयद मुश्ताक अली ट्राफी में मध्यप्रदेश के खिलाफ हैट्रिक ली। इसके बावजूद मध्यप्रदेश ने मुकाबले को 4 विकेट से जीत लिया। पाटील अकादमी में खेले गए मैच में मध्य प्रदेश ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला लिया। आंध्र प्रदेश की टीम 19.1 ओवर में 112 रन पर आलआउट हो गई। मध्यप्रदेश ने 113 रन का टारगेट 17.3 ओवर में 6 विकेट पर हासिल कर लिया।

मध्यप्रदेश की ओर से ऋषभ चौहान ने 47 और राहुल बाथम ने नाबाद 35 रनों की पारी खेली। 23 रन देकर चार विकेट लेने वाले शिवम शुक्ला प्लेयर ऑफ द मैच रहे। एमपी सुपर लीग पाइंट्स टेबल के टॉप पर इस जीत के बाद मध्यप्रदेश की टीम ग्रुप ए के सुपर लीग पाइंट्स टेबल के टॉप पर आ गई है। टीम ने पहले ही मुकाबले को जीतकर 4 अंक हासिल कर लिए हैं। जबकि आंध्र प्रदेश की टीम दूसरे स्थान पर है। ग्रुप बी में हरियाणा ने राजस्थान को 7 विकेट से हराकर पहला स्थान हासिल किया है। आंध्र की खराब शुरुआत, 7 बैटर्स दहाई तक नहीं पहुंचे टॉस हारकर बल्लेबाजी कर रहे आंध्र प्रदेश की शुरुआत खराब रही। टीम ने 7 रन के स्कोर पर दो विकेट गंवा दिए थे।

अश्विन हेबर और शेख रशीद खाता नहीं खोल सके। दोनों को त्रिपुरेश सिंह ने पवेलियन भेजा। शुरुआती 13 बाल पर 2 विकेट गंवाने के बाद श्रीकर भरत और नीतीश कुमार रेड्ध्डी ने पारी संभाली। दोनों ने 50 रन ही जोड़े थे कि वेंकटेश अय्यर ने भरत को काट एंड बोल्ड किया। वे 39 रन बनाकर आउट हुए। कप्तान रिकी भुई ने 11 रन का योगदान दिया। नीतीश रेड्डी ने 25 रन बनाए। मप्र की ओर से शिवम शुक्ला ने 23 रन देकर 4 विकेट झटके। जबकि त्रिपुरेश सिंह ने 31 रन देकर 3 विकेट झटके। राहुल बाथम को दो और वेंकटेश अय्यर को एक विकेट मिला। रेड्डी ने ग्वाली, हरप्रीत और पाटीदार को पवेलियन भेजा 113 रन चेज कर रहे मध्यप्रदेश ने 14 रन पर पहला विकेट गंवाया। तीसरे ओवर की चौथी बाल पर नीतीश कुमार रेड्ध्डी ने हर्ष ग्वाली को बोल्ड कर दिया। उन्होंने 5वीं बाल पर हरप्रीत सिंह और छठी बाल पर रजत पाटीदार को पवेलियन भेजा। हरप्रीत और रजत खाता भी नहीं खोल सके। ऐसे में वेंकटेश अय्यर (22 रन) ने ऋषभ चौहान के साथ मिलकर पारी को आगे बढ़ाया। 37 रन पर वेंकटेश के आउट होने के बाद राहुल बाथम ने नाबाद 35 रनों की पारी खेली। आंध्रा के लिए नीतीश कुमार रेड्डी ने 3 विकेट झटके। केवी ससिकांत और सत्यनारायण राजू ने एक-एक विकेट लिए। पुणे के महाराष्ट्रा क्रिकेट स्टेडियम में हरियाणा ने राजस्थान पर 7 विकेट की जीत दर्ज की। टीम ने 133 रन का टारगेट 16.2 ओवर में 3 विकेट पर हासिल कर लिया।

# विराट कोहली 15 साल बाद खेलेंगे विजय हजारे टूर्नामेंट में

**● बीसीसीआई ने उन सभी फिट खिलाड़ियों को निर्देश दिया है जो दूसरे टूर्नामेंट में शामिल नहीं है वे घरेलू मुकाबलों में हिस्सा लें**



**बेंगलुरु, वार्ता।** भारतीय टीम के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली और ऋषभ पंत को 24 दिसम्बर से शुरू होने वाले विजय हजारे राष्ट्रीय एकदिवसीय टूर्नामेंट के लिए दिल्ली की संभावित टीम में शामिल किया गया है। कोहली ने हाल ही में दिल्ली क्रिकेट एसोसिएशन को अपनी उपलब्धता के बारे में बताया, जिससे 15 साल बाद दिल्ली के लिए विजय हजारे ट्रॉफी में उनकी वापसी हुई है। उन्होंने आखिरी बार 2010 में सर्विसेज के खिलाफ टूर्नामेंट में खेला था और इस सीजन में दिल्ली के लिए रणजी ट्रॉफी मैच खेल चुके हैं। कोहली और रोहित शर्मा, जो भारत की टेस्ट और टी-20 टीम से संन्यास ले चुके हैं, अब केवल एकदिवसीय प्रारुप में राष्ट्रीय टीम का प्रतिनिधत्व करते है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने उन सभी फिट खिलाड़ियों को निर्देश दिया है जो दूसरे टूर्नामेंट में शामिल नहीं हैं, वे घरेलू मुकाबलों में हिस्सा लें, जिससे कोहली के शामिल होने का रास्ता साफ हो गया है। दिल्ली के सभी सात मैचों की बेंगलुरु मेजबानी करेगा, जिसमें दो गेम चिन्नास्वामी स्टेडियम में और पांच अलूर में होंगे।

टीम अपने अभियान की शुरुआत आंध्र प्रदेश के खिलाफ करेगी। कोहली हाल ही में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज में शानदार प्रदर्शन के बाद इस टूर्नामेंट में आ रहे हैं। उन्होंने दो शतक और एक नाबाद अर्द्धशतक सहित 302 रन बनाए और प्लेयर ऑफ द सीरीज के पुरस्कार से नवाजा गया था। कोहली 2025 में 13 एकदिवसीय मैचों में 651 रन के साथ रैंकिंग में दूसरे नंबर पर हैं।

# भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम स्पेन से हारी

**● भारतीय हॉकी टीम को जूनियर महिला विश्व कप में अपने नौंवे-दसवें स्थान के प्लेऑफ मैच में स्पेन से 1-2 से हार का समना करना पड़ा**



**चिली, वार्ता।** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम को एफआईएच हॉकी जूनियर महिला विश्व कप 2025 में अपने 9वें/10वें स्थान के प्लेऑफ मैच में स्पेन से 1-2 से हार का सामना करना पड़ा। सेंट्रो डेपोर्टिवो डे हॉकी सेस्पेड, एस्टाडियो नैशनल में खेलने गए मुकाबले में भारत के लिए कनिका सिवाच ने (41वें) मिनट में गोल किया, जबकि नतालिया ने (16वें) और एस्थर कैनालेस ने (36वें) मिनट में स्पेन के लिए एक-एक गोल किया।

पहला क्वार्टर थोड़ा मुश्किल लेकिन रोमांचक रहा इस दौरान दोनों टीमों ने शानदार खेल का प्रदर्शन और मौके बनाए। क्वार्टर के बीच में, स्पेन गोल करने वाला था और उसे केवल गोलकीपर को छकाना था, लेकिन भारत की निधि ने बहादुरी से आगे बढ़कर लगातार दो गोल बचाकर विपक्षी टीम को बढ़त हासिल करने से रोका। 14वें मिनट में, स्पेन को मैच का पहला पेनल्टी कॉर्नर मिला, जिसे निधि ने फिर से विफल कर दिया। दूसरे क्वार्टर के शुरुआत में स्पेन ने तेजी से जवाबी हमला किया, सारा कार्मोना रामोस ने सर्कल के चारों ओर कुशलता से ड्रिबल किया और अंदर पास दिया, जिसे नतालिया विलानोवा ने (16वें) मिनट में सफलतापूर्वक नेट में गेंद डाल कर अपनी टीम को बढ़त दिला दी। अगले कुछ मिनटों में भारत को कुछ अच्छे मौके मिले, लेकिन स्पेन ने शायद ही कोई गलती की और अपनी बढ़त बनाए रखने के लिए कोई पेनल्टी कॉर्नर नहीं दिया। 36वें मिनट में, भारत ने थोड़ी देर के लिए जश्न मनाया, जब सोनम ने पास को रोककर एक जोरदार स्ट्राइक से गोल किया। हालांकि, स्पेन ने वीडियो रेफरल लिया जो सफल रहा क्योंकि रेफरी ने बैक स्टिक देख ली और गोल रद्द करना पड़ा। बदकिस्मती से, भारत के लिए उसी मिनट में, स्पेन ने जीत हासिल की और एस्थर ने (36वें) मिनट के फ्लिक की बदौलत पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर अपनी बढ़त को दोगुना कर दिया। 41वें मिनट में, भारत को लगातार दो पेनल्टी कॉर्नर मिले, जब कनिका ने (41वें) मिनट में अपने स्ट्राइक से स्पेनिश गोलकीपर को छकाते हुए भारत के लिए गोल किया, जिससे स्कोर कम हुआ और तीसरा क्वार्टर शानदार रहा।

धामी सरकार चली गरीब व किसान के द्वार कार्यक्रम के तहत

# राज्य मंत्री ने सुनी जनसमस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** समाज कल्याण योजनाएं अनुश्रवण समिति के उपाध्यक्ष (राज्यमंत्री स्तर) श्री देशराज कर्णवाल के नेतृत्व में "बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर समाज कल्याण बहुउद्देशीय शिविर" का सफल आयोजन विधानसभा झबरेड़ा के ब्लॉक नारसन के ग्राम लखनौता, शेरपुर खेलमऊ व हश्यामपुर में किया गया।

शिविर के दौरान विभिन्न विभागों की कुल 230 शिकायतें/आवेदन प्राप्त हुए, जिनका विवरण इस प्रकार है-लखनौता-47, शेरपुर खेलमऊ-141, हश्यामपुर-42

शिविर में प्राप्त शिकायतों में मुख्य रूप से राशन कार्ड, नाले, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, राजस्व एवं भूमि संबंधी प्रकरण, आवास योजना, आधार कार्ड, दिव्यांग पेंशन, छात्रवृत्ति, वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन, तथा शौचालय निर्माण जैसी समस्याएँ सम्मिलित रहीं। इनमें से 48 समस्याओं का मौके पर ही तत्काल समाधान किया गया। जिन समस्याओं का निस्तारण जिला स्तर पर संभव है, उन्हें जिलाधिकारी महोदय को प्रेषित किया जा रहा है, तथा शासन स्तर



से संबंधित प्रकरणों को शासन को भेजा जा रहा है। इस अवसर पर श्री देशराज कर्णवाल ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी तथा प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी का स्पष्ट संकल्प है कि राज्य का प्रत्येक गरीब, किसान एवं पात्र नागरिक बिना किसी बाधा के सभी समाज कल्याण योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सके। इसी लक्ष्य को मूर्त रूप देते हुए यह शिविर ग्रामीण जनता के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध हुआ है। शिविर में सभी संबंधित रेखिय विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी, जिला पंचायत सदस्य श्री अंशुल चौधरी, प्रधान श्री अनूप चौधरी, पूर्व प्रधान श्री ब्रजभूषण, बृजमोहन त्यागी, योगेश शर्मा, सोनू, प्रधान जयपाल सिंह, सेठपाल, वेदपाल, राजू, ओम प्रकाश, सुरेन्द्र, भरत सिंह, मा. चरत सिंह, अजब सिंह, सुखपाल सिंह, मनोज कुमार, ग्राम प्रधान, पंचायत प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

**❖लखनौता, शेरपुर खेलमऊ व श्यामपुर में लगाया बहुउददेशीय शिविर**

नशे के विरुद्ध पुलिस की ताबड़तोड़ कार्रवाई जारी

## कोतवाली पुलिस ने 06.40 ग्राम स्मैक के साथ एक तस्कर दबोचा

**शाह टाइम संवादातारण**

**रुड़की।** सिविल लाइन कोतवाली पुलिस ने एक नशा तस्कर को दबोच कर उसके पास से 6 . 40 ग्राम अवैध स्मैक बरामद की है।

जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री के ड्रग्स फ्री देवभूमि मिशन के दृष्टिगत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार के निर्देशन नें हरिद्वार पुलिस की ताबड़ तोड़ कार्रवाई जारी, समस्त थाना प्रभारियों को निर्देश नशा मुक्त हो अपना प्रदेश उत्तराखण्ड। इसी क्रम में कोतवाली रुड़की पुलिस द्वारा दिनांक 11.12.2025 ढण्डेरा फाटक की गश्त कर रही थी। इसी दौरान एक व्यक्ति जिसके पास सफेद पन्नी



दिखायी दी जो पुलिस को देख अचानक वापस भागने का प्रयास करने लगा जिस तत्काल पुलिस पार्टी द्वारा तत्परता दिखाते हुए उसे मौके पर ही पकड़ लिया गया। पूछताछ में उसने अपना नाम मौ0 राहुल उर्फ मोन्टू पुत्र स्व0 ब्रहमदत्त निवासी गोल भट्टा ढण्डेरा कोतवाली रूडकी जिला हरिद्वार उम्र 36 वर्ष बताया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 06.40 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई। आरोपी ने बरामद स्मैक को डबल फाटक के भोलू फर्फ मोन्टू से लाना स्वीकार किया।' आरोपी के विरुद्ध मु0अ0सं0 458/2025, धारा 8/21 छक्ै ।ब्ज के अंतर्गत कोतवाली रूड़की में अभियोग पंजीकृत विधिक कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। पुलिस टीम में व0उ0नि0 मनोज गैरोला, उ0नि0 धव्जवीर सिह पंवार, कानि0 अनिल चौहान, संदीप कुमार शामिल रहे।

# एसआईआर को लेकर समीक्षा बैठक, जनहित से जुड़े मुद्दों पर चर्चा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** भाजपा जिला कार्यालय रुड़की पर आज एसआईआर विशेष अन्वेषण पुनरीक्षण पर आधारित एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में रुड़की विधानसभा से जुड़े विभिन्न मंडलों के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं संबंधित विभागों के प्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस समीक्षा बैठक का उद्देश्य संगठनात्मक कार्यों में पारदर्शिता, उत्तरदायित्व और जनहित से जुड़े मुद्दों पर गहनता से चर्चा करना था।

भाजपा कार्यालय सभागार में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष डॉ. मधु सिंह ने कहा कि ैप्त यानी विशेष अन्वेषण पुनरीक्षण, संगठन और प्रशासनिक कार्यों की प्रभावी जांच, मूल्यांकन और सुधार की प्रक्रिया है। उन्होंने बताया कि भाजपा हमेशा से जनहित और सुशासन को सर्वोपरि मानती है, और इसी दिशा में यह पुनरीक्षण बैठक अत्यंत महत्वपूर्ण है। डॉ. मधु सिंह ने सभी पदाधिकारियों से अपेक्षा की कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में हुए कार्यों का सत्य, पारदर्शी और तथ्यपूर्ण प्रस्तुतिकरण करें, जिससे आगे की रणनीतियों को और भी मजबूत बनाया जा सके। इसके बाद रुड़की विधायक प्रदीप बत्रा ने ैप्त पर विस्तार से अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि विशेष अन्वेषण पुनरीक्षण केवल एक प्रक्रिया भर नहीं है, बल्कि यह शासन की पारदर्शिता और मजबूत



संगठनात्मक संरचना का आधार है। विधायक प्रदीप बत्रा ने कहा कि जनता द्वारा दिए गए जनादेश का सम्मान करते हुए भाजपा सरकार और संगठन सदैव जवाबदेही को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं को प्रेरित किया कि वे हर स्तर पर जनसमस्याओं को ईमानदारी और संवेदनशीलता से सुनें, साथ ही उनके त्वरित समाधान के लिए प्रयासरत रहें। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि ैप्त जैसी प्रणालियाँ संगठन की विश्वसनीयता और जनसंपर्क को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। बैठक के दौरान मंडल अध्यक्षों और अन्य पदाधिकारियों ने भी अपने सुझाव और अनुभव साझा किए। सभी ने ैप्त प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी व पारदर्शी बनाने के लिए कई रचनात्मक प्रस्ताव प्रस्तुत किए। अंत में, डॉ. मधु सिंह ने सभी कार्यकर्ताओं को धन्यवाद देते हुए कहा कि पार्टी का संगठन तभी मजबूत बनता है जब प्रत्येक कार्यकर्ता अपने दायित्व को ईमानदारी, समर्पण और सकारात्मक सोच के साथ निभाए। बैठक का संचालन जिला महामंत्री सागर गोयल और अक्षय प्रताप सिंह ने किया। बैठक में जिला उपाध्यक्ष और बी एल ए 1 संजीव तोमर, प्रवेश प्रिया, जिला मंत्री सतीश सैनी, प्रतिभा चौहान, जिला कोषाध्यक्ष नितिन गोयल, मीडिया प्रभारी पंकज नंदा, सुशील रावत,कार्यालय प्रभारी कदम सिंह, अंकित गौतम, मंडल अध्यक्ष बृजमोहन सैनी, अवनीश शर्मा, सुमित अग्रवाल, अशोक चौधरी, धीर सिंह, सतबीर सिंह, विवेक चौधरी, अभिषेक चंद्रा ,राजन गोयल, आकाश जैन,वैद टेक वल्लभ, अवनीश त्यागी , सतीश शर्मा,प्रशांत कपिल, सनी नारंग, नवनीत शर्मा, अनुराग त्यागी, अशोक शर्मा , अनुज अत्रे, आदि उपस्थित रहे।

## दुकान पर तोड़फोड़ करने वाले चार के खिलाफ मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** क्षेत्र में नई बस्ती स्थित एक बिजली की दुकान पर कुछ युवकों की और से की गई तोड़फोड़ और दुकान मालिक के बेटे पर हमले के मामले पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पिरान कलियर नई बस्ती निवासी मशकूर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 29 नवंबर को उनका बेटा जीशान दुकान पर मौजूद था। इसी दौरान आसिफ, साहिल, शब्बीर और साजिद नामक युवक दुकान में घुस आए और तोड़फोड़ करते हुए अभद्रता करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने जीशान पर हमला कर उसे घायल कर दिया। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और घायल को अस्पताल पहुंचाया।पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।थानाध्यक्ष रविंद्र कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर चारों आरोपियों के खिलाफ दुकान में घुसकर तोड़फोड़, अभद्रता और मारपीट सहित संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

समिति ने दिवंगत आंदोलनकारी को दी श्रद्धांजलि

## विशेष उद्देश्य के लिए संघर्ष करने वाले हमेशा अमर रहते हैं : काला



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी संघर्ष समिति, अशोक नगर क्षेत्रीय विकास समिति वं रुड़की गढ़वाल सभा रुड़की द्वारा संयुक्त रुप से अशोक नगर क्षेत्रीय विकास समिति के सभागार में दिवंगत हुए राज्य आंदोलनकारियों एवं कालोनियों के दिवंगत जनों को श्रद्धांजलि देने हेतु श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। जिसमें समितियों के केन्द्रीय अध्यक्ष एवं गढ़वाल सभा रुड़की के संरक्षक श्री हर्ष प्रकाश काला ने कहा कि उत्तराखंड राज्य किसी सरकार ने थाली में परोस कर नहीं दिया। उत्तराखंड राज्य के लिए जहां हमारे 42 आन्दोलनकारी शहीद हुए मातृशक्ति को अपमान सहना पड़ा वहीं ऐसे आंदोलनकारी रहे जिन्होंने उत्तराखंड राज्य निर्माण हेतु अपना सबकुछ न्यौछावर कर दिया जिनमें वरिष्ठ राज्य आंदोलनकारी उत्तराखंड के फिल्ड मार्शल उत्तराखंड सरकार में पूर्व कैबिनेट मंत्री श्री दिवाकर भट्ट जी प्रमुख रहे जिन्होंने अपना जीवन ही उत्तराखंड संघर्ष में समर्पित कर दिया।

31अगस्त 1994का वह दिन भी नही भूला जा सकता जब संसद गैराव जाते हुए दिल्ली पुलिस ने स्व दिवाकर भट्ट जी को निशाना बनाकर लाठीचार्ज किया तो वरिष्ठ आन्दोलन कारी श्रीमती कमला उनके ऊपर लेट गई और स्वयं लाठी खाई मेरे द्वारा स्थिति को देखते पर पर हम सभी उस ओर दौडे और पुलिस की लाठीचार्ज से बचाया था। ऐसे योद्धा का होना मुश्किल है। इस अवसर पर बड़ी तादाद मेंआंदोलनकारी संघर्ष समिति के पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद रहे। दिवंगत आत्माओं को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। श्रद्धांजलि सभा का संचालन सह सचिव विजय सिंह पंवार ने किया। श्रद्धांजलि सभा में अनेक लोग मौजूद रहे।

# निगम का अतिक्रमण हटाओ अभियान जारी

### बाजारों से लगातार अवैध अतिक्रमण पर चल रही है निगम की जेसीबी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** नगर निगम रूडकी का अतिक्रमण हटाओ अभियान लगातार जारी है। बाजारों में हर रोज प्रशासनिक टीम के साथ निगम अधिकारी अवैध अतिक्रमण पर जेसीबी चला रहे हैं व दुकानों पर बाहर की तरफ रखा सामान हटाने के लिए दुकानदारों को हिदायत दे रहे हैं कि शहर से अतिक्रमण हटाने व बाजारों में रास्तों को साफ सुथरा बनाने में निगम का सहयोग करें।

वरिष्ठ कर निर्धारण अधिकारी एसपी गुप्ता के नेतृत्व मे शहर से अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया जा रहा है। आज भी निगम टीम व पुलिस प्रशासन के साथ दुकानों के आगे किये गये सडक पर अवैध अतिक्रमण को जेसीबी से तुडवाया गया। वरिष्ठ कर निर्धारण अधिकारी एसपी गुप्ता ने बताया कि पुलिस टीम को साथ लेकर लगतार अतिक्रमण हटवाया जा रहा है। और यह अभियान जनहित में लगातार जारी रहेगा। अधिकारियों ने बताया कि अवैध अतिक्रमण तुडवाये गये। दुकानों के आगे जो भी अवैध अस्थायी कब्जे किये थे उन्हें जेसीबी से हटवाया। वहीं दुकानों के बाहर सडक पर रखे अस्थायी बोर्ड आदि को भी तुडवाया। एसपी गुप्ता ने बताया कि लंबे समय से शहर के मुख्य बाजारों व सडकों पर अतिक्रमण की लगातार शिकायत मिल रही थी। जिस पर अब



नगर निगम प्रशासन के साथ हरकत में आकर लगातार शहर से अवैध अतिक्रमण हटवा रहा है। शहर के अनेक सडकों से जहां अवैध अतिक्रमण पर निगम की जेसीबी चल चुकी है तो अन्य इलाकों में भी लगातार अवैध अतिक्रमण हटवाया जा रहा है। शहर में लगातार जाम की शिकायतों के बाद प्रशासन ने निगम के साथ मिलकर अवैध अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया है। इस अवसर पर निगम टीम व पुलिस प्रशासन मोजूद रहा।

## बार-बार पेराई सत्र शुरू करने के वादे से मुकर रहा है इकबालपुर शुगर मिल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** लक्ष्मी शुगर मिल इकबालपुर महाप्रबंधक द्वारा वर्तमान सत्र में गन्ना पेराई शुरू करने का बार बार वादा करने के बावजूद भी शुगर मिल मे गन्ना पेराई शुरू होने का दूर-दूर तक कोई आसार दिखाई नहीं दे रहे हैं। क्षेत्रीय गन्ना किसान दुसरे शुगर मिलो को अपना गन्ना सप्लाई कर रहे हैं। वर्तमान सत्र में इकबालपुर शुगर मिल में अभी तक गन्ना पेराई का कार्य शुरू नहीं हो पाया है। शुगर मिल महाप्रबंधक अनिल तंवर द्वारा सितंबर माह में दावा किया गया था कि शुगर मिल में गन्ना पेराई कार्य नवंबर के प्रथम सप्ताह में शुरू कर दिया जाएगा। उसके बाद कई बार गन्ना पेराई शुरू करने का वादा किया गया था। 10 दिसंबर को किसी भी कीमत पर गन्ना पेराई कार्य शुरू कर दिया जाएगा महा प्रबंधक अनिल तंवर द्वारा कहा गया था। उन्होंने यह भी दावा किया था कि पिछले वर्ष का किसानों का बकाया गन्ना भुगतान पूरा कर दिया जाएगा। शुगर मिल में काम कर रहे लगभग 300 कर्मचारियों का वेतन जो 14 माह से नहीं दिया गया है उन्हें भी धीरे-धीरे वेतन देने को कहा गया था। शुगर मिल कर्मचारियों द्वारा सितंबर माह में काम बंद कर दिया गया था। काम बंद करने से महा प्रबंधक द्वारा कर्मचारियों के खाते में एक महीने का वेतन भेज दिया गया था ।उसके बाद शीघ्र ही धीरे-धीरे वेतन देने का वादा कर्मचारियों से किया गया था। शुगर मिल कर्मचारियों का कहना है कि बार-बार वादा करने के बाद भी 14 माह से वेतन नहीं दिया गया है। जिससे कर्मचारियों की आर्थिक स्थिति बेहद खराब हो गई है ।इसी प्रकार सन 2023 व सन 2024 सत्र का किसानों का गन्ना बकाया जो लगभग 20 करोड रुपए है नवंबर माह में देने का वादा कर अभी तक भी नहीं दिया गया है। क्षेत्रीय किसान राजपाल सिंह नीटू सिंह जयवीर सुलेमान मलिक बाबूराम नरेश कुमार कुंवर पाल सुरेंद्र आदि का कहना है कि वर्तमान सत्र में वह अपना गन्ना दूसरे शुगर मिल में सप्लाई कर रहे हैं इसके साथ-साथ क्षेत्र में लगे गन्ना कोलहूओ में भी अपना गाना नगद भुगतान पर डाल रहे हैं। इकबालपुर शुगर मिल के नहीं चलने पर उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ रहा है।

## करंट लगने से लाइनमैन झुलसा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लंढौरा।** शुक्रवार को बिजली की लाइन पर काम करते समय एक युवक हाईटेंशन करंट की चपेट में आकर झुलस गया। युवक को रुड़की के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गाधारोणा निवासी 26 वर्षीय योगराज ठेकेदार के अंडर में लंढौरा बिजलीघर पर काम करता है। शुक्रवार को युवक रुड़की लक्सर मार्ग पर पोल पर चढ़कर बिजली का कार्य कर रहा था। बताया गया है कि इसी दौरान हाईटेंशन लाइन का करंट लगने से युवक झुलस कर पोल से नीचे गिर गया। मौके से आनन-फानन में युवक को रुड़की के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। परिजनों बताया कि युवक की हालत अब खतरे से बाहर है।

**संबंध विच्छेद-सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र सहबान का आचरण मेरे व मेरे परिवार के प्रति ठीक ना होने के कारण मैंने सहबान को अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर सम्वन्ध विच्छेद कर लिए है, आज के बाद सहबान के किसी भी कृत्य व लेनदेन की मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नही होगी।

**जमील पुत्र करमुददीन नि. ग्राम सराय थाना जवालापुर, हरिद्वार।**

## क्राइमशील्ड एंड वेलफेयर फाउंडेशन ने लगाया रक्तदान शिविर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** कृष्णा नगर स्थित स्काईवार्ड्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल, में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन क्राइमशील्ड एंड वेलफेयर फाउंडेशन के संस्थापक और निदेशक अंशुल सहगल, अध्यक्ष अनिल तिवारी द्वारा किया गया। शिविर का उद्घाटन विधायक विरेंद्र जाती तथा स्कूल प्रबंधक रफल सिंह द्वारा किया गया। रक्तदान महादान होता है इस बात से प्रेरित होकर विद्यालय के अनेक अध्यापक और अध्यापिकाओं ने रक्तदान किया। प्रथम पुरुष रक्तदाता अध्यापक विशाल जामवाल तथा प्रथम महिला रक्तदाता बबिता आहूजा ने इस महान अभियान का प्रारम्भ किया। कृष्णा नगर, शिवपुरम और आजाद नगर से अनेक नागरिकों और पूर्व छात्रों ने रक्तदान किया। इस अवसर प्रबंधक डॉ विकास तोमर, जे. एस. राठौर एवं प्रधानाचार्या सुचित्रा अग्रवाल उपस्थित थे।

**संबंध विच्छेद-सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र बिलाल का आचरण मेरे व मेरे परिवार के प्रति ठीक ना होने के कारण मैंने बिलाल को अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिए है, आज के बाद उक्त के किसी भी कृत्य व लेनदेन की मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नही होगी।

**सलमा पत्नी स्व० अहसान अली नि. ग्राम खेडी खुर्द थाना लक्सर, हरिद्वार।**

## बिना कागजात के चल रही एंबुलेंस सीज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लंढौरा।** शुक्रवार को पुलिस ने बिना कागजात के लंढौरा की सड़कों पर दौड़ रहे वाहनों को लेकर सघन चौकिंग अभियान चलाकर एक एंबुलेंस को सीज किया है। पुलिस चेकिंग के चलते दिनभर वाहन चालकों में अफरातफरी मची रही।

लंढौरा पुलिस को लंबे समय से सूचना मिल रही थी कि कुछ वाहन कागजात एक्सपायर होने के बाद भी नगर की सड़कों पर दौड़ रहे हैं। शुक्रवार को चौकिंग के दौरान एक एंबुलेंस को पकड़ कर चौकिंग की गई चौकी प्रभारी महिपाल सैनी ने बताया कि एंबुलेंस की आरसी भी एक्सपायर हो चुकी है। चालक किसी भी तरह का कोई कागज नहीं दिखा पाया। फिलहाल एम्बुलेंस को पकड़ सीज कर दिया है। उन्होंने बिना कागजात सड़कों पर दौड़ रहे वाहनों को लेकर आगे भी अभियान चलाने की बात कही।

लादपुर में 25 साल बाद सड़क व नाले की समस्या का समाधान

## प्रशासन व ग्रामीणों के सहयोग से किया जा रहा निर्माण : प्रधान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** लक्सर क्षेत्र के लादपुर कला गांव में दशकों से खराब पड़ी सड़क को बनवाकर, उसके बराबर में प्रशासन की मदद से ग्राम प्रधान द्वारा नाले का निर्माण कराया जा रहा है।पुरानी समस्या: ग्राम प्रधान मोहम्मद शहजाद ने बताया कि गांव में यह रास्ता करीब 25 साल से बहुत खराब था, जिस पर निकलना दुश्वार हो गया था और इस कारण गांव में मेहमानों का आना-जाना भी बंद हो गया था।नाले की आवश्यकता: उन्होंने कहा कि इस रास्ते के बराबर में नाला निर्माण की बहुत आवश्यकता थी, जिससे गंदे पानी की निकासी हो सके और बराबर वाले खेत में जाने वाला पानी रुक सके, जिससे किसानों की फसल बर्बाद हो रही थी।विरोध और धमकी: प्रधान शहजाद ने खुलासा किया कि नाला निर्माण के लिए उन्होंने कई बार ग्रामीणों से मदद मांगी, लेकिन कुछ गलत किस्म के लोगों ने उन्हें सहयोग देने के बजाय गोली मारने तक की धमकी दी और उनके मोबाइल पर वीडियो भी डाले।

**प्रशासन की मदद :** विरोध के चलते प्रधान को प्रशासन की



मदद लेनी पड़ी। मौके पर पुलिस फोर्स की मौजूदगी में नाला निर्माण कार्य शुरू कराया गया है।सफलता और आभार: ग्राम प्रधान ने कहा कि आज प्रशासन की देखरेख और ग्रामीणों के सहयोग से यह नाला निर्माण कराया जा रहा है, जिससे सभी ग्रामीणों को गंदे पानी से निजात मिल सकेगी। उन्होंने इस कार्य में सहयोग देने के लिए प्रशासन और सभी ग्रामीणों का आभार व्यक्त किया।

## नववर्ष के स्वागत के साथ करें आत्ममंथन : अनुज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** वर्ष के अंतिम दिनों में हम शांत भाव से एकांत में आत्मचिंतन और आत्मबोध करें की-हमारे द्वारा पूर्व वर्ष में जो भी कर्म अथवा कार्य किए गये थे वो सही थे या गलत- 'उनका मंथन करे' सही कार्यों की पुर्नावृत्ति करने और उसी प्रकार कार्यों को और अधिक जोश और कर्मठता के साथ करने का प्रण लें। और अगर जाने-अनजाने में कोई कार्य अथवा कर्म गलत हुए हैं तो उक्त कार्यों से सबक लेकर उनकी पुर्नाव्रत्ति ना करने का प्रयास करें।

समस्त कार्यों की समीक्षा करने का प्रयास करें। और देखें कि क्या वो समस्त कार्य व कर्म



सार्थकता से पूर्ण थे। या हमने चाहे अनचाहे किसी को अपने कर्म,वचन और वाणी से कुंठित तो नहीं किया।'क्या हम किसी पाप के भागीदार तो नहीं बने? 'उत्तम कार्यों को अपने जीवन में सामवेश करें।' क्या हमारे द्वारा किए गए किसी भी कार्य या हमारी वाणी से अन्य व्यक्ति

**❖ हमने पिछले वर्ष में जो भी कर्म अथवा कार्य किए थे, वो सही थे या गलत, उनका मंथन करना जरूरी**

प्रफुल्लित हुए और क्या उक्त व्यक्ति को आत्मशांति मिली- 'ये अत्यंत महत्वपूर्ण है की हम जीवन में सकारात्मकता के साथ सार्थकतापूर्ण जीवन जीने की कला को सीखें' जीवन को और अधिक गौरवशाली व स्वयं की प्रतिभावान बनाने के लिए प्रयासरत रहें। 'प्रत्येक नव दिन को हम उत्सव की तरह जियें,'हर पल आनंद की अनुभूति हो,पल-पल सकारात्मक विचारो से मन व हृदय को स्पंदन करें।'छोटी- छोटी खुशियों को बाँटना सीखें,प्रत्येक दिन कुछ नया करने और सीखने का प्रयास करते रहना चाहिए। किसी की मदद करने से पीछे ना हटें। प्रत्येक दिन कोई अच्छा और नेक कार्य करने का प्रयास करें।' ज्ञानी व्यक्तियों का सानिध्य करें। नकारात्मक विचारो का तर्पण कर सकारात्मक विचारो को अपने जीवन में सम्मिलित करें।

**लेखक- डॉ. अनुज शर्मा फिलहाल रुड़की क्षेत्र के एक विश्वविद्यालय में डीन हैं।**

# तकरार बरकरार

काफी समय बाद विपक्ष संसद की कार्यवाही से संतुष्ट होता दिखाई दिया। शुक्रवार को कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने बेहद गदगद अंदाज में कहा कि संसद में वंदे मातरम् और मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण पर हुई चर्चा के दौरान कांग्रेस तथा विपक्षी गठबंधन के सदस्यों ने जिस तरह सत्ता पक्ष की धज्जियां उड़ाई हैं, इसे भाजपा काफी लंबे समय तक याद रखेगी। उन्होंने विशेषकर देश के गृहमंत्री अमित शाह पर निशाना साधा और कहा कि एसआईआर और वंदे मातरम् पर संसद में चर्चा के दौरान अमित शाह मानसिक रूप से बहुत परेशान दिखाई दे रहे थे। इसका कारण भी उन्होंने खुद ही बताया और कहा कि इसकी वजह है कि यह सब सामने आया है कि भाजपा और उसकी सरकार का पूरा तंत्र वोट चोरी में लिप्त है। उनका यह भी कहना है कि जिस तरह अमित शाह ने सदन में असंसदीय भाषा का प्रयोग किया वह भी यही दर्शाता है कि वे सदन में काफी दबाव में थे। उन्होंने तो सीधे शब्दों में ही कह डाला कि सदन में वंदे मातरम् और एसआईआर की डिबेट ने सत्ता पक्ष की धज्जियां उड़ा दी। इसमें कोई दोराय नहीं कि काफी लंबे समय बाद जारी संसद के शीतकालीन सत्र में संसद में कुछ महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा देखने को मिली और इसमें सत्ता पक्ष व विपक्ष के बीच दिलचस्प नोकझोंक देखने को मिली। जैसाकि लोकसभा में पार्टी के नेता गौरव गोगोई ने कहा भी कि उनकी पार्टी और सहयोगी दलों ने एसआईआर और वंदे मातरम् जैसे मुद्दे पर जबरदस्त तरीके से चर्चाओं में भाग लिया और बड़ी शिद्दत के साथ मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी तथा प्रियंका गांधी ने अपनी बात रखी। उन्होंने अपने नेताओं की तारीफ की और कहा कि उनकी आक्रामकता के चलते सत्ता पक्ष सक्ते में था। लोकतंत्र में सदन में चर्चा और बहस का अपना एक महत्व होता है और उसके द्वारा ही सत्ता पक्ष व विपक्ष अपनी बात को जनता के सामने लाते हैं। इस तरह की चर्चाएं होनी ही चाहिएं। इन चर्चाओं ने एक बार फिर यह बता दिया है कि देश अभी भी एकजुट होकर आगे नहीं बढ़ रहा है। विशेषकर एसआईआर को लेकर अभी भी सत्ता पक्ष व विपक्ष के बीच बड़ी खाई बनी हुई है। प. बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी तो और भी आक्रामक अंदाज में दिखाई दे रही हैं। उन्होंने तो यहां तक कह दिया कि उन्होंने अभी तक फार्म फिल नहीं किया है। ऐसा कहते हुए उन्होंने यह खुद ही जोड़ दिया कि क्यों करूं। वह तीन बार केंद्रीय मंत्री रही हैं, सात बार सांसद रही हैं और तीन बार प. बंगाल राज्य की मुख्यमंत्री रही हैं। वह खुद ही चुनाव आयोग से सवाल करती दिखाई देती हैं कि अब क्या उन्हें प्रमाणित करना होगा कि वह देश की नागरिक हैं या नहीं, इससे तो जमीन पर नाक रगड़ना बेहतर है, यह कोई और नहीं प. बंगाल जैसे राज्य की मुख्यमंत्री के बयान हैं। इसलिए उनके बयानों को केवल राजनीति से प्रेरित होकर एकसिरे से खारिज नहीं किया जा सकता। इसलिए चुनाव आयोग को भी सोचना चाहिए कि वह इस तरह काम करे, जिससे नेताओं का भरोसा भी विशेषकर विपक्षी नेताओं का उसे हासिल हो। आखिर चुनाव प्रक्रिया में विश्वास ही तो सबसे बड़ी बात होती है।

## सरकार का पूरा तंत्र वोट चोरी में लिप्त



संसद में वंदे मातरम और मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर हुई चर्चा के दौरान कांग्रेस तथा विपक्षी गठबंधन के सदस्यों ने जिस तरह सत्ता पक्ष की धज्जियां उड़ाई हैं और इससे भारतीय जनता पार्टी तथा उसके नेताओं की जो स्थिति थी, वह देखकर उन्हें बहुत अच्छा लगा है, विपक्षी गठबंधन के सदस्यों ने इन दोनों मुद्दों पर हुई चर्चा के दौरान सत्ता पक्ष की धज्जियां उड़ाई हैं और गृहमंत्री अमित शाह इससे मानसिक रूप से बहुत परेशान थे, इसी की वजह है कि यह सच सामने आया है कि भाजपा और उसकी सरकार का पूरा तंत्र वोट चोरी में लिप्त है और यही कारण है कि श्री शाह ने परेशान होकर सदन में असंसदीय भाषा को प्रयोग किया।

**-राहुल गांधी, नेता विपक्ष, लोकसभा**

# अरावली नहीं बची, तो आप भी नहीं बचेंगे





**पवन सिंह**


अरावली पर्वत श्रंखला दुनिया की प्राचीनतम पर्वत श्रंखला है। इसका विस्तार गुजरात, राजस्थान, हरियाणा व दिल्ली तक है। यह गुजरात में पालनपुर के पास से शुरू होकर राजस्थान और हरियाणा से होते हुए दिल्ली तक जाती है। इसका निर्माण भारतीय और यूरे. शियन प्लेटों के टकराने से हुआ, जब यह प्राकृतिक घटना हुई उस युग को प्रोटेरोजोइक युग कहा जाता है जो लगभग 1.5 अरब साल पहले था जो

एक ओरोजेनी यानी पर्वत निर्माण की प्रक्रिया थी। इस प्राकृतिक घटना के बाद प्राचीन वलित पर्वत जिसे अंग्रेजी में Fold Mountains कहते हैं, बने और अब अपरदन के कारण अवशिष्ट पर्वत यानी कि Residual Mountains कहे जाते हैं। पैलियोप्रोटेरोजोइक युग से संबंधित यह पर्वत श्रंखला करीब 670 मिलियन वर्ष पुरानी मानी जाती है जो हिमालियन रेंज के निर्माण से पूर्व की है। यह पूरी श्रंखला मानव अस्तित्व के लिए किसी वरदान की तरह है जिसे चंद ताकतवर मनुष्यों की लाबी ने सुप्रीम कोर्ट के सहारे नेस्तनाबूद करने का जो खेल खेला है, वह चार राज्यों को पूरी तरह तहस-नहस कर देगा। हालात यहां तक हो जाएंगे कि चारों के चारों राज्य बूंद-बूद पानी को तरसी जाएंगे और खेती तबाह हो जाएगी। अरावली अगर समाप्त हुई तो करोड़ों लोग भी बेमौत मारे जाएंगे। नेचर किसी भी प्रधानमंत्री, किसी भी राष्ट्राध्यक्ष किसी सुप्रीमकोर्ट को नहीं जानती उसे केवल बदला लेना आता है। आप छेड़ेंगे तो वह आपको, आपकी पीढ़ियों समेत नेस्तनाबूद कर देगी। अरावली की सबसे ऊंची चोटी गुरु शिखर है, जो राजस्थान के माउंट आबू क्षेत्र में है। इसकी ऊंचाई 1,722 मीटर (5,650 फीट) है जबकि हरियाणा के नारनौल के पास स्थित ढौसी में इसकी ऊंचाई 3840 फीट है। कहा जाता है कि यहीं च्यवन ऋषि ने स्थानीय जड़ी-बूटियों से च्यवनप्राश का निर्माण किया था। बाबरनामा में इसी पहाड़ी पर शिलाजीत उपलब्ध होने का वर्णन भी मिलता है लेकिन प्राकृतिक संसाधनों के डकैतों ने अरावली रेंज को ही लूटने का आदेश जारी करवा लिया है, क्योंकि उनको पीढ़ियों की लाशों की कीमत पर स्लेट, बहुरंगी संगमरमर, कैल्साइट, लौह अयस्क, तांबा अयस्क चाहिए। दिल्ली के आस-पास की अरावली पहाड़ियों को कंक्रीट के लिए नष्ट किया जा रहा है।

जबकि यह पहाड़ी आज भी दिल्ली रेगिस्तान होने से बचाएं हुए है। जिस दिन यह पर्वत श्रंखला पूरी तरह से हट जाएगी उसी दिन से दिल्ली ही सुप्रीम कोर्ट भी उसका हश्र देखेगा। राजस्थान से उठने वाली गर्म हवाएं नरक का वह तांडव करेंगी की लोग त्राहि-त्राहि कर उठेंगे। विगत कुछ सालों से दिल्ली-एनसीआर में भूकंप के झटके लगातार आ रहे हैं, यह पहाड़ी ही है जो भूकंप की तीव्रता को रोक लेती है। अरावली पर्वतमाला अगर न बची तो दिल्ली-एनसीआर भी नहीं बचेगा। सुप्रीमकोर्ट इस पूरी प्राकृतिक संरचना से अच्छी तरह से वाकिफ है और अपने पूर्व के तमाम फैसलों में वह अरावली के भूगर्भीय व भौगोलिक संवेदनशीलता पर टिप्पणियां कर चुका है। इधर बीते कुछ सालों में जंगल, जमीन और पहाड़ों की ऐसी लूट आरंभ हुई है और संसाधनों को लूट लेने की ऐसी हवस पैदा हुई है जिसे शब्द नहीं दिए जा सकते। अरावली पहाड़ी क्षेत्र गांवों की सामुदायिक भूमि व पंचायती भूमि हजारों हेक्टेयर में है और धीरे-धीरे जब जमीनों की कीमतें बढ़ीं तो धन पशुओं की जमात इधर आई और लोग अरावली के संवेदनशील पारिस्थितिकी तंत्र में फार्म हाउस बनने लगे। फिर तो ताकतवर जमीनखोर लुटेरों की पूरी फौज नादिरशाह के अंदाज में इधर आ गई। देश में सरकारी संस्थानों और वहां कार्यरत अधिकारियों की पैसे की राक्षसी भूख ने इस क्षेत्र की भूमि के स्वरूप को कागजों पर बदलना आरंभ कर दिया।

दूसरी ओर, अरावली के बहुत बहुत बड़े क्षेत्र की मिल्कियत व्यक्तिगत नहीं होने के कारण भू-माफिया ने इस क्षेत्र के भोले-भाले गांव वालों को लालच दिया और खेल शुरू। सामुदायिक भूमि का हिस्सा बड़ी चालाकी से बेचा गया न कि विशेष खसरा और किला नंबर। इसके बाद बनने शुरू हुए बड़े-बड़े फार्म हाऊस जो रंगमहल सरीखे हो गए। वन विभाग और राजस्व विभाग के खेल अब नए नहीं रहे। भ्रष्टाचार की गंगोत्री ऊपर से प्रवाहित हुई तो सिटी टाउन प्लानर, शहरी विकास प्राधिकरणों, नगर निकायों और पुलिस विभाग व न्यायतंत्र को सिंचित करती रही। अगर ईमानदारी से भू-संरक्षण अधिनियम 1900, वन अधिनियम 1927, वन जीव संरक्षण अधिनियम 1972 व वन संरक्षण अधिनियम 1980 को लागू कर दिया जाए तो ये सारे के सारे धनपशु मटियामेट हो जाएंगे लेकिन वर्तमान को देखते हुए यह सोचना रात में सूरज देखने जैसा है। दिनांक, 21 दिसंबर 1992 को तत्कालीन केन्द्र सरकार के पर्यावरण और वन मंत्रालय ने एक स्पष्ट आदेश जारी किया। आदेशानुसार-भू-संरक्षण अधिनियम के तहत समूचे वन क्षेत्र को वन भूमि माना जाएगा। गैर वानिकी गतिविधि नहीं हो सकेगी यहां तक कि निजी भूमि पर भी वन अधिनियम 1980 ही लागू होगा। 7 मई 1992 को भारत सरकार के पर्यावरण मंत्रालय ने गुरुग्राम जिले में पर्यावरण संरक्षण अधिनियम (ईपीए) के तहत एक आदेश जारी किया कि अरावली क्षेत्र में किसी प्रकार का भू-परिवर्तन नहीं हो सकता, लेकिन अरावली का संवेदशील पारिस्थितिकी तंत्र नेताओं, अधिकारियों व भू-माफिया ने मिलकर लूट डाला और अब इस पूरी रेंज को ही खा जाना चाहते हैं। मौजूदा समय में अरावली पहाड़ी क्षेत्र के करीब 15 हजार एकड़ भूमि पर गैर वानिकी कार्य हो चुके हैं और यह दुखद ही नहीं भयावह है। अरावली पर्वत श्रंखलाएं राजस्थान, हरियाणा, गुजरात व दिल्ली के पारिस्थितिकी तंत्र को संभालती रही हैं। वर्षा चक्र, इन क्षेत्रों का तापमान, ग्राउंड वाटर रीचार्ज सिस्टम। सब कुछ यह रेंज तय करती है। ये पहाड़ियां दिल्ली, हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश को रेतीली गर्म धूल, आंधियों, तूफानों और बाढ़ से सदियों तक बचाती रही हैं लेकिन लगातार दोहन ने करोड़ों जीवन खतरे में डाल दिया है। एक रिसर्च के अनुसार अरावली क्षेत्र को खनन माफियाओं ने इतना ज्यादा क्षति पहुंचा दी है कि थार रेगिस्तान की रेत दिल्ली की ओर लगातार बढ़ती जा रही है। इसके अतिरिक्त राजस्थान व हरियाणा तक होने वाले खनन ने जमीन की उर्वरता को लगभग खत्म कर दिया है। इसका परिणाम यह हो रहा है कि हरियाणा व पश्चिमी उत्तर प्रदेश में सूखा व राजस्थान के रेतीले इलाके में बाढ़ के हालात बनने लगे हैं। राजस्थान के तमाम इलाकों में अचानक बाढ़ का हमला इसी का नतीजा है। यहां तक किमानसून का पैटर्न बदल गया है।

वर्ष, 2002 में इस समूचे क्षेत्र के पर्यावरण को बचाने के लिए सुप्रीम कोर्ट ने खनन पर पाबंदी लगा दी, लेकिन पैसे की हवस ने सरकारी तंत्र को खरीद डाला। राजस्थान की हालत यह है कि यहां के 15 जिलों में सबसे ज्यादा अवैध खनन धड़ल्ले से हो रहा है और सरकारी तंत्र खामोश है। वैसे नियमों के अनुसार तो अरावली पर्वत श्रंखला की एक किलोमीटर की परिधि में खनन नहीं हो सकता, लेकिन पैसों की भूख का कमाल देखिए कि वन एवं पर्यावरण मंत्रालय ने ही नियमों में संशोधन कर राजस्थान के कई ऐसे भू-भागों को खनन के लिए शामिल कर लिए हैं, जो इन पहाड़ियों से सटे हैं। लेखा परीक्षक और नियंत्रक की एक रिपोर्ट आई थी उसके अनुसार- राजस्थान के अंदर अरावली पर्वत श्रृंखला में उत्खननों का कोई नियम नहीं रह गया है। धड़ाधड़ खनन के पट्टे जारी हुए, नवीनीकरण और तो और केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय ने भी इसके लिए हां कर दी। परिणाम यह हो रहा है कि एक के बाद एक अरावली पर्वत कुछ ही महीनों में कटकर गायब होती जा रही हैं। अरावली में जबरदस्त तरीके से जारी अवैध खनन ने सरिस्का टाइगर रिजर्व को भी खतरे में डाल दिया है। उधर पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा प्रस्तावित खनन की एक नई परिभाषा ने गंभीर चिंता पैदा कर दी है। सुप्रीम कोर्ट में ड्राफ्ट के अनुसार, अब सिर्फ 100 मीटर से ऊंची पहाड़ियां ही अरावली पहाड़ियां कही जाएंगी। यह ड्राफ्ट 2010 के फॉरेस्ट सर्वे ऑफ इंडिया के उन नियमों को बदल रहा है जिसमें 3 डिग्री ढलान, 115 मीटर ऊंचाई और 100 मीटर बफर जोन को शामिल किया गया था और अक्टूबर, 2024 में FSI के नए सुझाव में 30 मीटर ऊंचाई और 4.57 डिग्री ढलान को मानक बनाकर संरक्षण की बात की गई थी। अब अगर सुप्रीम कोर्ट के ड्राफ्ट को लागू किया गया तो समूचा अरावली खत्म हो जाएगा। इसका सच फॉरेस्ट सर्वे ऑफ इंडिया की एक महत्वपूर्ण रिपोर्ट में दर्ज है। इसके अनुसार- राजस्थान के 15 जिलों में अरावली की 12081 पहाड़ियां जो मात्र 20 मीटर से ऊंची हैं, इनमें से केवल 1048 पहाड़ियां ही यानी कि 8.7 प्रतिशत ही 100 मीटर से ऊंची हैं। अगर नए नियम लागू हुए तो 90 प्रतिशत पहाड़ियां भू-माफिया और उनके पैरोकार कुछ ही सालों में चबा जाएंगे। बकौल रिपोर्ट, 1594 पहाड़ियां 80 मीटर ऊंची हैं, 2656 पहाड़ियां 60 मीटर ऊंची हैं व 5009 पहाड़ियां 40 मीटर ऊंची हैं। जबकि करीब 10 हजार 494 पहाड़ियां 20 मीटर तक की ऊंचाई वाली हैं। अब आप सहज अनुमान लगाइए कि कितने प्रतिशत पहाड़ियां बचेंगी और अगर यह खत्म हुई तो बहुत कुछ प्रकृति खुद ही खत्म कर देगी। वो ड्राफ्ट बनाने वाले, वो ड्राफ्ट पास करने वाले वो खनन करने वाले। सबको नेचर मिट्टी में मिला देगी और आम जनता तो मरने के लिए ही पैदा होती है।



अरावली पर्वतमाला भारत के लिए बेहद महत्वपूर्ण है क्योंकि यह मरुस्थलीकरण को रोकती है, मानसून को नियंत्रित करती है, पानी के स्रोत (लूनी, साबरमती जैसी नदियां) प्रदान करती है, जैव विविधता (तेंदुए, ब्लैकबक, औषधीय पौधे) का घर है, खनिज संसाधनों (तांबा, संगमरमर) का भंडार है और दिल्ली-एनसीआर के लिए एक प्राकृतिक फेफड़े का काम करके प्रदूषण कम करती है, लेकिन खनन और अतिक्रमण से इसे गंभीर खतरा है।

यह थार रेगिस्तान की रेत को आगे बढ़ने से रोकती है, जिससे राजस्थान और गंगा के मैदानों की रक्षा होती है। यह मानसून को आकर्षित करती है, पर्याप्त बारिश सुनिश्चित करती है और भूजल को रिचार्ज करती है। लूनी और साबरमती जैसी कई नदियां यहीं से निकलती हैं, जो शुष्क क्षेत्रों के लिए जीवनदायिनी हैं। यह तेंदुओं, ब्लैकबक, और कई लुप्तप्राय पौधों की प्रजातियों का घर है, जो पारंपरिक चिकित्सा में भी उपयोगी हैं। शहरीकरण और प्रदूषण के बीच, यह हरियाली प्रदान करती है और दिल्ली-एनसीआर के लिए एक प्राकृतिक फिल्टर का काम करती है। इसमें तांबा, रॉक फॉस्फेट, जस्ता, और संगमरमर जैसे मूल्यवान खनिज पाए जाते हैं। यह प्राचीन मानव बस्तियों और पुरातात्विक स्थलों का प्रमाण है, जो भारत के मानव इतिहास को समझने में मदद करता है। अनियोजित शहरीकरण और अतिक्रमण के कारण अरावली को भारी नुकसान हुआ है, जिससे वन्यजीवों के आवास नष्ट हो रहे हैं और पर्यावरण संकट गहरा रहा है।

# सर्दियों में बालों को खुशबूदार बनाने के लिए हेयर परफ्यूम



**शहनाज हुसैन**

कड़ाके की सर्दी ने दस्तक दे दी है, ऐसे में हर महिला को बाल धोने में आलस आता है। कई बार हेयर वाश 5 -6 दिनों तक नहीं हो पता क्योंकि इस बात की ही उलझन रहती हैं कि किस दिन बाल धोने चाहिए। आजकल शादियों और पार्टियों का दौर चल रहा है। ऐसे में अगर शादी या पार्टी का कोई न्यौता आ गया तो बाल धोना मजबूरी हो जाती है लेकिन आधा घण्टा उन्हें सूखने में लग जाता है। हालांकि हेयर वाश बालों की हैल्थ के लिए काफी जरूरी माना जाता है लेकिन अगर आप बालों को धोने से परहेज कर रही हैं और आपको पार्टी में जाना जरूरी है तो हेयर परफ्यूम आपके बालों के लिए बेहतर बिकल्प है। हेयर परफ्यूम बालों को सुगन्धित करने के साथ है फ्रेश लुक देने में भी मदद करता है। हेयर परफ्यूम बालों से आने बाली बदबू को रोकता है और रूखे , फ्रिजी और बेजान बालों पर असरदार साबित होता है, लेकिन असली सवाल है की हेयर परफ्यूम कैसे काम करता है और कितना सुरक्षित है। हेयर परफ्यूम का कोई साइड इफेक्ट नहीं होता है।

इसकी खुशबू आम परफ्यूम से हल्की होती है, इसलिए इसका ज्यादा इस्तेमाल करना मुश्किल होता है। जिस तरह आप बॉडी परफ्यूम का इस्तेमाल करती हैं, ठीक उसी तरह बालों को खुशबूदार बनाने के लिए हेयर परफ्यूम का भी इस्तेमाल कर सकती हैं। यह बालों को अपनी खुश्बू से महकाता है और साथ साथ बालों को मॉइस्चराइज भी करता है जिससे बाल हेल्दी और तरो ताजा नजर आते हैं और बालों की बेहतर लुक



नजर आती है हेयर परफ्यूम बालों को सुन्दर दिखाने के साथ ही लग्जरी टच जोड़ता है और आपको आत्मविश्वास तथा ताजगी महसूस करवाता है। कुछ लोग बॉडी परफ्यूम को ही बालों पर छिड़क देते हैं लेकिन उसमें अल्कोहल होता है जो बालों को और ज्यादा रूखा और बेजान बना देता है। दूसरी ओर हेयर परफ्यूम में अल्कोहल की मात्रा बहुत कम होती है, इसलिए यह आपके बालों के लिए ज्यादा सुरक्षित है। यह आमतौर पर पानी पर आधारित होता है, इसलिए यह आपके बालों को भारी नहीं बनाएगा और न ही उन्हें रूखा या चिपचिपा बनाएगा। हालांकि बड़ी नामी कम्पनियां बाजार में ब्राण्डेड हेयर स्प्रे बेचती हैं लेकिन अगर घर पर हर्बल हेयर स्प्रे बनाया जाए तो बेहतर होगा।

**गुलाब की खुशबू का हेयर परफ्यूम**

इस घर पर बने गुलाब। हेयर परफ्यूम से गुलाबों की रोमांटिक खुशबू का आनंद लें। गुलाब की मनमोहक खुशबू आपके बालों को अद्भुत रूप से ताजा और सुग. ंधित महसूस कराएगी। गुलाब की खुशबु का हेयर परफ्यूम बनाने के लिए 2 चम्मच गुलाब का तेल, 1 चम्मच जोजोबा ऑयल और 5 चम्मच गुलाब जल को एक स्प्रे बोतल में डाल कर मिक्स करें। आपका होममेड गुलाब की खुशबू वाला हेयर परफ्यूम तैयार है। शादी या पार्टी में जाने से पहले इस हेयर परफ्यूम को बालों पर लगाएं। इससे न सिर्फ आपके बालों से अच्छी खुशबू आएगी बल्कि बालों को पोषण भी मिलेगा। हेयर परफ्यूम को आप अन्य तरीकों से भी बना सकती हैं। कांच के एक बर्तन में आधा चमच्च गुलाब जल और एक चमच्च बिच हेजल को अच्छे तरह मिला लें अब इस मिश्रण में पांच बूंदे गुलाब तेल मिला कर बने मिश्रण को स्प्रे बोतल में डाल लें यह हेयर स्प्रे तैयार है और आप इसे शादी या पार्टी में जाने से पहले प्रयोग कर सकती हैं। हेयर परफ्यूम बनाने के लिए 1/4 कप होम मेड गुलाब जल में 1 चम्मच एलोवेरा जेल मिलाएं अगर आप एलोवेरा जेल को थोड़ा ब्लेंड कर लेंगी तो अच्छा होगा। अब इसमें 10 बूंदें लैवेंडर एसेंशियल ऑयल की और 10 बूंदें जैस्मिन एसेंशियल ऑयल की मिलाएं। इसे अच्छे से मिक्स कर लें और फिर स्प्रे बॉटल में स्टोर कर फ्जि में रखें। कांच के कटोरे में आधा कप गुलाब जल , चार बुंदे बेनीला अर्क, 20 बुंदे ग्रेप फ्रूट एसेंशियल आयल और 10 बूंदे जैस्मिन एसेंशियल आयल को एक साथ अच्छे से मिला लें अब इस मिश्रण को स्प्रे बोतल में डाल कर फ्रिज में रख लें और अपनी जरूरत के हिसाब से उपयोग करें।

**हेयर परफ्यूम लगाने के लिए**

सबसे पहले बोतल को अपने बालों से लगभग छह से आठ इंच की दूरी पर रखें। इसके बाद, हल्का स्प्रे करें, ध्यान रहे कि यह बालों के बीचों।बीच और सिरों पर ज्यादा केंद्रित हो। जड़ों की बजाय बालों के बीच की लंबाई और सिरे पर ध्यान दें, ताकि सुगंधित बाल उत्पादों का समान वितरण सुनिश्चित हो सके। यह तरीका खुशबू को समान रूप से फैलाने में मदद करता है। इससे आपके बाल भारी नहीं होंगे और न ही कोई चिपचिपा निशान छोड़ेंगे। बेहतर होगा अगर हेयर परफ्यूम को आप किसी ड्राई प्लेस रखेंगी। हेयर परफ्यूम को आप हफ्ता भर आराम से स्टोर कर सकती हैं वैसे अगर मौसम ठंडा है तो ए और भी ज्यादा चलेगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## संक्षिप्त समाचार

### थाईलैंड के राजा ने चुनाव से पहले संसद भंग की

**बैंकॉक।** थाईलैंड के राजा ने संसद के निचले सदन को भंग करने वाले एक शाही फरमान को मंजूरी दे दी है। रॉयल गजट में शुक्रवार को प्रकाशित एक घोषणा में इसकी पुष्टि की गई, जिससे यहां अगले साल की शुरुआत में आम चुनाव का रास्ता साफ हो गया है। प्रधानमंत्री अनुतिन चर्नविरकुल द्वारा हस्ताक्षरित इस शाही आदेश में उनकी सरकार की स्थिति को 'अल्पमत सरकार' बताते हुए इसे भंग करने का प्राथमिक कारण बताया गया है। इसमें कहा गया है, वर्तमान प्रशासन (जिसने सितम्बर 2025 में पदभार संभाला था) कई दलों के एक गठबंधन से बना था जो प्रतिनिधि सभा में बहुमत हासिल करने में विफल रहा।

### चीन के रडार लॉक की घटना पर चिंता जताई

**टोक्यो।** अमेरिका के युद्ध मंत्री पीट हेगसेथ और जापान के रक्षा मंत्री शिजिरो कोइजुमी ने चीनी सैन्य विमान से जुड़े रडार लॉक की घटना पर गंभीर चिंता जताई। गत 6 दिसम्बर को एक चीनी फाइटर जेट ने दक्षिण-पश्चिमी जापान में ओकिनावा प्रीफेक्चर के पास जापानी एयर सेल्फ-डिफेंस फोर्स के विमान पर अपने रडार को टारगेट किया। जापान के रक्षा मंत्रालय के एक बयान के मुताबिक दोनों रक्षा प्रमुखों ने 6 दिसम्बर की रडार घटना और इलाके में तेजी से गंभीर होती सुरक्षा स्थितियों पर चर्चा की।

### हमास पर मानवता के खिलाफ अपराधों का आरोप

**लंदन।** एमनेस्टी इंटरनेशनल ने कहा है कि हमास और अन्य फलस्तीनी सशस्त्र समूहों ने सात अक्टूबर, 2023 से दक्षिणी इजरायल पर शुरू किए गए अपने हमलों के दौरान मानवता के खिलाफ अपराध, युद्ध अपराध और अंतर्राष्ट्रीय मानवीय कानूनों का उल्लंघन किया है। मानवाधिकार संगठन ने कहा कि उस दिन नागरिकों की बड़े पैमाने पर हत्या विनाश के रूप में मानवता के खिलाफ अपराध के बराबर थी।

### स्पेन में बच्चों का सोशल मीडिया अकाउंट ब्लॉक होगा

**मैड्रिड।** स्पेन सरकार सोशल मीडिया अकाउंट बनाने की न्यूनतम कानूनी उम्र 16 साल करने पर विचार कर रही है। इस कानून के तहत उन्हें माता-पिता की सहमति के बिना अकाउंट खोलने की अनुमति नहीं होगी। इसका मुख्य उद्देश्य बच्चों को ऑनलाइन सुरक्षा प्रदान करना है। यह जानकारी स्पेन के डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन और सिविल सर्विस मंत्रालय ने उपलब्ध कराई। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि सरकार एक ऐसा विधेयक लाने पर विचार कर रही है जो माता-पिता की सहमति के बिना सोशल मीडिया का इस्तेमाल करने के लिए 'डिजिटल एज ऑफ मैजोरिटी' को 14 से बढ़ाकर 16 कर देगा।



**मुंबई। वाई बी चव्हाण सेंटर में एनसीपी 'एसपी' प्रमुख शरद पवार का 85वां जन्मदिन मनाने के लिए एकत्रित हुए पार्टी नेता और कार्यकर्ता।**

## यूरोपीय संघ ने अफगानिस्तान संरा के डब्ल्यूएफपी को दिया योगदान

**मॉस्को।** रोपीय संघ (ईयू) ने अफगानिस्तान में मानवीय जरुरतों को मजबूत करने और खाद्य सुरक्षा को बेहतर बनाने के लिए संयुक्त राष्ट्र विश्व खाद्य कार्यक्रम (डब्ल्यूएफपी) को दो करोड़ 90 लाख 30 हजार रुपये दिए हैं। अफगानिस्तान में ईयू प्रभारी डी' अफेयर्स वेरोनिका बोस्कोविक-पोहर ने यह जानकारी दी है। बोस्कोविक-पोहर ने कहा डब्ल्यूएफपी में यूरोपियन संघ का नया योगदान अफगान लोगों, खासकर महिलाओं, बच्चों और कमजोर स्थानीय समुदाय के प्रति हमारे लगातार समर्पण को दिखाता है। कृषि और

# पाक में सोशल मीडिया पर कसेगा शिकंजा!

## कानून और न्याय राज्य मंत्री बेरिस्टर अकील मलिक ने कंपनियों को दी चेतावनी



**सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स जिसका पाकिस्तान में लगभग 45 लाख उपयोगकर्ता हैं, सरकार के साथ सबसे कम सहयोग कर रहा है: मलिक**

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के कानून और न्याय राज्य मंत्री बरिस्टर अकील मलिक ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म्स को बड़ी चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि अगर सोशल मीडिया प्लेटफार्म्स सरकार के साथ सहयोग नहीं करते हैं, तो उन्हें बैन किया जा सकता है।

बरिस्टर मलिक ने कहा कि सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स जिसका पाकिस्तान में लगभग 45 लाख उपयोगकर्ता हैं, सरकार के साथ सबसे कम सहयोग कर रहा है। उन्होंने कहा कि एक्स को कई बार नोटिस दिए जा चुके हैं और उन्हें पाकिस्तान में कार्यालय खोलने के लिए भी कहा गया, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। मंत्री ने आगे कहा कि पैलेस्टाइन से जुड़े पोस्ट 24 घंटे में हटा दिए जाते हैं, लेकिन यहां हम आतंकवाद से जुड़े मामले की बात कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि जो प्लेटफार्म सहयोग नहीं करेगा, उसके खिलाफ भी ब्राजील जैसी कार्रवाई हो सकती है। बता दें कि ब्राजील में एक्स पर कोर्ट के आदेश का पालन न करने पर 5.2 मिलियन डालर का जुर्माना लगाया गया और 22 मिलियन उपयोगकर्ताओं वाला प्लेटफार्म वहां अस्थायी रूप से बंद किया गया। बरिस्टर मलिक ने यह भी कहा कि इमरान खान के एक्स अकाउंट के मामले में जांच चल रही है। पाकिस्तान की फेडरल इंवेस्टिगेशन एजेंसी (एफआईए) ने इमरान से जेल में उनके 'एंटी-स्टेट' पोस्ट और विदेश नीति पर टिप्पणियों के बारे में सवाल किए हैं। इससे पहले सितम्बर में इस्लामाबाद हाई कोर्ट में याचिका दायर की गई थी। इसमें कहा गया था कि जेल में रहने के दौरान उनके एक्स अकाउंट का संचालन कौन कर रहा है, इसकी जांच राष्ट्रीय साइबर क्राइम इन्वेस्टिगेशन एजेंसी और पाकिस्तान टेलीकाम अथारिटी (पीटीए) को करने का आदेश दिया जाए। कुल मिलाकर मामले में बरिस्टर मलिक ने साफ कहा कि सोशल मीडिया प्लेटफार्म्स आतंकवाद, गलत सूचना और अफवाह फैलाने के लिए इस्तेमाल नहीं होने चाहिए और एक्स इस मामले में सबसे कम सहयोग कर रहा है।

### टैरिफ-एच-1बी वीजा शुल्क से भारत-अमेरिका रिश्तों पर असर

# ट्रम्प के रुख पर अमेरिकी सांसदों ने जताई चिंता

**कहा: भारत-अमेरिका के बीच लंबे समय से चले आ रहे आपसी भरोसे और लोगों के बीच के रिश्तों को झटका दे रहे ये कदम**

**मोदी की पुतिन और शी जिनपिंग के साथ हालिया मुलाकातों से कांग्रेस के कई सदस्यों में बेचैनी देखी जा रही**




**न्यूयॉर्क/वाशिंगटन।** अमेरिका में कई सांसदों ने ट्रम्प प्रशासन की हालिया नीतियों, जैसे एच-1बी वीजा पर एक लाख डॉलर की भारी फीस और भारत से आयात पर 50 प्रतिशत तक टैरिफ, पर गहरी चिंता जताई है। उनका कहना है कि ये कदम न सिर्फ अमेरिकी कंपनियों को नुकसान पहुंचा रहे हैं, बल्कि भारत-अमेरिका के बीच लंबे समय से चले आ रहे आपसी भरोसे और लोगों के बीच के रिश्तों को भी झटका दे रहे हैं।

हाउस फारेन अफेयर्स की एक सबकमेटी में सुनवाई के दौरान अमेरिकी सांसद एमी बेरा ने कहा कि भारत-अमेरिका साझेदारी को वर्षों से दोनों पार्टियों और कई राष्ट्रपतियों ने मजबूत किया है। उन्होंने कहा कि हमारे आर्थिक और रणनीतिक हित एक-दूसरे से जुड़े हैं। इंडो-पैसिफिक में शांति और स्थिरता, दोनों देशों की ही जरूरत है, लेकिन बेरा ने यह भी स्वीकार किया कि एच-1बी वीजा पर एक लाख डॉलर की फीस बढ़ाने का फैसला अमेरिकी कंपनियों को सीधे तौर पर नुकसान पहुंचाएगा। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी की रूस के राष्ट्रपति पुतिन और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ हालिया मुलाकातों से 'कांग्रेस के कई सदस्यों में बेचैनी' देखी जा रही है। भारतीय मूल की अमेरिकी सांसद प्रमिला जयपाल ने भी इन नीतियों पर कड़ा एतराज जताया। उन्होंने कहा कि ट्रम्प प्रशासन के 50 प्रतिशत टैरिफ से भारत की अर्थव्यवस्था को झटका लग रहा है और अमेरिकी उपभोक्ता भी महंगे उत्पाद झेलने को मजबूर हैं। प्रमिला जयपाल, जो खुद कभी छात्र वीजा और एच-1बी पर अमेरिका आई थीं, ने कहा कि कानूनी इमिग्रेशन रास्तों को बंद करना हमारी ऐतिहासिक गलतियों को दोहराने जैसा है। इससे लोगों के बीच के रिश्ते टूटते हैं। उन्होंने बढ़ती 'एंटी-इंडियन हेट' पर भी चिंता जताई और कहा कि भारतीय-अमेरिकी समुदाय अमेरिका की अर्थव्यवस्था और नवाचार का अहम स्तंभ है, स्टार्टअप्स और फार्च्यून 500 कंपनियों में उनकी भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। इस सुनवाई में विशेषज्ञ ध्रुव जयशंकर ने कहा कि 1998 के बाद से भारत-अमेरिका रिश्ते कई दौरों से गुजरे हैं, न्यूक्लियर प्रतिबंधों से लेकर रक्षा, व्यापार, टेक और रणनीति में करीबी साझेदारी तक। लेकिन उन्होंने यह भी कहा कि इन रिश्तों में अब एक प्रकार की राजनीतिक ठहराव की स्थिति दिख रही है। उनके मुताबिक सबसे बड़ी बाधा ट्रेड और टैरिफ विवाद हैं। उन्होंने बताया कि भारत ने हाल के वर्षों में कई व्यापार समझौते किए हैं और अमेरिका के साथ भी समाधान करीब दिख रहा है। ध्रुव जयशंकर ने कहा कि अमेरिका का पाकिस्तान की सेना के साथ नया जुड़ाव भारत में चिंता पैदा कर रहा है। उन्होंने याद दिलाया कि पाकिस्तान का आतंकवादी समूहों का उपयोग करने का लंबा इतिहास रहा है, और इसीलिए अमेरिका की श्डी-हाइफनेशन नीति, दोनों देशों से अलग-अलग संबंध, पहले बेहतर काम करती थी। भारत के प्रति अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की नीतियां रणनीतिक विश्वास और आपसी हितों को वास्तविक और स्थाई नुकसान पहुंचा रही हैं। यदि ट्रम्प ने अपना रुख नहीं बदला, तो वह भारत को खो देने वाले राष्ट्रपति साबित होंगे।

## एआई नियमों पर राष्ट्रपति ट्रम्प सख्त

**राज्यों की अलग नीतियां रोकने के लिए जारी किया नया आदेश**

**वाशिंगटन।** अमेरिका में एआई नियमों को लेकर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अपना सख्त रुख अपनाया है। इसके तहत ट्रम्प ने एक नया कार्यकारी आदेश भी जारी किया। इस आदेश का मकसद है कि अलग-अलग अमेरिकी राज्यों द्वारा अपने- अपने नियम बनाकर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) उद्योग की प्रगति न रोक दी जाए। मामले में ट्रम्प का कहना है कि अगर हर राज्य अपने नियम बनाएगा, तो कंपनियों को 50 जगह से मंजूरी लेनी पड़ेगी, जिससे अमेरिका चीन के खिलाफ एआई की वैश्विक प्रतिस्पर्धा में पीछे रह जाएगा। अपने इस आदेश को लेकर ट्रम्प ने कहा कि एआई पर दुनिया में दौड़ लगी हुई है। ऐसे में चीन में कंपनियों को सिर्फ एक जगह से मंजूरी लेनी पड़ती है। लेकिन अमेरिका में अगर अलग-अलग राज्यों के 50 तरह के नियम हुए, तो उद्योग आगे नहीं बढ़ पाएगा।

# फैज हमीद को मिली सजा, तो बस शुरुआत

**पाक सांसद फैसल वावड़ा का दावा, अभी कई जाएंगे जेल, 9 मई के दंगों से संबंधित आरोपों पर अभी फैसला होना बाकी**

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी इंटर सर्विसेज इंटेलिजेंस के पूर्व प्रमुख फैज हमीद को सेना के कानूनों का उल्लंघन करने के आरोप में एक सैन्य अदालत ने 14 साल जेल की सजा सुनाई है। एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि आईएसआई चीफ फैज हमीद को दी गई सजा महज 'शुरुआत' हो सकती है। रिपोर्ट के मुताबिक यह दो साल पहले सेना विरोधी दंगों में शामिल राजनेताओं और कार्यकर्ताओं के खिलाफ नए मामलों की बाढ़ आने का इशारा माना जा सकता है।

फैज हमीद को गुरुवार को एक सैन्य अदालत ने 14 साल जेल की सजा सुनाई, जिसने उन्हें आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम का उल्लंघन करने और राजनीतिक गतिविधियों में शामिल होने सहित कई आरोपों में दोषी पाया। डान की एक रिपोर्ट के मुताबिक अदालत के बयान में कहा गया है कि राजनीतिक तत्वों के साथ मिलीभगत करके निहित स्वार्थों से प्रेरित राजनीतिक आंदोलन और अस्थिरता फैलाने में दोषी की संलिप्तता और कुछ अन्य मामलों से अलग से निपटा जा रहा है। रिपोर्ट के अनुसार इस भाषा से फैज हमीद और कुछ अज्ञात राजनेताओं को अशांति फैलाने के व्यापक प्रयास से जोड़ने का इशारा मिलता है। इसके अनुसार यह संदर्भ पिछले साल से जारी सैन्य बयानों की श्रृंखला में नवीनतम है, जो शक का संकेत देता है और सरकार विरोधी राजनीतिक तत्वों के साथ उनके कथित सांठगांठ की ओर इशारा करता है। पाकिस्तानी सांसद फैसल वावड़ा ने गुरुवार के फैसले की तारीफ करते हुए कहा कि यह तो सिर्फ शुरुआत है, क्योंकि 9 मई के दंगों से संबंधित आरोपों पर अभी फैसला होना बाकी है। जियो न्यूज से बात करते हुए फैसल ने चीफ ऑफ डिफेंस फोर्सेज फील्ड मार्शल आसिम मुनीर को अपने संस्थान से गंदगी हटाने के लिए धन्यवाद दिया। इमरान खान के नेतृत्व वाली पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के सत्ता में रहने के दौरान हमीद ने तत्कालीन प्रधानमंत्री के करीबी लोगों में जल्दी ही अपनी जगह बना ली थी।

## टीपीपी के आतंकवादियों ने पुलिस चौकी पर किया हमला

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में गुरुवार रात को तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के आतंकवादियों ने एक पुलिस चौकी पर हमला कर दिया। इस हमले में कम से कम पांच पुलिसकर्मी घायल हो गए।

हमलावरों और पुलिस के बीच तीन घंटे तक गोलीबारी जारी रही। आतंकवादियों ने बन्नू जिले के हावैद पुलिस क्षेत्राधिकार में स्थित शेख लैंडक पुलिस चौकी को निशाना बनाया। पुलिस के बयान के अनुसार कई आतंकवादी मारे गए और कई घायल हुए। प्रवक्ता द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है कि फितना अल ख्वारिज के आतंकवादियों ने गुरुवार देर रात चौकी पर हमला किया। फितना अल ख्वारिज वह शब्द है जिसका इस्तेमाल सरकार प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) से जुड़े आतंकवादियों के लिए करती है। बयान में कहा गया है कि पुलिसकर्मियों ने साहस और बहादुरी का परिचय दिया और समय रहते कार्रवाई करते हुए हमले को विफल करने में सफलता प्राप्त की। गोलीबारी के दौरान पांच पुलिसकर्मियों को मामूली चोटें आई और उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। बयान में कहा गया है कि बन्नू के उप महानिरीक्षक (डीआईजी) सज्जाद खान के निर्देश पर अतिरिक्त कर्मी घटनास्थल पर पहुंचे और इलाके को घेर लिया।

# ऑस्ट्रेलिया-पैराडाइवर प्लेन के विंग में फंसा

## विमान 15000 फीट की ऊंचाई पर था, रिजर्व पैराशूट को काटा

**सिडनी।** आस्ट्रेलिया क्वींसलैंड में 15000 फीट की ऊंचाई पर स्काईडाइवर का इमरजेंसी (रिजर्व) पैराशूट अचानक खुलकर प्लेन के पिछले विंग में फंस गया। यह घटना स्काईडाइवर के प्लेन से कूदने से ठीक पहले हुई। आस्ट्रेलिया की ट्रांसपोर्ट सेफ्टी एजेंसी ने एक वीडियो जारी किया है, जिसमें स्काईडाइवर काफी देर तक हवा में लटका नजर आ रहा है।

इसके बाद वह पैराशूट की सभी 11 रस्तियां काटकर खुद को आजाद कराता है। इसके बाद स्काईड्राइवर मेन पैराशूट खोलकर लैंडिंग करता है। यह 20 सितम्बर की घटना है, जिसका वीडियो अब जारी हुआ है। ट्रांसपोर्ट सेफ्टी एजेंसी की रिपोर्ट में इस स्काइडाइवर को 'पी-1' कहा गया है। उन्होंने अपने पास रखे एक खास टूल, हुक नाइफ, की मदद से खुद को मुश्किल से छुड़ाया और हल्की चोटों के साथ नीचे उतरने में कामयाब रहे। 'मिड वेज एट द बीच' कार्यक्रम के दौरान स्टंट में 16 स्काई डाइवरों को 15000 फीट (4600 मीटर) की ऊंचाई से छलांग लगानी थी और फिर अपने पैराशूट खोलकर एक-दूसरे का हाथ पकड़कर एक चेन बनानी थी पूरे कार्यक्रम को एक पैराशूटिंग कैमरा आपरेटर शूट कर रहा था। लेकिन जैसे ही पहला स्काई डाइवर विमान से बाहर निकला, कुछ ही सेकंड में पूरी योजना गड़बड़ा गई। रिपोर्ट के अनुसार, स्काइडाइवर लगभग 15000 फीट कीऊंचाई पर क्वींसलैंड के ऊपर था। प्लेन में कुल 17 स्काइडाइवर थे। जैसे ही वह कूदने के लिए आगे बढ़ा, उसके रिजर्व पैराशूट का हैंडल विमान के विंग फ्लैप में फंस गया और घूम गया। पैराशूट तुरंत खुल गया और हवा लगते ही वह पीछे की ओर तेजी से खिंच गया। इससे पास बैठे एक स्काइडाइवर का संतुलन बिगड़ा और वह हवा में गिर गया। नारंगी रंग का पैराशूट विमान की पूंछ में लिपट गया और पी1 नीचे की ओर लटक गया। इस दौरान पायलट को अचानक महसूस हुआ कि विमान ऊपर उठ रहा है और उसकी रफ्तार कम हो गई है। तब पायलट ने मेडे काल किया और खुद कूदने की तैयारी करने लगा। हालांकि जब उसे बताया गया कि एक स्काइडाइवर विंग में फंस गया है, तो उसने इंजन की पावर घटा दी।



**मेन पैराशूट खोलकर जमीन पर उतरा**

## रूस ने सेवरस्क शहर पर कब्जा करने का किया दावा

**मास्को।** रूस ने यूक्रेन के सेवरस्क पर पूरी तरह से नियंत्रण स्थापित करने का दावा किया है, लेकिन यूक्रेन उसके दावे को खारिज किया है। गौरतलब है कि महीनों की जबरदस्त लड़ाई के बाद बुरी तरह तबाह हुआ यह शहर दोनों सेनाओं के लिए एक सामरिक मुद्दा बना हुआ है। रूस की न्यूज एजेंसी स्पूतनिक की रिपोर्ट के मुताबिक जनरल स्टाफ चीफ वालेरी गेरासिमोव ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को बताया कि सेना ने सेवरस्क पर कब्जा कर लिया है। यह शहर रूस की लुहान्स्क और डोनेट्स्क पीपुल्स रिपब्लिक के बॉर्डर वाले इलाकों पर पूरी तरह से नियंत्रण पाने की कोशिशों के लिए बहुत जरूरी माना जाता है।







## सोमालिया में विशेष सुरक्षा बलों की कार्रवाई में 30 नागरिक मारे गए

**मोगादिशु।** सोमालिया की राजधानी मोगादिशु से 40 किलोमीटर (24.8 मील) दूर अफगोए शहर के पास सोमाली विशेष बलों के एक अभियान के दौरान 30 से जयादा आम लोग मारे गए और 100 से जयादा घायल हुए हैं। सोमालिया के गारोवे अखबार ने गुरुवार को अपनी रिपोर्ट में बताया कि विशेष बलों ने मंगलवार शाम को आतंकवादियों को लक्षित करके एक अभियान चलाया था। लेकिन स्थानीय लोगों ने कहा कि इलाके में कोई आतंकवादी नहीं था। रिपोर्ट में कहा गया कि सुरक्षा बलों के अभियान में कुछ इमारतें तबाह हो गई और सैकड़ों लोगों को अपने घर छोड़ने पड़े।

# व्हाइट हाउस ने ट्रम्प की बीमारी की अफवाह की खारिज

## कहा: हैंडशेक करने से निशान बने, ट्रम्प बोले: मेरे जैसा मेहनती राष्ट्रपति कोई नहीं

**डोनाल्ड ट्रम्प को फीफा शांति पुरस्कार से सम्मानित किया गया, इस दौरान उनके हाथ पर बैंडेज दिखा था**

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को गंभीर बीमारी होने की अफवाह फिर से तेज हो गई हैं। दरअसल, पिछले कुछ दिनों से बार-बार ट्रम्प के दाहिने हाथ पर बैंडेज और नीले-लाल निशान दिखाई दिए।

कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया कि ट्रम्प किसी बीमारी से जूझ रहे हैं या तो उन्हें हाथ में कोई इंजेक्शन लग रहा है। व्हाइट हाउस की प्रेस सेक्रेटरी कैरोलाइन लेविट ने गुरुवार को प्रेस कान्फ्रेंस में इन सभी अफवाहों को खारिज कर दिया। उन्होंने बताया कि ये निशान सिर्फ ज्यादा हैंडशेक करने की वजह से हैं। ट्रम्प हर दिन सैकड़ों-हजारों लोगों से हाथ मिलाते हैं, जिससे ऐसे निशान बन जाते हैं। इसके अलावा बढ़ती उम्र के कारण त्वचा पतली हो जाती है, जिससे मामूली दबाव या रगड़ से भी आसानी से नीला निशान पड़ जाता है।

वहीं ट्रम्प ने अफवाहों को लेकर कहा कि वो पूरी तरह से परफेक्ट हैं। ये निशान ज्यादा काम करने और मेहनत करने के कारण बने हैं। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को फीफा शांति पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस दौरान उनके हाथ पर बैंडेज दिखा था। यह पहली बार नहीं हुआ है। इसी साल 2025 के शुरुआती महीनों में भी (फरवरी-मार्च के आसपास) ट्रम्प के दाहिने हाथ पर बड़ा सा नीला-बैंगनी निशान दिखाई दिया था। उस समय भी फोटो वायरल हो गई थीं। तब भी व्हाइट हाउस ने यही स्पष्टीकरण दिया था कि राष्ट्रपति का रोज का रूटीन इतना व्यस्त होता है कि लगातार हैंडशेक करने से ऐसा हो जाता है। उस समय ट्रम्प ने खुद ट्रुथ सोशल पर लिखा था कि मैं बिल्कुल ठीक हूं, ये लोग बस मेरी उम्र और सेहत को लेकर झूठ फैला रहे हैं। इस बार भी ट्रम्प ने बुधवार रात को लंबा पोस्ट लिखकर सभी अफवाहों का जवाब दिया। उन्होंने कहा कि वे शारीरिक और मानसिक दोनों रूप से परफेक्ट स्थिति में हैं। उन्होंने कहा कि उनसे ज्यादा मेहनत करने वाला कोई राष्ट्रपति आज तक नहीं हुआ, और जो मीडिया उनके स्वास्थ्य पर सवाल उठा रहा है, वो फेक न्यूज फैला रहा है। ट्रम्प ने इसे डिशन (राजद्रोह) कहा। ट्रम्प ने आगे कहा कि मैं वाल्टर रीड नेशनल मिलिट्री मेडिकल सेंटर में डाक्टरों की देखरेख में लंबे, गहन और बेहद थकाने वाले टेस्ट करवाता हूं। मैं ये परीक्षण इसलिए करता हूँ क्योंकि यह हमारे देश के प्रति मेरा कर्तव्य है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा था कि उन्होंने एमआरआई जांच में 100 प्रतिशत स्कोर किया है।